* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

04 अप्रैल, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 164

**एनसीइआरटी ने सिलेबस से मुगल साम्राज्य का चैप्टर हटाया:** कांग्रेस, कम्युनिस्ट और भारतीय जनसंघ से जुड़े अध्याय भी हटाये, इसी सेशन से लागू









# पुलिस की बड़ी कामयाबी, चतरा में पांच माओवादियों को मार गिराया



- लावालौंग के जंगल में हुई मुठभेड़, दो एके 47 और दो इंसास बरामद
- पांच से 25 लाख तक के इनामी नक्सली मृतकों में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** झारखंड पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान में हाल के दिनों में सबसे बड़ी कामयाबी सोमवार को हासिल की, जब उसने चतरा के लावालौंग इलाके में हुई मुठभेड़ में पांच माओवादियों को मार गिराया। मारे गये माओवादियों में पांच से 25 लाख तक के इनामी शामिल हैं। उनके पास से दो एके 47 और दो इंसास राइफल समेत कई हथियार बरामद किये गये हैं। यह जानकारी चतरा के एसपी राकेश रंजन ने दी।

मारे गये नक्सलियों की पहचान गौतम पासवान, चार्लीस उरांव, नंदू, अमर गंझू और संजीत उर्फ सुजीत गुड़िया के रूप में की गयी है। इनमें गौतम और चार्लीस माओवादियों की स्पेशल एरिया कमेटी (सैक) के सदस्य थे। उन पर 25-25 लाख रुपये का इनाम था। नंदू, अमर गंझू और संजीत सब जोनल कमांडर थे और उन पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था।

जानकारी के अनुसार चतरा-पलामू सीमा पर स्थित लावालौंग के ग्रहे जंगल में चतरा और पलामू जिला पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन, जैप और आइआरबी की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान में निकली थी। जवानों की टीम जब लावालौंग थाना क्षेत्र में गश्त पर थी, उसे नक्सली मूवमेंट की जानकारी मिली। इस पर सुरक्षा बलों ने मोर्चाबंदी कर माओवादियों को घेर लिया। दोनों तरफ से फायरिंग शुरू हो गयी। करीब दो घंटे की फायरिंग के बाद नक्सली दस्ता जंगल का लाभ उठा कर भाग निकला। इसके बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में कांबिंग ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान मुठभेड़ स्थल से पांच शव बरामद किये गये। इसके अलावा वहां से दो एके 47, दो इंसास राइफल और दो देशी राइफल बरामद किये गये। कुछ नक्सली सामान भी सुरक्षा बलों के हाथ लगे। इनमें गोलियां और दैनिक उपयोग के सामान शामिल हैं। मुठभेड़ स्थल पर बने कैंप को भी सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया।

(संबंधित खबर पेज 2 पर)

## पलामू के छतरपुर में भी मुठभेड़, भागे नक्सली

लावालौंग में हुई मुठभेड़ के कुछ ही घंटे बाद पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के हुलसम जंगल में सुरक्षा बलों और टीएसपीसी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली अपने दैनिक उपयोग के सामान छोड़कर भाग गये। एसपी चंदन कुमार सिन्हा के अनुसार यह मुठभेड़ टीएसपीसी के कमांडर शशिकांत और रंजन के दस्ते के साथ हुई। इस मुठभेड़ का नेतृत्व एसपी ने किया। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों नावा बाजार थाना क्षेत्र के कंडा में एक ईंट भट्टे पर पांच ट्रैक्टरों में आग लगा देने की घटना के बाद पुलिस नक्सलियों की टोह में जुटी हुई थी। इसी बीच जैसे ही पुलिस टीम हुलसम इलाके में पहुंची कि नक्सलियों की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गयी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और उन्हें खदेड़ दिया। बाद में मौके पर सर्च अभियान चलाया गया। इस क्रम में कई खोखे के अलावा दैनिक उपयोग के सामान बरामद किये गये।

### सीएम जमशेदपुर में टिन प्लेट के विस्तार परियोजना समारोह में हुए शामिल

# झारखंड में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा : हेमंत



- टीसीआइएल के साथ-साथ उद्योग जगत के लिए महत्वपूर्ण कदम
- विस्तारीकरण के पहले चरण में 2000 करोड़ रुपये का निवेश होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरकार की सोच हमेशा से रही है कि राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा। इसके लिए नीतियां बनें, ताकि अधिक से अधिक उद्योग लगें। सरकार बनने के बाद उद्योग नीति बनी। इस क्रम में कई औद्योगिक घरानों का सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआइएल) के विस्तारीकरण के लिए आधारशिला रखी गयी है। मुझे उम्मीद है कि यह कार्य ससमय पूरा होगा, जिससे यहां के लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री सोमवार को जमशेदपुर में टीसीआइएल के विस्तारीकरण योजना समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

### उद्योग नीति का नतीजा है विस्तारीकरण:

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह के लोग उद्योग नीति की लॉन्चिंग के दौरान उपस्थित थे। इसका बेहतर परिणाम देखने को मिला है। उद्योग नीति का ही प्रतिफल है कि आज टीसीआइएल के विस्तारीकरण के लिए भूमि पूजन किया गया। इससे पूर्व भी बोकारो में सीमेंट फैक्ट्री का विस्तारीकरण हुआ था और वहां से उत्पादन भी शुरू हो चुका है।

### टाटा समूह का योगदान सराहनीय:

हेमंत सोरेन ने कहा कि इस देश और राज्य के विकास में टाटा समूह की बड़ी भूमिका रही है। सरकार का प्रयास है औद्योगिक घरानों से संबंध और मजबूत हो। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। टाटा कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जल्द यह राज्य की जनता को समर्पित होगा। पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने के लिए कई कदम सरकार मजबूती के साथ बढ़ायी है। झारखंड का पर्यटन कैसे आगे बढ़े, इसके लिए भी कई कार्य किये जा रहे हैं।

### ये लोग थे उपस्थित:

इस अवसर पर मंत्री चंपाई सोरेन और बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सबिता महतो, मंगल कालिंदी और संजीव सरदार के अलावा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त जमशेदपुर विजया जाधव, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर-सह-मुख्य कार्य पदाधिकारी टी वी नरेंद्रन,चीफ कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी, एमडी टीसीआइएल आरएन मूर्ति और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सीबीआइ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# कोई भी भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए

- प्रधानमंत्री ने दी सलाह- जिन पर एक्शन ले रहे, वे बेहद ताकतवर हैं, पर काम से फोकस न हटने दें




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीबीआइ से कहा है कि आपको कहीं पर भी रुकने की जरूरत नहीं है। मैं जानता हूं, आप जिनके खिलाफ एक्शन ले रहे हैं, वे बेहद ताकतवर लोग हैं। बरसों तक वे सरकार और सिस्टम का हिस्सा रहे हैं। आज भी वे कई जगह किसी राज्य में सत्ता का हिस्सा हैं, लेकिन आपको अपने काम पर फोकस रखना है। कोई भी भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए। प्रधानमंत्री सोमवार को विज्ञान भवन में सीबीआइ की स्थापना के 60 साल पूरे होने के डायमंड हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में पोस्टल स्टांप और डायमंड जुबली मार्क वाला सिक्का लांच किया। इसके साथ ही शिलांग, पुणे और नागपुर में सीबीआइ के ब्रांच ऑफिस की नयी बिल्डिंग का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने सीबीआइ के बेस्ट इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर्स और प्रेसिडेंट पुलिस मेडल के लिए चुने गये अधिकारियों को सम्मानित किया।

### छह दशक में दायरा बहुत बड़ा हुआ:

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की प्रीमियम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के रूप में सीबीआइ ने 60 वर्ष का सफर पूरा किया है। इन छह दशक में सीबीआइ ने बहुआयामी और बहुअनुशासनात्मक जांच एजेंसी के तौर पर अपनी पहचान बनायी है। आज सीबीआइ का दायरा बहुत बड़ा हो चुका है। महानगर से लेकर जंगल तक सीबीआइ को दौड़ना पड़ रहा है।

### सीबीआइ यानी न्याय का ब्रांड:

प्रधानमंत्री ने कहा कि सीबीआइ ने अपने काम से लोगों के मन में विश्वास जगाया है। लोग आंदोलन करते हैं कि केस बाकी एजेंसियों से लेकर सीबीआइ को दे दो। यहां तक कि पंचायत स्तर पर भी कोई मामला आता है, तो लोग कहते हैं कि इसे सीबीआइ को दे देना चाहिए। न्याय के, इंसाफ के एक ब्रांड के रूप में सीबीआइ का नाम हर जुबान पर है।

### भ्रष्टाचार सामान्य अपराध नहीं:

नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुख्य रूप से सीबीआइ की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने की है। भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं होता। भ्रष्टाचार, गरीब से उसका हक छीनता है, अनेक अपराधों को जन्म देता है। भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है। जहां भ्रष्टाचार होता है, वहां युवाओं को उचित अवसर नहीं मिलते। वहां सिर्फ एक विशेष इकोसिस्टम ही फलता-फूलता है। भ्रष्टाचार प्रतिभा का सबसे बड़ा दुश्मन होता है और यहीं से भाई-भतीजावाद, परिवारवाद को बल मिलता है।

### फोन पर करोड़ों रुपये का लोन मिलता था:

प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार ने हमारी अर्थव्यवस्था के आधार यानी हमारे बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया था। हमने 2014 से पहले बैंकिंग वाला दौर भी देखा है, जब दिल्ली में प्रभावशाली राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों के फोन पर हजारों करोड़ रुपये के लोन मिला करते थे।

# मानहानि केस में राहुल को सूरत सेशन कोर्ट से जमानत



**सूरत (आजाद सिपाही)।** आपराधिक मानहानि केस में सूरत के सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को सोमवार को 15 हजार के मुचलके पर 13 अप्रैल तक के लिए जमानत दे दी। निचली अदालत से उन्हें दो साल जेल की सजा सुनायी है। राहुल ने इस पर रोक और इस मामले में जमानत के लिए सोमवार को सेशन कोर्ट में याचिका लगायी। इसके साथ ही सजा रद्द करने की अपील पर सुनवाई 3 मई को होगी। गौरलतब है कि 23 मार्च को मानहानि केस में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनायी गयी थी। सजा का एलान होने के कुछ देर बाद ही उन्हें 30 दिन की जमानत दे दी गयी थी। सजा सुनाये जाने के अगले ही दिन लोकसभा से उनकी सदस्यता रद्द कर दी गयी थी।






### विरोध : बिहार और बंगाल में हिंसक झड़प जारी, तनाव बरकरार

# नालंदा में 4 अप्रैल तक स्कूल-कॉलेज और इंटरनेट बंद

- बंगाल के हुगली में तनाव बरकरार, धारा 144 लागू, 12 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना/कोलकाता।** रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसक झड़प की आग बिहार और बंगाल में अभी तक नहीं बुझी है। दोनों प्रदेशों में रह-रह कर हिंसक झड़प जारी है। सोमवार सुबह बिहार के सासाराम में एक घर पर बम फेंका गया। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सासाराम शहर में फिलहाल इंटरनेट बंद है। 12वीं तक के स्कूलों को भी बंद रखने के आदेश दिये गये हैं। नालंदा में भी हिंसा के बाद 4 अप्रैल तक इंटरनेट बंद रहेगा। बिहारशरीफ शहर में स्कूल-कॉलेज भी 4 अप्रैल तक बंद रखने के आदेश हैं। बिहार के पांच जिले रोहतास, नालंदा, भागलपुर, गया और मुंगेर में रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर हिंसक झड़प हुई है। इस घटना के बाद पुलिस फोर्स तैनात की गयी है। उधर, बिहारशरीफ में सोमवार को फॉरेंसिक की टीम पहुंची। घटनास्थल का जायजा लेने के साथ ही इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि आगजनी करने में किस चीज का प्रयोग किया गया है। वहीं रविवार की देर शाम बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी बिहारशरीफ पहुंचे। घटनास्थल पहुंच कर अधिकारियों के साथ घटना की जानकारी ली।

उधर, पश्चिम बंगाल में रामनवमी से शुरू हुआ बवाल अब भी जारी है। 30 और 31 मार्च को हावड़ा और अन्य इलाकों में हिंसा के बाद रविवार को हुगली के रिशड़ा इलाके में शोभायात्रा के दौरान दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गयी। वहां अभी तक तनाव है।

## साहिबगंज में बजरंग बली की मूर्ति तोड़े जाने पर तनाव, इंटरनेट सेवा ठप

साहिबगंज। साहिबगंज नगर थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास स्थित बजरंग बली की प्रतिमा को सोमवार को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने एनएच-80 को तीन घंटे तक जाम कर दिया। शहर में जम कर पथराव किया गया। एक धार्मिक स्थल को भी आग के हवाले कर दिया गया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। उपायुक्त के निर्देश पर दिन में करीब सवा एक बजे से लेकर मंगलवार सुबह नौ बजे तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। बजरंग बली की मूर्ति के क्षतिग्रस्त किये जाने की घटना की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। देखते ही देखते पूरे इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन लोग नहीं माने। हालात ज्यादा बिगड़ते देख जिला और पुलिस-प्रशासन को सड़क पर उतरना पड़ा। साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने फ्लैग मार्च किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel
सर्राफा
सोना (बिक्री) 56800 रु./10 ग्राम
चांदी 76000 रु./प्रति किलो
आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 04 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


# कितनी बदल गयी झारखंड की रामनवमी

## ■ साल-दर-साल बदलता गया इस महापर्व के जुलूस का स्वरूप

## ■ झंडे की संख्या नहीं, मंच की भव्यता से बड़े-छोटे का कराया जा रहा अहसास

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड के प्रमुख त्योहार में से एक रामनवमी समाप्त हो गयी। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें, तो राज्य में रामनवमी शांतिपूर्ण रही। राजधानी रांची में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में रामनवमी का जुलूस निकला। रामनवमी जुलूस की परंपरा रांची में 93 साल पुरानी है। इस परंपरा को आज भी निभाया जा रहा है। अखाड़ों से जुलूस निकलते हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ सड़कों पर जुटती है। झंडा लेकर अखाड़े के कार्यकर्ता चलते हैं। लोग अपनी भागीदारी देते हैं। झांकियां लोगों को आकर्षित करती हैं। एक महीने पहले से इसके लिए तैयारी शुरू हो जाती है। समय के साथ-साथ साल दर साल झारखंड में रामनवमी के जुलूस का स्वरूप भी बदलता चला गया है। पहले अखाड़ों के झंडों की संख्या से बड़े, समाज के बीच उसकी पैठ और अच्छे का एहसास होता था, वहीं अब मंच का आकार और पुरस्कार अखाड़े की भव्यता को दिखाते हैं। पहले नेतागण भी झंडा ढोते थे, पारंपरिक हथियारों से करतब दिखाते थे और लंबी दूरी तक कार्यकर्ताओं के साथ सड़कों को नापते थे। लेकिन अब मंच ही नेताओं का आसन बन गया है। वे मंच से कुछ देर के लिए उतरते हैं, भीड़ में शामिल होते हैं, फोटो खिंचवाते हैं और फिर वापस मंच पर बैठ जाते हैं। पहले रामनवमी में घंटों समय देनेवाले नेता अब कुछ पल ही इसमें शामिल होते हैं और फिर निकल लेते हैं। यह बदलाव दूसरी और तीसरी पीढ़ी के नेताओं के सक्रिय होने के कारण हुआ है, जिसके कारण धीरे-धीरे रामनवमी के प्रति सामान्य उत्साह में भी कमी दिखने लगी है। झारखंड में रामनवमी के बदलते स्वरूप पर प्रस्तुत है आजाद सिपाही के वरीय संवाददाता सुनील सिंह का विशेष आलेख।**

मान्यताओं के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन ही सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु ने पृथ्वी लोक पर श्रीराम के रूप में जन्म लिया था। भगवान विष्णु अयोध्या के राजा दशरथ के घर जन्म लेकर अपने सातवें अवतार में प्राणी मात्र के सामने प्रकट हुए थे। श्रीराम ने देश के महान राजा दशरथ और कौशल्या के सबसे बड़े बेटे के रूप में जन्म लिया था। संसार को मर्यादा, सादगी, अच्छाई, धैर्य और अच्छे व्यवहार का पाठ पढ़ानेवाले श्रीराम का जन्मदिन ही रामनवमी है। लोग रामलला के जन्म की पावन बेला को ही रामनवमी के त्योहार के रूप में मनाते हैं। झारखंड में रामनवमी की परंपरा कोई नयी नहीं है। रामनवमी का जुलूस और झांकी भी कम से कम राजधानी रांची के लिए नयी बात नहीं है। इतिहास के पन्नों को पलटें तो रांची की रामनवमी 93 साल पुरानी है। परंपरागत तरीके से रामनवमी मनाने का रिवाज आज भी चला आ रहा है। लोगों की आस्था दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हालांकि इसमें समय के साथ-साथ बदलाव आया है। जनसंख्या बढ़ने के साथ लोगों की सहभागिता भी बढ़ रही है, लेकिन उत्साह कम होता दिखने लगा है। आयोजन का स्वरूप भी बदल गया है। अखाड़ों की संख्या बढ़ गयी है, लेकिन उनमें झंडों की संख्या कम हो गयी है। सजावट, जुलूस और झांकी का रूप बदला है। इसमें स्थानीय कलाकारों की जगह भाड़े के पेशेवर कलाकारों ने ले ली है। इसके बाद भी मुख्य अखाड़ों से झंडों का निकलना आज भी जारी है।

### रांची में 1929 में निकला था पहला जुलूस

रामनवमी का इतिहास गौरवशाली और रोचक रहा है। रांची में पहली बार रामनवमी के अवसर पर 1929 में एक छोटा सा जुलूस निकला था। इस जुलूस में केवल दो महावीरी झंडे थे। इस शोभायात्रा को संभव बनानेवाले व्यक्तियों में कृष्णलाल साहू, रामपदारथ वर्मा, राम बड़ाइक राम, नन्हकू राम, जगदीश नारायण शर्मा, लक्ष्मण राम मोची, जगन्नाथ साहू, गुलाब नारायण तिवारी आदि प्रमुख थे।

### हजारीबाग को देख कर रांची में हुई शुरुआत

रांची में रामनवमी की पहली शोभायात्रा 17 अप्रैल, 1929 को निकली थी। यहां रामनवमी की शुरुआत हजारीबाग के रामनवमी जुलूस को देख कर की गयी थी। हजारीबाग में रामनवमी जुलूस गुरु सहाय ठाकुर ने 1925 में वहां के कुम्हार टोली से प्रारंभ की थी। राची के श्रीकृष्ण लाल साहू की शादी हजारीबाग में हुई थी। वर्ष 1927 में रामनवमी के समय वह अपनी ससुराल हजारीबाग में थे। वहां का रामनवमी जुलूस देखा। रांची आकर अपने मित्र जगन्नाथ साहू सहित अन्य के साथ वहां की रामनवमी के अनुभव को साझा किया। इसके बाद मित्रों में उत्सुकता जगी। वर्ष1928 में सभी हजारीबाग की रामनवमी को देखने गये। इसके बाद 17 अप्रैल, 1929 में राची में इसकी शुरुआत कर दी गयी।

### पहाड़ी मंदिर में पटाखा जला कर दी जाती थी सूचना

शहर के बड़े-बुजुर्ग और पुराने वाशिंदे बताते हैं कि 1930 में जब दूसरी शोभायात्रा निकाली गयी, तो महावीरी झंडों की संख्या थोड़ी बढ़ी। उस साल शोभायात्रा रातू रोड स्थित ग्वाला टोली से नन्हू भगत के नेतृत्व में निकाली गयी थी। हर वर्ष शोभायात्रा में झंडों की संख्या में वृद्धि होती चली गयी। लोग उत्साह के साथ इसमें सम्मिलित होने लगे। इस आयोजन को व्यवस्थित रूप प्रदान करने के लिए 5 अप्रैल 1935 को एक बैठक संतुलाल पुस्तकालय, अपर बाजार में की गयी। बैठक में महावीर मंडल का गठन किया गया। इसके प्रथम अध्यक्ष महंत ज्ञान प्रकाश उर्फ नागा बाबा तथा महामंत्री डॉ रामकृष्ण लाल बनाये गये। तब से रामनवमी के अवसर पर यह शोभायात्रा 1964 को छोड़ कर नियमित रूप से निकाली जा रही है। शुरुआती सालों में मुख्य शोभायात्रा रातू रोड से निकाली जाती थी, जो धीरे-धीरे बढ़ते हुए मेन रोड पहुंचती थी। इसमें अपर बाजार, भुतहा तालाब, मोरहाबादी, कांके रोड, बरियातू रोड, चडरी, लालपुर, चर्च रोड, मल्लाह टोली, चुटिया, हिंदपीढ़ी आदि अखाड़ों के झंडे भी सम्मिलित होने लग गये। रतन टॉकीज तक पहुंचते-पहुंचते शोभायात्रा अत्यंत विशाल रूप ग्रहण कर लेती थी। सभी अखाड़ों के झंडे निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर के सामने वाले मैदान में पहुंचते थे। आज भी यहीं पहुंचते हैं और यहीं इसका समापन या विसर्जन होता है। अब 1500 के लगभग अखाड़े होते हैं शामिलः

वर्ष 1929 में केवल दो महावीरी झंडों के साथ शुरू हुआ रामनवमी का जुलूस धीरे-धीरे विशाल रूप लेता चला गया। श्री महावीर मंडल बरियातू का जुलूस एक झंडे से निकलना शुरू हुआ था। वर्ष 1960 से श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब की शोभायात्रा बड़ा तालाब के समीप से निकल रही है। राम सरीखन सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, छोटू राम रजक सहित अन्य ने यहां के अखाड़े का गठन किया था। इसी तरह वर्ष 1980 में हमको जी और खलखो जी बरियातू डॉक्टर कॉलोनी स्थित चबूतरे से झंडा लेकर निकलते थे और मुख्य जुलूस के साथ मिल कर श्री राम जानकी मंदिर तपोवन जाते थे। उनके इस अथक प्रयास ने धीरे-धीरे रंग लाना शुरू किया और 1984 से इसका स्वरूप बड़ा होता चला गया। श्री महावीर मंडल पंडरा की शोभायात्रा भी 1980 से निकल रही है। हालांकि इस अखाड़े की स्थापना 1972 में हुई थी। अखाड़े का गठन रवि सिंह, भरत साहू, कामेश्वर प्रसाद, लक्ष्मण साहू आदि ने किया था। बड़गाईं से रामनवमी की शोभायात्रा 1955-56 से निकल रही है। रांची में 1960 के दशक में शोभायात्रा को और भव्य बनाने का प्रयास किया गया। उस वक्त से यहां अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भी आयोजन शुरू हुआ। इसके पीछे उद्देश्य था कि जुलूस के दौरान बेहतर से बेहतर खेल का प्रदर्शन किया जा सके। लोगों का मनोरंजन भी हो सके। धीरे-धीरे झांकी निकालने की परंपरा भी चल पड़ी। वर्तमान में लगभग 80 लाइसेंसधारी हैं, जिसके अंतर्गत 18 सौ अखाड़े आते हैं।



### पुरानी परंपरा में नये का मिश्रण:

पहले जुलूस में ढोल-नगाड़े बजते थे। जय श्रीराम की गूंज होती। हर हाथ में महावीरी झंडा होता था। बड़े-बड़े झंडे को कई-कई लोग मिल कर ढोते थे। ढोल-नगाड़े पर ही श्रद्धालु नाचते-गाते थे। अब ढोल-नगाड़े कम जगहों पर दिखते हैं। उसकी जगह डीजे ने ले लिया है। हजारीबाग में डीजे को बजाने को लेकर विवाद भी हुआ। विधानसभा में भी मामला उठा। अब स्थिति यह हो गयी है कि अगर डीजे न हो, तो रामनवमी का जुलूस फीका रह जायेगा। पहले जहां सजावट बहुत अधिक नहीं होती थी, वहीं अब हर तरफ साजवट दिखने लगी है। पहले झंडा, झंडी आदि से सजावट होती थी, वहीं अब लाइन और तोरण द्वार लगने लगे हैं। मंच बनाने की परंपरा 1980 के दशक में शुरू हुई। कहीं-कहीं छोटा-छोटा मंच बनाया जाता था, जिस पर अखाड़ा के पदाधिकारी और प्रदेश के नेतागण मौजूद रहते। वह भी कुछ देर के लिए। जुलूस पहुंचते ही वे उसमें शामिल होते थे और खुद झंडा ढोने के लिए लालायित रहते थे। बड़े-बड़े नेता, सांसद और विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी सभी इसमें शामिल होते। केवल जुलूस में ही नहीं, रामनवमी से पहले अखाड़ों में अस्त्र चालन प्रतियोगिताएं होती थीं, जिनमें नेता शामिल होते और करतब भी दिखाते थे। यह सब उनके लिए प्रतिष्ठा का विषय होता और बाद में ये नेता गर्व से कहते थे कि इस साल उन्होंने इतने अस्त्र चालन प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

### कार्यकर्ताओं के कंधों पर टिका है जुलूस का भार

रामनवमी के दिन परंपरा के अनुसार सभी अखाड़ों के झंडे निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर के सामने वाले मैदान में पहुंचते हैं। यहीं इनका समापन या विसर्जन होता है। शोभायात्रा अपर बाजार के श्री महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर पहुंचती है। यहां पूजन होता है। अलबर्ट एक्का चौक पर भी अखाड़ों द्वारा विशाल झंडों का प्रदर्शन किया जाता है। इसके बाद तपोवन मंदिर मैदान में विशाल झंडों को खड़ा किया जाता है। पहले इस यात्रा में विभिन्न महावीर मंडलों के पदाधिकारी, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, सांसद, विधायक शांमिल होते थे। वे कई-कई किलोमीटर तक कार्यकर्ताओं के साथ झंडा ढोते थे। कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते थे। अब इन सभी का मुख्य केंद्र अल्बर्ट एक्का चौक और बनाये गये मंच तक सिमट कर रह गया है। जुलूस का भार अब कार्यकर्ताओं के कंधे पर है और बड़े झंडे किराये के लोग ढोते हैं।

मंच के आकार से कराया जाता बड़े-छोटे का एहसासः

बीते कुछ सालों तक अखाड़ों की महत्ता का एहसास झंडों की संख्या से होता था। जिस अखाड़े के जितने झंडे होते थे, उसकी ताकत उतनी बड़ी आंकी जाती थी। झंडों की संख्या से अखाड़े में शामिल लोगों की गणना होती थी। समय के साथ-साथ इसमें बदलाव आ रहा है। अब किस अखाड़े का कितना बड़ा मंच बना है, यह छोटे-बड़े का एहसास कराता है। नेता और पदाधिकारीगण इसी पर मंचासीन रहते हैं। पहले की तरह जुलूस में उनकी भागीदारी कम दिखती है। जुलूस आने पर वे कुछ देर के लिए मंच से उतरते हैं, हाथ में झंडा थामते हैं, फोटो खिंचवाते हैं, बस हो गया जय श्रीराम।

एक और खास बात यह है कि महावीर मंडलों में अब राजनीति भी प्रवेश कर रही। नतीजतन पुराने लोग इस पर दबदबा बनाये रखने का प्रयास करते हैं। नये लोगों को मौका कम मिलता है। रांची में पिछले बीस सालों से कुछ गिने-चुने नाम ही सामने आते हैं। कमान वही लोग अपने हाथ में रखते हैं। वे नये लोगों को सामने आने का मौका ही नहीं देते। पुलिस-प्रशासन की मदद से वे अपना रुतबा बनाये हुए हैं। पहले अध्यक्ष का चुनाव होता था। अब कुछ पुराने लोग बैठ कर आपस में ही अध्यक्ष का चयन कर लेते हैं। विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दे दी जाती है कि इस बार अध्यक्ष अमुक चुने गये। हमें याद रखना होगा यह राजनीतिक अखाड़ा नहीं है। यह एक धार्मिक आयोजन है। अखाड़ों का महत्व बरकरार रहे, इसके प्रति आस्था बनी रहे, इसके लिए सभी की भागदारी जरूरी है। नेता और कार्यकर्ता सभी सड़क पर होंगे तो इसकी शान और बढ़ेगी।

# बड़कागांव में भीषण सड़क दुर्घटना तीन छात्रों की मौत, दो घायल

पिन्टू कुशवाहा

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** परीक्षा के अंतिम दिन इंटर के 3 छात्रों ने जान गवायी। 2 अन्य छात्र घायल। घायलों को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद स्थिति नाजुक होने के कारण हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना बड़कागांव- टंडवा रोड के महटिकरा गांव के समीप दोहरनगर स्थित नामक स्थल पर दो मोटरसाइकिल विपरीत दिशा से आ रहे आपस में भिड़ंत हो गए। भिड़ंत इतनी भयानक थी कि दोनों मोटरसाइकिल में आग लग गयी। मौके पर ही 3 छात्रों के मौत हो गई। बड़कागांव की ओर से महटिकरा की ओर जा रही मोटरसाइकिल नंबर जेएच 02 बीजी- 8221 में 2 छात्र मोहम्मद समीर 20 वर्ष पिता मोहम्मद ताहिर एवं मोहम्मद साहिल उर्फ नेपाली 22 वर्ष पिता मोहम्मद सलामत ग्राम नगडी थाना डाडीकला (बड़कागांव) एवं महटिकरा की ओर से मोटरसाइकिल नंबर जेएच 01ईडब्लू-9659 अपाचे से दिलीप कुमार 20 वर्ष पिता दिलेश्वर महतो, अनिल कुमार 18 वर्ष पिता सुखदेव महतो उर्फ सुकुल महतो एवं नीतीश कुमार 22 वर्ष पिता सतनारायण महतो बड़कागांव की ओर आ रहे थे जिसमें दिलीप कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना के बाद बड़कागांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर उठाने की तैयारी कर रही थी। बताया जाता है कि नगडी के दोनों छात्र बड़कागांव के इंदिरा गांधी मेमोरियल कॉलेज में इंटर का छात्र थे जो आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव में परीक्षा लिखकर वापस घर जा रहे थे। वही चमगढ़ा निवासी मृतक दिलीप कुमार एवं दोनों घायल छात्र कर्णपुरा इंटर कॉलेज के छात्र थे जो आदर्श मध्य विद्यालय बड़का गांव में ही परीक्षा लिखकर पहले घर गए और घर से पुनः बड़कागांव चौक आ रहे थे इसी बीच दोनों मोटरसाइकिल विपरीत दिशा में भयंकर टकराने से आग लग गयी एवं घटनास्थल पर ही 3 की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भिड़ंत इतनी भयानक थी कि दोनों मोटरसाइकिल में सभी छात्र पहले 5 फीट मोटरसाइकिल से ऊंचा उठे तब जमीन पर आकर गिरे गिरते हैं तीन की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। एवं दोनों मोटरसाइकिल में भयंकर आग लगने के पूर्व परखच्चे उड़ गये।





पेज-1 का शेष....

### 247 मामलों में वांछित थे माओवादी

**चतरा।** मारे गये नक्सलियों पर झारखंड और बिहार के विभिन्न थानों में 247 मामले दर्ज हैं। इनमें गौतम पासवान पर एक सौ, अजीत उरांव पर 50, अमर गंझू पर 18, अजय यादव पर 12 और सुजीत भुइयां पर 67 मामले दर्ज हैं।

### माओवादियों की कमर टूटी

सुरक्षा बलों को मिली इस बड़ी सफलता से नक्सलियों की कमर टूट गयी है। गौतम पासवान दस्ते को माओवादियों के एक सशक्त दस्ते के रूप में जाना जाता था, जो लगातार कई वर्षों से पुलिस बल के लिए सिरदर्द बना हुआ था। बता दें कि सुरक्षाबलों द्वारा माओवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। पिछले दिनों झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित बूढ़ा पहाड़, चाइबासा-सरायकेला-खूंटी के सीमावर्ती ट्राई जंक्शन क्षेत्र को सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान में नक्सलियों से लगभग मुक्त करा लिया गया है।

# एसडीओ कार्यालय से डीसी ऑफिस तक निकाली महारैली

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला खरसावां।** नियोजन नीति के खिलाफ चल रहा छात्रों का आंदोलन धीरे-धीरे विस्तार कर रहा है। इसी कड़ी में झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन की कोल्हान ईकाई के द्वारा एसडीओ ऑफिस से उपायुक्त ऑफिस तक आक्रोश महारैली निकाली। छात्रों ने 60-40 हकमार नियोजन नीति के खिलाफ आंदोलन किया। मौके पर क्रांतिकारी देवेन्द्र नाथ महतो शामिल होकर छात्रों का हौंसला बढ़ाया।

### डीसी को सौंपा ज्ञापन

छात्रों का यह आक्रोश महारैली एसडीओ ऑफिस से सिविल कोर्ट होते हुए जिला मुख्यालय सरायकेला में जाकर सभा करने के बाद उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम से एक ज्ञापन सौंपा गया।

वहीं 60/40 नियोजन नीति का विरोध, कानून के दायरे में रहकर 90/10 की आधारित नियोजन नीति लागू करने के साथ-साथ 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।




### ये है मांगें

60:40 के फामूर्ले पर नया नियोजन नीति के स्थान पर खतियान आधारित व 90:10 के फामूर्ले के आधार पर नियोजन नीति निर्धारित हो। ओबीसी आरक्षण 7 जिलों में शून्य को वापस लेते हुए बिहार के तर्ज पर झारखंड राज्य में राज्य स्तर पर जातीय जनगणना के बाद सभी वर्गों के लिए जिला स्तर पर नियोजन के लिए आरक्षण रोस्टर निर्धारित किया जाये। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान और प्राथमिक शिक्षण शिक्षा महाविद्यालय में सत्र 2023-25 में नामांकन लिया जाये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.6 °c | 17.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.05 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.40 बजे | |



# दयामनी बारला का नाम यूमास लोवेल्स 2023 ग्रील स्कॉलर के लिए नामित



**स्वदेशी, पर्यावरण और लैंगिक न्याय के लिए दयामनी बारला का काम सराहनीय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की पहली आदिवासी पत्रकार और आयरन लेडी के नाम से मशहूर दयामनी बारला को यूमास लोवेल्स 2023 ग्रील स्कॉलर के लिए नामित किया गया है। मैसाचुसेट्स लोवेल विश्वविद्यालय के एक अंग्रेजी प्रोफसर ने इस बारे में कहा कि लोवेल विश्वविद्यालय शांति अध्ययन के लिए 2023 यूनानी विद्वान के रूप में दयामनी बारला का स्वागत करने के लिए रोमांचित है। स्वदेशी, पर्यावरण और लैंगिक न्याय के लिए उनका काम हम सभी को प्रेरित और एकजुट करता है।

## कौन हैं दयामनी बारला

आपको बता दें कि दयामनी बारला ने जल विद्युत शक्ति और इस्पात संयंत्र परियोजनाओं का प्रस्ताव करनेवाले बहुराष्ट्रीय निगमों के खिलाफ राजनीतिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। साथ ही उन्होंने एक पत्रकार के तौर पर आदिवासी महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और हिंसा को कई बार अपनी रिपोर्ट के जरिये लोगों के सामने रखा। उन्होंने कई आदिवासियों के कई आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## एलेन एल लुज अवार्ड से किया जा चुका है सम्मानित

झारखंड में आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़नेवाली सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला को एलेन एल लुज अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। न्यूयार्क की मैसाच्युसेट्स की एक एनजीओ ने इस अवार्ड के तहत दयामनी को 10,000 डॉलर दिया था। दयामनी को यह अवार्ड 23 मई को अमेरिकन इंडियन म्यूजियम में आयोजित समारोह में दिया गया था। इस अवार्ड के सेलेक्शन पैनल का कहना था कि झारखंड के भूमि अधिकारों की लड़ाई लड़नेवाली दयामनी के काम ने आदिवासियों के जीवन में आशा और बदलाव लाये हैं।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनिरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
G20
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** दिन अनुकूल है,आप उन्नति के मार्ग की ओर अग्रसर होंगे, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।
- **वृष** मित्रों का उदय होगा एवं शत्रुओं का नाश होगाभौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी।
- **मिथुन** आज का दिन सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ानेवाली साबित होगी,रुके हुए काम पूरे होंगे।
- **कर्क** नौकरी-व्यापार एवं सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलने की संभावना।
- **सिंह** बनता हुआ काम बिगड़ सकता है, आप अकारण किसी मुसीबत में उलझ सकते हैं।
- **कन्या** आपके व्यक्तित्व का विकास होगा, विपरीत परिस्थितियां अनुकूल होंगी।
- **तुला** व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, दूसरों के झगड़े में दखल न दें, कर्मक्षेत्र में परिश्रम अधिक करना पड़ेगा।
- **वृश्चिक** आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, स्वयं के प्रयास, उत्साह और संघर्ष से सभी कार्य पूरे होंग।
- **धनु** विद्याध्यन संबंधी शुभ समाचार मिलेंगे, मेहमानों का आगमन होगा, निराशा दूर होगी।
- **मकर** किसी पुराने परिचित से मुलाकात होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।
- **कुंभ** इस समय किसी को उधार न दें वापस निकलना मुश्किल होगा, चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।
- **मीन** व्यापार-व्यवसाय में सफलता मिलने की संभावना, घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा।

### शांति मार्च में झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे होंगे शामिल

# कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने और बंगले से बाहर निकालने के नोटिस पर प्रदेश कांग्रेस आक्रामक हो गयी है। केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ तीखा प्रहार करने के लिए पार्टी ने बड़ी रणनीति बनायी है। सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम तय किया गया है। पार्टी अप्रैल में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन चलायेगी। राज्य के सभी जिलों और प्रखंडों में पार्टी आंदोलन करेगी। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि आंदोलन में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय भी शामिल होंगे। इसके लिए मंगलवार को प्रभारी अविनाश पांडेय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को सभी जिला मुख्यालयों में लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च का आयोजन होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी स्वयं राजधानी रांची में आयोजित लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च में शामिल होंगे। जुलूस शाम को स्थानीय जिला स्कूल प्रांगण स्थित शहीद स्थल से आरंभ होगा और कचहरी चौक होते हुए राजभवन तक जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नेता विधायक दल आलमगीर आलम, कांग्रेस के सभी मंत्रीगण विधायकगण, कार्यकारी अध्यक्षगण, प्रदेश पदाधिकारी सहित अग्रणी मोर्चा संगठन विभाग के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं नेतागण उपस्थित रहेंगे। सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उपरोक्त कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए बनायी गयी नियंत्रण कक्ष के संयोजक केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की मौजूदगी में नियंत्रण कक्ष की सदस्यों की बैठक संपन्न हुई।



## निगरानी समिति के सदस्यों को जिलावार जिम्मेवारी दी गयी

बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम की सफलता को लेकर निगरानी समिति के सदस्यों के बीच जिलावार जिम्मेवारी दी गयी। इसमें राकेश सिन्हा-गोड्डा साहेबगंज, पाकुड़, मदन मोहन शर्मा- पलामू, गढ़वा लातेहार, सुरेंद्र सिंह- कोडरमा, गिरिडीह बोकारो, धनबाद, रमा खलखो- लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, राजीव रंजन प्रसाद-रामगढ़ हजारीबाग, चतरा, आभा सिन्हा- पूर्वी सिंहभूम, प. सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, डॉ एम तौसीफ- दुमका, जामताड़ा, देवघर, नेली नाथन-रांची ग्रामीण, महानगर एवं खूंटी, इसके लिए अतिरिक्त नियंत्रण कक्ष के सदस्य रवींद्र सिंह, एवं संजय पांडेय को प्रतिदिन नियंत्रण कक्ष के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला सह कार्यक्रम संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय को भेजने की जिम्मेवारी दी है। इस बैठक में केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, रवींद्र सिंह, राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, सुरेंद्र सिंह, रमा खलखो, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ, आभा सिन्हा, नेली नाथन मौजूद थीं।

# सांगठनिक संरचना मजबूत करते हुए सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे तेज : दीपक प्रकाश




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान सहित राष्ट्रपति के अभिभाषण, मन की बात कार्यक्रम, स्थापना दिवस समारोह, सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह जैसे आगामी कार्यक्रमों पर बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। साथ ही 11 अप्रैल के सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसके कार्यकर्ता संगठन विस्तार के साथ-साथ आंदोलनात्मक कार्यक्रम को कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बूथ से लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता बूथ सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने की दिशा में जी जान से जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर हम सब राज्य सरकार के खिलाफ सड़क से सदन तक जोरदार आंदोलन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड और जिला स्तरीय प्रदर्शनों के बाद अब भाजपा कार्यकर्ता राज्य की जनभावनाओं के अनुरूप राजधानी में विशाल प्रदर्शन के साथ हेमंत सरकार को गद्दी छोड़ने के लिए बाध्य करेंगे। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल का प्रदर्शन और सचिवालय घेराव ऐतिहासिक होगा।

## सोरेन सरकार की तीन ही पहचान- लूट झूठ और तुष्टिकरण : बाबूलाल मरांडी

विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की तीन ही पहचान है। लूट, झूठ और तुष्टिकरण। लगभग साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में इस सरकार ने इसके अलावा कुछ भी नहीं किया। मरांडी ने कहा राज्य में लूट की प्रकाष्ठा हो चुकी है। खनिज संसाधनों की तस्करी हो रही। बड़े बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार में जेल जा रहे या इडी, सीबीआइ जैसी जांच एजेंसियों के घेरे में हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में रोज झूठ की खेती हो रही। मुख्यमंत्री युवाओं को सदन से सड़क तक झूठ बोलकर बरगला रहे। घोषणा पत्रों में शामिल एक भी वादे को ठगबंधन सरकार ने पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब युवाओं का धैर्य टूट चुका है। युवा शक्ति सड़कों पर उतर चुकी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार वोट बैंक के खातिर तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही। बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को चोट पहुंचायी जा रही। इसलिए हेमंत सरकार की उल्टी गिनती भी शुरू हो गयी है। उन्होंने कहा जनता इस सरकार को अब देखना नहीं चाहती। इसलिए भाजपा जनभावनाओं के अनुरूप सरकार से निजात दिलाने के लिए संकल्पित है।

### भाजपा कार्यकर्ता की पहचान, आंधी हो या तूफान, आगे बढ़ना मेरा काम : नागेंद्र त्रिपाठी

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जनता स्वावलंबी भारत, सशक्त भारत, मजबूत भारत, विकसित भारत का सपना पूरा करना चाहती है। कार्यकर्ताओं केवल सरकार की उपलब्धियों और सांगठनिक कार्यक्रमों के माध्यम से हर घर तक पहुंचाने की जरूरत है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बैठक सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी लेते हुए बिंदुवार चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता की पहचान, आंधी हो या तूफान, आगे बढ़ना मेरा काम। सिंह ने कहा भाजपा कार्यकर्ता संघर्ष और संगठन दोनों कार्यों को करने में अभ्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों का सफल आयोजन करते हुए हमें बूथ सशक्तीकरण अभियान को निर्धारित अवधि में पूरा करना है।

## निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन इडी कोर्ट ने की खारिज

**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को इडी कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने सोमवार को पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी।

इस मामले में याचिकाकर्ता पूजा सिंघल और इडी की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने 25 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल ने इडी की ओर से दी गयी दलीलों का विरोध करते हुए खुद भी अपना पक्ष रखा था।

पूजा सिंघल समेत उनके पति के सीए सुमन कुमार और खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ पूर्व में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इनके खिलाफ अब 5अप्रैल को आरोप तय होने हैं। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोर्ट पूर्व में आरोप तय कर चुकी है। अभी पूजा सिंघल सुप्रीम कोर्ट से दो माह की अंतरिम जमानत पर हैं।

उल्लेखनीय है कि इडी ने पूजा सिंघल के मनरेगा घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 6 मई, 2022 को झारखंड में 20 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी, इसमें 19.31 करोड़ रुपये की बरामदगी हुई थी।

# पीडीएस दुकानदार संघ ने राजभवन के समक्ष दिया धरना




**7 सूत्री मांगों को लेकर दिया एक दिवसीय धरना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य लक्षित जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ की ओर से सोमवार को राजभवन के समक्ष धरना दिया गया। इसकी अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार साहू ने की। उन्होंने कहा कि राज्य में पीडीएस दुकानदारों का आर्थिक शोषण के साथ मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। साथ ही विभाग में भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों को लेकर हम यहां धरना दे रहे हैं। साहू ने कहा कि शोषण के खिलाफ आवाज उठाने पर जांच करने और अनुज्ञप्ति रद्द करने की धमकी दी जाती है।

साहू ने कहा कि हमें जो 01 रुपये कमीशन मिलता है, उसमें भी हमसे कमीशन के बदले कमीशन की मांग की जाती है। लॉकडाउन के समय जब कुछ बंद था, तब यही जनवितरण दुकानदार लोगों का पेट भर रहे थे। अपनी जान की परवाह किये बिना लोगों को राशन उपलब्ध करा रहे थे। उस समय हमें विभाग या किसी संस्था ने एक मास्क भी उपलब्ध नहीं कराया। उलटे हमसे जूट की बोरी मांगी गयी। इसके एवज में हमें प्रति बोरी 23 रुपये देने की बात कही गयी थी, लेकिन आज तक हमें बोरी का एक भी पैसा प्राप्त नहीं हुआ है। हम जानना चाहते हैं कि इन बोरियों का पैसा कहां गया, ये पैसा हम राशन दुकानदारों को मिलेगा। इस अनियमितता की सीबीआइ जांच होनी चाहिए।

संघ के महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने कहा कि आज इस धरना का मकसद सिर्फ दुकानदारों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है। हम चाहते हैं कि सरकार हमारी बातों को सुने और समझे, इसलिए हमने सरकार के सामने सात सूत्री मांगें रखी हैं।

## धरना में ये रहे मौजूद

इस धरना में सुरेश महतो, शबीबुल रहमान, शंभू प्रसाद, रुत खेस, आशामुनी, बीरेंद्र प्रसाद, आनंद प्रसाद, पंचू साहू, काशी नाथ, घनश्याम सिंह समेत झारखंड राज्य पीडीएस दुकानदार बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार 4 अप्रैल को सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक होनी है। इस बैठक में सड़क दुर्घटना रोकने और लोगों को जागरूक करने पर चर्चा होगी। बैठक में विशेष तौर पर गोल्डन ऑवर पर रणनीति तय की जायेगी। चूंकि दुर्घटना के बाद का पहला घंटा नाजुक होता है। इस बैठक से पहले परिवहन विभाग के अधिकारियों ने एक पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य बैठकों में लिये गये निर्णय को लागू करने की अनुमति दी जाये।

# शराब घोटाले के साथ होलोग्राम में भी घोटाला हो रहा है : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य में शराब के कारोबार को लेकर हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। कहा कि झारखंड में शराब घोटाले के साथ होलोग्राम में भी घोटाला हो रहा है। ट्वीट कर उन्होंने कहा कि सात साल से शराब की बोतलों में लगनेवाला होलोग्राम सुचारू रूप से नासिक के सरकारी प्रेस आपूर्तिकर्ता कंपनी से लिया जा रहा था, लेकिन मार्च 2022 में एकाएक उस कंपनी को हटा कर वेणु गुप्ता की कंपनी प्रिज्म होलोग्राफी एंड सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड को सप्लाई का ठेका दे दिया गया। आखिर ऐसा क्यों किया गया। बाबूलाल ने कहा कि यह आरोप लग रहा है कि शराब आपूर्तिकर्ताओं से ज्यादा पैसा लेकर बड़े पैमाने पर अतिरिक्त होलोग्राम मुहैया करा कर झारखंड में भी करोड़ों का वारा-न्यारा हुआ है। वेणु गुप्ता की कंपनी पर छत्तीसगढ़ शराब घोटाले को लेकर अभी इडी की छापेमारी और जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि गुप्ता जी की धमाचौकड़ी झारखंड के उत्पाद विभाग में भी अक्सर देखी जाती रही है। वेणु गुप्ता से पूछताछ में झारखंड में उनकी पहुंच, रिश्ते, मददगारों और इसके बल पर हुई हेराफेरी की जांच भी इडी को करनी चाहिए।

### मुलाकात : भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले सांसद संजय सेठ

# सांसद ने सांस्कृतिक महोत्सव का उद्देश्य बताया

**अपनी सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी दी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने सोमवार को नयी दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने उन्हें 'परीक्षा पे चर्चा' से जुड़ी चित्रकला प्रतियोगिता, श्रीअन्न, होली मिलन समारोह और सांसद खेल महोत्सव सहित अपनी अन्य राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया। इसके साथ ही सांसद ने मई में आयोजित होने वाले सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी। महोत्सव का ब्रोशर उन्हें अवलोकन हेतु दिया और इसका उद्देश्य बताया। श्री नड्डा ने सांसद द्वारा आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव की सराहना की और अपनी शुभकामनाएं भी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद श्री सेठ ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को हमने अपनी सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी दी है। सांस्कृतिक महोत्सव के उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने भी अपना मार्गदर्शन दिया है और इसकी प्रशंसा की है। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने क्षेत्र के सभी कलाकारों, कलाप्रेमियों के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# महावीर जयंती महोत्सव पर जैन समाज ने निकाली प्रभातफेरी

## विधायक, डीसी, डीडीसी, नप अध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोग हुए शामिल, मत्था टेक कर लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** महावीर जयंती महोत्सव पर श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में सोमवार को शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा सुबह 8 बजे शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर से आरंभ होकर गांधी चौक, झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला, मेन रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुयी। शोभा यात्रा के दौरान महावीर भगवान जयकारे के नारे लगे और भजनों पर भक्त झूमते नजर आये। शोभा यात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को शुद्ध पेयजल देकर स्वागत किया।





**विधायक, डीसी, डीडीसी, नप अध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोग हुए शामिल, मत्था टेक लिया आशीर्वाद :** महावीर जयंती महोत्सव पर विधायक सुनीता चौधरी, डीसी माधवी मिश्रा, डीडीसी नरेंद्र सिन्हा, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, जिप सदस्य धनेश्वर महतो, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, विमल बुधिया, प्रदीप सिंह, प्रो संजय सिंह, अनुपमा सिंह, संगीता बुधिया, नीरज मंडल सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। यहां भगवान महावीर पर नारियल अर्पित और माथा टेक कर आशीर्वाद लिए। इस दौरान श्री दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों ने अतिथियों को भगवान महावीर का पट्टा और माला पहनाकर सम्मानित किया।

**मंदिर परिसर में हुए कई कार्यक्रम :** महावीर जयंती महोत्सव पर श्री दिगंबर जैन मंदिर परिसर में कई कार्यक्रम हुये। जिसमे, सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा किया गया। जलाभिषेक जीवन मल जैन, जम्बू कुमार पाटनी, विद्या प्रकाश, पदमचंद छाबड़ा, हरचंद जैन अजमेरा, योगेश सेठी को मिला। जबकि शांतिधारा करने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललित चूड़ीवाल, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार चूड़ीवाल को मिला। वही, भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य विनय कुमार जैन एवं मिथलेश देवी जैन को मिला। भगवान महावीर विधान विधान में कलश स्थापना करने का सौभाग्य ममता गंगवाल, मीना पाटनी, सरोज पांडे, उषा सेठी, अरुणा जैन को मिला। वही, देर शाम जैन महिला जागृति के द्वारा समाज के बच्चों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

**शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा झांकी :** महावीर जयंती महोत्सव पर श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में आकर्षक केंद्र झांकी रहा। मानो श्रीजी साक्षात विराजमान है। इस दौरान लोगों ने भी श्री जी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। महावीर विधान को कराने में सुभाष पाटनी एवं राजेश पंडित, पंकज पंडित का अहम योगदान रहा। पंडितों ने बताया कि अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है, हमें 'जियो और जीने दो' के संदेश पर कायम रहना चाहिए।

**अतिथियों ने रखी लिफ्ट का आधार शिला :** श्री महावीर जयंती महोत्सव के दौरान जैन धर्मशाला के पीछे विधायक सुनीता चौधरी, डीसी माधवी मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने लिफ्ट का आधारशिला रखा।

समाज के ये लोग थे उपस्थित मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी, सचिव सचिव नागरमल गंगवाल, अरविन्द सेठी, नरेंद्र छाबरा, जीवन मल जैन, जंबू पाटनी, ललित चूड़ीवाल, राजू सेठी, नीरज सेठी, राजू पाटनी, अशोक सेठी, विवेक अजमेरा, पदमचंद सेठी, विनोद रावका, अशोक काला, राजीव जैन, अशोक कुमार जैन, संजय जैन, मनोज काला, राजेंद्र चूड़ीवाल, सुशील चूड़ीवाल, देवेंद्र गंगवाल, राकेश पांडेय, सुभाष पाटनी, शांतिलाल सेठी, नितिन पाटनी, प्रदीप पाटनी, अजय जैन, अजय पाटनी, विकाश रापड़िया, अनिल रापड़िया, मनोज जैन निशांत सेठी, बबलू सेठी,

महिला जागृति मंच की अध्यक्ष अरुणा जैन, खुशबू चूड़ीवाल, मीना पाटनी, पुष्पा अजमेरा, उषा पाटनी, अनीता चूड़ीवाल, डोली पाटनी, ममता गंगवाल, सुनीता पाटनी, कुसुम पाटनी, गिनिया सेठी, सरिता छाबड़ा, नीता सेठी सुधा जैन, सरला सेठी, उषा अजमेरा, नम्रता अजमेरा, संगीता जैन, ऋद्धि पाटनी, ललिता जैन, कविता जैन, बंटी जैन, मनीषा जैन, रीना जैन, उषा सेठी, श्रीकांता गंगवाल, प्रेम काला, पुष्पा सेठी, निशा सेठी, बशारदा अजमेरा, गुणमाला जैन, बबिता सेठी, राहुल जैन पाटनी सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

# भूमि सुधार कार्यालय की अनुसेविका हुई सेवानिवृत्त



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय की अनुसेविका सामो खातून के सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह का आयोजन सोमवार को समाहरणालय सभा कक्ष में किया गया। उक्त समारोह में उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, भूमि सुधार उप समाहर्ता गौरांग महतो समेत कर्मी सम्मिलित हुए। उपायुक्त ने सामो खातून द्वारा उत्तरदायित्व की पूर्णता एवं कार्यों के सकुशल निर्वहन के लिए प्रशंसा करते हुए पुष्प गुच्छ एवं शॉल देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने सामो खातून के सुखद पारिवारिक जीवन एवं स्वस्थ दीर्घायु जीवन हेतु शुभकामनाएं दिया। वहीं उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता ने भी कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शॉल देकर सम्मानित कर शुभकामनाएं दिया। उक्त मौके पर उपस्थित कार्यालय कर्मियों ने भी उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनायें दिया।

# यज्ञ में पहुंचे सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के पलानी गांव स्थित करम टोला में आयोजित श्री श्री 108 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय महायज्ञ मे गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी रविवार देर शाम यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां कमेटी सदस्यों से मिलकर कहा कि क्षेत्र में लगातार यज्ञ का आयोजन होना चाहिए इससे लोगों में भक्ति भाव जागृत होता है और लोगों की नकारात्मक सोच समाप्त होती है। इस मौके पर आजसू के वरिष्ठ नेता विजय साहू, नित्यानंद कुमार, अशोक पाठक, विश्वजीत सिन्हा, भाजपा नेता किशोर कुमार महतो सहित कमेटी के सदस्य शामिल थे।

# सिरु में भक्ति जागरण का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा ।** दुलमी के सिरु गांव मे नवनिर्माण हनुमान मंदिर की पहली वर्षगांठ को लेकर पूर्व रामगढ़ जिप अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो के माध्यम से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसमें राजू हलचल ग्रुप रामगढ़ व कोलकाता की कलाकारों द्वारा शानदार भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत गायक पवन दांगी ने सरस्वती वंदना से की इसके बाद एक से बढ़कर एक झांकी व भक्ति गीत पेश किए गए।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो वं सिरु पंचायत मुखिया विणा देवी व दुलमी मुखिया रविन्द्र कुमार उपस्थित हुए।इससे पूर्व कमिटी के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथियों व कलाकारों को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया पूर्व जिप अध्यक्ष ने कहा की मंदिर



बना है। गिरिडीह के सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी के माध्यम से बना इन्ही लोगो की देन से आज हमलोग भगवान हनुमान जिनके मंदिर का पहली वर्षगांठ मनाया जा रहा है, आपलोग का सहयोग ऐसा ही बना रहा तो आनेवाला दूसरी वर्षगांठ में इससे भी भयानक झांकी व भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा। मौके पर आजसू पार्टी के समाजसेवी रवि महतो, राहुल महतो, निरंजन महतो, कमिटी सदस्य जीवनाथ महतो, हरिनंदन महतो, नेवालाल महतो, दिलीप महतो, अनिल इग्नेश, संजीव राजा, संदीप महतो, बिकाश कुमार, चिरंजीवी कुमार, लव कुमार, दीपेन कुमार, गौतम कुमार, अक्षय कुमार, हरिराम महतो, खगेन्द्र कुमार, लष्मीकांत महतो, सहित कई गण्यमान्य लोग व कमिटी के सदस्यगण उपस्थित थे।

# सुमित्रा स्मारक सेवा संस्थान ने किया बालवाड़ी केंद्र का उद्घाटन

## सुमित्रा संस्थान का लक्ष्य प्रत्येक पंचायत में खोलेंगे बालवाड़ी केंद्र : रीना चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** सोनडीहा पंचायत अंतर्गत ग्राम भदवा में स्वंयसेवी संस्था सुमित्रा स्मारक सेवा संस्थान ने पंचायत निःशुल्क शिक्षा अभियान के तहत बालवाड़ी केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल संस्थान संचालिका रीना चौधरी, पूर्व मुखिया सह जदयू माण्डू प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो, पंसस यशोदा कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर संस्थान संचालिका रीना चौधरी ने कहा कि शिक्षण जागरूकता के तहत सुमित्रा संस्थान नौनिहाल बच्चों को बेहतर प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य के साथ राज्य के प्रत्येक पंचायतों में वालवाड़ी केंद्र खोलने का लक्ष्य है।



इसी उद्देश्य के साथ भदवा में केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि घर का एक शिक्षित बच्चा पूरी पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन जाते है। उन्होंने ग्रामीणों से केंद्र में 2 से 6 साल के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त हेतु भेजने की अपील की। रीना चौधरी ने बताया कि राज्य में चौथा, जबकि रामगढ़ जिले में तीसरा केंद्र खोला गया है और आगे भी जारी रहेगा। वही, मौजूद अतिथियो ने संस्थान द्वारा मिले यूनिफॉर्म व पाठय सामग्री निःशुल्क रूप से नामांकित 15 बच्चो के बीच वितरण किया गया। मौके पर बशीर अहमद, मुकेश महतो, केंद्र की शिक्षिका साबरा बानो, संस्था सदस्य सरिता देवी, सोनिका देवी, पार्वती देवी, आरती देवी, सोनामति देवी, सविता देवी, उषा देवी, प्रमिला देवी, जगदीश कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

# अनमोल बचपन स्कूल में मना वेलकम डे



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में अवस्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल में सत्र 2023 से 24 में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के लिए सोमवार को वेलकम डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूजा-अर्चना एवं मां सरस्वती की वंदना की गयी। पूजा-अर्चना में शामिल अभिभावक व दर्जनों नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मां सरस्वती का आशीर्वाद लेकर सत्र 2023-24 में पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह के पिता हरिवंश सिंह व विद्यार्थियों के माता-पिता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सत्र 2022-23 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले वि विद्यार्थियों को निदेशक ने पुरस्कृत किया। मौके पर निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और संस्कार देना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की शिक्षिका उर्मिला कुमारी, काजल कुमारी, भूमि कुमारी, नमिता मिश्रा, ममता कुमारी, सुशीला एंथोनी का विशेष योगदान रहा।

# तोपा में तीन दिवसीय हनुमंत महायज्ञ की तैयारी पूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** आगामी चार अप्रैल से सियाराम चौक न्यू माइन्स तोपा में नवनिर्मित हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमन्त प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ की तैयारी समिति द्वारा पूरी कर ली गई है। क्षेत्र के चौक चौराहों सहित कई जगहो पर आकर्षक तोरण द्वार और महावीरी झंडा लगाए गए हैं। वही, कथास्थल, यज्ञ मंडप व मंदिर का आकर्षक विधुत सज्जा की गयी है। साथ ही, ध्वनि विस्तारक यंत्र से निकलने वाले भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान है। इधर, समिति के अध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू ने बताया कि आगामी चार से छह अप्रैल तक तीन दिवसीय हनुमंत महायज्ञ तोपा स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया है। जिसकी तैयारी सदस्यों और ग्रामीणों की मदद से पूरी कर ली गयी है। कहा कि चार अप्रैल को सुबह में ओरला तालाब से गाजे बाजे संग भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। वही, पांच अप्रैल को मूर्ति का नगर भ्रमण, छह अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा समेत भव्य भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन किया जायेगा। साथ ही, यज्ञाचार्य मनोज कुमार पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ महायज्ञ से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान कराए जाएयेगे। जबकि चार व पांच अप्रैल की संध्या 6 बजे से वृंदावन धाम की सुप्रसिद्ध कथावाचिका सुश्री राघव प्रिया और 6 अप्रैल को संध्या 6 बजे से अयोध्या धाम के प्रसिद्ध कथावाचक वैदेही शरण महाराज का प्रवचन होगा। उन्होंने आयोजित महायज्ञ कार्यक्रम में धर्म प्रेमियों से बढ़ चढ़कर शामिल होने की अपील की है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक घायल

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय और एनटीपीसी के गेट के सामने तीखी मोड़ में सोमवार को कोल वाहन एवं ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। और मोटरसाइकिल छति ग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार दुंदुवा गांव निवासी टेकलाल उर्फ कैला महतो ने टंडवा से अपना घर जा रहा था, इसी दौरान दुंदुवा की ओर से आ रही ट्रेक्टर एवं आम्रपाली से दुंदुवा की ओर जा रही हाइवा के बीच में मोटरसाइकिल सवार युवक घुसने की कोशिश किया, जहां दोनों वाहनों के बीच मे फंस गया, इस दौरान मोटरसाइकिल सवार युवक बाल बाल बचा एवं बुरी तरह घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए टंडवा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के बाद सदर रेफर किया गया। इधर घटना स्थल पर पहुंची टंडवा पुलिस ने घटना का जायजा लिया। एवं दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में कर लिया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हवन पूजन के साथ नया सत्र शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वैदिक मंत्रोचारण एवं हवन पूजन के साथ नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत की गयी। मां सरस्वती, भारत माता, ओम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन हुई। जिसके बाद विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राओं द्वारा भक्ति पूर्ण वातावरण में सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया। साथ ही नवीन नामांकित बच्चों को मुख्य द्वार पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने कहा कि विद्या भारती योजना के अनुसार सभी



विद्या मंदिर स्कूलों में हवन पूजन के साथ नवीन सत्र का प्रारंभ होता है। छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास हेतु भगवान की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। जिससे बच्चों में सकारात्मक क्षमता का विकास होता है । ताकि वे विद्यालय एवम परिवार को समाज में प्रतिष्ठित कर सके ।प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित अभिभावकों को नए सत्र की शुभकामनाएं दी साथ ही उन्होंने कहा कि नए सत्र में हम सब नई उर्जा, नई संकल्प, नई शक्ति, के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पूजन का कार्य विद्यालय की संस्कृत आचार्य श्रीकांत द्विवेदी ने कराया साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। पूजन में वरिष्ठ आचार्य महेश्वर महतो, कुमकुम झा ,रीता तिवारी, विकास कुमार कुशवाहा, योगेंद्र प्रसाद सिंह, अमित बर्मन, रवि खंडेलवाल, जयदेव पंडित, दीपक कुमार, निकिता शर्मा, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार राय, बबीता कुमारी, अंजू कुमारी, अनीशा रंजन, आशीष अग्रवाल, दिनेश महतो, बबीता रानी, कुमारी शालू, दयाशंकर उपाध्याय, पद्मावती सिंह, दुर्गेश कुमार सोमा चाकी, बबीता कुमारी, रमेश विश्वकर्मा आदि सभी का सराहनीय योगदान रहा।

# इस्लामिया विद्यालय में दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सद्भावना मंच के तत्वावधान में इस्लामिया उच्च विद्यालय रिभर साईड के प्रांगण में दावेत इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, राजेश वर्मा, जानकी ठाकुर, भाजपा नेता संतन सिंह, शेखर राज आदि ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस ऐसे आयोजना भाईचारगी, प्रेम व एकता का संदेश देता है। इसमें विभिन्नताओं में भी एकता झलकती है। कहा गया कि सद्भावना मंच का यह कार्य काफी सराहनीय है। अंजुमन इस्लामिया रिभर साईड के सचिव नसीम अख्तर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए रोजा के बारे में कहा कि यह पवित्र महीना है, जिसमें कुरान अवतरित हुआ। यह शान्ति, प्रेम, एकता, भाईचारगी और आपसी सोहार्द्र का सन्देश देता है। मौके पर सचिव नसीम अख्तर, राहुल कुमार, अभय यादव, विनय राज, डॉ. क्यू अली, एसजे अख्तर, आई आलम, शमीम, साकीब, रफीक, सुफियां, हारूण, एच कासमी, शफीउीन, खुर्शीद अनवर, रमीज, मो. इजहार, नौशाद सहित लगभग 80 लोग मौजूद थें।

# वनांचल कॉलेज में खुला प्रज्ञा केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** वनांचल महाविद्यालय परिसर में प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन कॉलेज के प्रो.बिगुल प्रसाद गुप्ता, प्राचार्य डॉ. संजय नारायण दास, ने संयुक्त रूप से किया।। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.संजय नारायण दास ने कॉलेज परिसर में सीएससी केंद्र खुलने पर हर्ष और आभार व्यक्त करते हुये कहा कि केंद्र के खुलने से विधार्थियों को सभी प्रकार की डिजिटल सुविधाएं के लिए कहीं और जाने की जरूरत नही पड़ेगी। सीएससी एसपीवी के जिला प्रबंधक ने बताया कि कॉलेज परिसर में खुले स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर खुलने का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों को विद्यालय परिसर में ही ऐसा संसाधन उपलब्ध कराना था। सीएससी के प्रोराइटर राकेश गुप्ता ने बताया की सीएससी के माध्यम से छात्राओ को सभी तरह के ऑनलाइन सेवा प्राप्त होंगी। इस मौके पर जिला कंसलटेंट लौकेश



कुमार, प्रोफेसर नवल किशोर प्रसाद, प्रोफेसर प्रमोद पाठक, सुनील कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, अनिल कुमार, ज्योति सिन्हा, छोटन राम, प्रफुल्ल कुमार पांडे, विजय राम, पंकज राज विधायक सुपुत्र, रंजीत कुमार गुप्ता, कल्याणपुर मुखियामहेश मुंडा, अजीत कुमार, नीतीश वर्मा, दिनेश कुमार, ब्रह्मदेव चौरसिया, अनूप कुमार गुप्ता, वनांचल कॉलेज के कई लोग उपस्तिथ थे। विद्यार्थियों को ग्लोबल सर्टिफिकेशन कोर्स एवं रोजगार उन्मुख शॉर्ट टर्म कोर्स, वोकेशनल कोर्स आदि की शिक्षण संबंधी सेवा भी उपलब्ध करायी जायेगी, और ग्लोबल सर्टिफिकेशन कोर्स, माइक्रोसॉफ़्ट, टैलि, औटोकेड, अडोब फॉटोशॉप, आईआईटी बॉम्बे, एनआईईएलआईटी, सरकारी परीक्षा, आईबीएम जैसे संस्थाओं के ओर से उपलब्ध कोर्स कर सकते हैं। इस मौके पर जिला कंसलटेंट लौकेश कुमार, प्रोफेसर नवल किशोर प्रसाद, प्रोफेसर प्रमोद पाठक, सुनील कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, अनिल कुमार, ज्योति सिन्हा, छोटन राम, प्रफुल्ल कुमार पांडे, विजय राम, पंकज राज विधायक सुपुत्र, रंजीत कुमार गुप्ता, कल्याणपुर मुखियामहेश मुंडा, अजीत कुमार, नीतीश वर्मा, दिनेश कुमार, ब्रह्मदेव चौरसिया, अनूप कुमार गुप्ता, वनांचल कॉलेज के कई लोग उपस्तिथ थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**

**शुद्धि पत्र**

पत्रांक ........... कोडरमा/दिनांक ....../......./2023

निविदा सूचना सं0 – RDD/SD/KODERMA/16/2022-23 आमंत्रित किया गया है जिसमें क्रमांक 05 के i) में ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, कोडरमा/जिला नियंत्रण कक्ष कोडरमा के स्थान पर ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा/ एवं 05 के ii) में ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग/जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग के स्थान पर सिर्फ जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग पढा एवं समझा जाय। जिसका पी0 आर0 सं0 – 293849 है। निविदा की सभी शर्त्ते पूर्वत् रहेगा।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

PR 294493 Rural Work Department(23-24)#D

# कौन है असली दोषी?

मई 2008 के जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला न केवल चौंकाता है बल्कि कई अहम सवाल भी खड़े करता है। उन भीषण धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 200 लोग घायल हुए थे। इस मामले में गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में से चार को विशेष अदालत ने दिसंबर 2019 में फांसी की सजा सुनाई थी, जबकि एक शख्स को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। अब हाईकोर्ट ने इन चारों को बरी कर दिया है। उसके मुताबिक, इनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए। पुलिस को लापरवाही का दोषी पाते हुए हाईकोर्ट ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश भी दिए हैं। उसकी इस बात से सहमति जताई जा सकती है कि किसी भी मामले में साक्ष्यों की परख कड़ाई से की जानी चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि साक्ष्यों की परख का पैमाना क्या हो? हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस ने लापरवाही बरती और ठोस अकाट्य सबूत नहीं जुटाए। लेकिन फांसी की सजा सुनाने वाली विशेष अदालत का कहना था कि ऐसे मामलों में चश्मदीद गवाहों का मिलना मुश्किल होता है। इसलिए परिस्थितियों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर फैसला दिया जा सकता है। तो सवाल तो उठता है कि ऐसे मामलों में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर फैसला दिया जाना चाहिए या नहीं? दो भिन्न अदालतों के इतने अलग-अलग फैसले देख कर आम लोगों के मन में भी सवाल उठना लाजिमी है। यह कोई सामान्य बात तो नहीं कि जिन साक्ष्यों को एक अदालत ने फांसी जैसी सजा के लिए काफी माना, उन साक्ष्यों को दूसरी अदालत ने किसी भी सजा के लायक नहीं माना। उसने सबको बरी कर दिया। तो क्या पकड़े गए इन लोगों का सीरियल ब्लास्ट से कोई लेना-देना ही नहीं था? पुलिस ने निर्दोष लोगों को पकड़ लिया था? अगर ऐसा है तो फिर वे कौन लोग थे, जिन्होंने सीरियल ब्लास्ट को सचमुच अंजाम दिया था? क्या वे अब भी खुले घूम रहे हैं? हर हाल में पुलिस तंत्र और न्याय व्यवस्था को कड़े सवालों का सामना करना ही पड़ेगा। गौर करने की बात है कि यह कोई अकेला मामला नहीं है। बम धमाकों और आतंकी हमलों से जुड़े कई मामलों में पकड़े गए लोग ऊपरी अदालतों से छूटते रहे हैं। ऐसे में इस मामले को एक नजीर की तरह लेते हुए यह देखना जरूरी है कि आखिर गड़बड़ी कहां हो रही है? क्या पुलिस दोषियों को पकड़ने में आवश्यक सावधानी नहीं बरत रही या उनके खिलाफ सबूत जुटाने में लापरवाही हो रही है या फिर साक्ष्यों को परखने की प्रक्रिया में ही ऐसी कसौटियां अपनाई जा रही हैं, जो व्यावहारिक नहीं हैं? उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट में इन तमाम पहलुओं पर न सिर्फ बारीकी से विचार होगा बल्कि व्यावहारिक राह भी निकाली जाएगी।

**जयपुर ब्लास्ट केस में हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अदालत का ये फैसला कई सवाल खड़े करता है। इस धमाके में 71 लोगों की मौत हुई थी। अदालत ने धमाकों के आरोप में गिरफ्तार चार लोगों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**डिजिटल इंडिया का व्यापक प्रभाव अब पूरे देश में दिखाई दे रहा है। डिजिटल बुनियादी ढांचे का एक प्रमुख घटक माना जाने वाला 'आधार' अपनी अनूठी विशिष्टता की वजह से इस देश के डिजिटल शासन का एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है। केन्द्र और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की जाने वाली लगभग 1700 कल्याणकारी व सुशासन से जुड़ी योजनाएं इसका प्रमाण हैं।**

# डिजिटलीकरण: भारतीय अर्थव्यवस्था का एक अनूठा प्रेरक



**डॉ. सौरभ गर्ग**

एक अर्थव्यवस्था की लगभग हर गतिविधि की बुनियाद तैयार करने वाली एक राह के रूप में डिजिटलीकरण की अनिवार्य जरूरत को व्यापक तौर पर स्वीकार किया गया है। इंटरनेट का बढ़ता प्रसार, किफायती डेटा, तकनीकी नवाचार और इन सबसे भी बढ़कर, डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार का जोर सेवाओं की त्वरित आपूर्ति, बेहतर पहुंच और जवाबदेही में सुधार सुनिश्चित कर रहा है।

**डिजिटल बदलावों का असर :** वर्ष 2014-2019 की अवधि के दौरान, भारत की मुख्य डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी सकल मूल्य संवर्धन के 5.4 प्रतिशत से बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि के दौरान समग्र अर्थव्यवस्था की तुलना में डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.4 गुना तेजी से बढ़ी। हाल ही में प्रकाशित भारतीय रिजर्व बैंक के एक बुलेटिन के अनुसार, 2019 में कुल अर्थव्यवस्था में डिजिटल आधारित अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत थी।

सरकार का मुख्य जोर डिजिटल क्षेत्र से संबंधित सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) विकसित करने पर रहा है, जोकि अधिक सहभागी सेवा वितरण प्रणालियों के लिए डिजिटल घटकों की सार्वजनिक उपलब्धता सुनिश्चित करता है। बाजार की अगुवाई में होने वाले नवाचारों को प्रेरित करता है। सेवाओं के अधिक किफायती एवं त्वरित समावेशन को सुविधाजनक बनाता है, और अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शी प्रणालियों का विकास सुनिश्चित करके उपयोगकर्ता का भरोसा बढ़ाता है।

**पिछले पांच वर्षों की अवधि में 75 गुना वृद्धि के साथ 5.5 बिलियन यूपीआई-आधारित भुगतान संबंधी लेनदेन हर महीने किये जाते हैं।**

पहुंच, सामर्थ्य, कनेक्टिविटी और समावेशिता में सुधार लाने की दिशा में आगे बढ़ रहे डिजिटल इंडिया का व्यापक प्रभाव अब पूरे देश में दिखाई दे रहा है। डिजिटल बुनियादी ढांचे का एक प्रमुख घटक माना जाने वाला 'आधार' अपनी अनूठी विशिष्टता की वजह से इस देश के डिजिटल शासन का एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है। केन्द्र और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की जाने वाली लगभग 1700 कल्याणकारी व सुशासन से जुड़ी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। इन योजनाओं का लाभ आधार का उपयोग करके हासिल किया जाता है। आधार के उपयोग ने बिना किसी गड़बड़ी के लक्षित लाभार्थियों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित किया है। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कम्प्यूटरीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, 750 मिलियन पीडीएस लाभार्थियों के डेटा को आधार से जोड़ने के उपरांत लगभग 47 मिलियन फर्जी/नकली राशन कार्डों को हटाने और उचित मूल्य की दुकानों के स्वचालन के कारण अनाज प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखने वाले लोगों के हाथों में पहुंचने के मामलों में उल्लेखनीय कमी आयी है। इसके परिणामस्वरूप 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है। इसी तरह, रसोई गैस सब्सिडी योजना (पहल) में 8.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत और किसान सहायता योजना के तहत खुदरा विक्रेताओं को उर्वरक की बिक्री में 12 मिलियन मीट्रिक टन की कमी के परिणामस्वरूप 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है।



**सरकार का मुख्य जोर डिजिटल क्षेत्र से संबंधित सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) विकसित करने पर रहा है, जोकि अधिक सहभागी सेवा वितरण प्रणालियों के लिए डिजिटल घटकों की सार्वजनिक उपलब्धता सुनिश्चित करता है। बाजार की अगुवाई में होने वाले नवाचारों को प्रेरित करता है।**

**डिजिटल सुविधाओं का प्रसार :** देश में इस समय 1.17 बिलियन से अधिक मोबाइल टेलीकॉम उपभोक्ता, स्मार्ट-फोन का उपयोग करने वाले 600 मिलियन से अधिक लोग और 840 मिलियन इंटरनेट कनेक्शन हैं। वर्ष 2015 से 2021 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा लेने के मामले में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में इसमें 158 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंटरनेट के दायरे में शामिल होने वाले इन सभी गांवों को कम से कम 4जी मोबाइल सेवाओं से लैस किया गया है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच के डिजिटल सुविधाओं के मामले में अंतर में और कमी आएगी। कम लागत वाले फीचर मोबाइल फोन को क्षमता की दृष्टि से और अधिक शक्तिशाली बनाने के प्रयास भी चल रहे हैं। इस प्रकार, डिजिटल अर्थव्यवस्था को और अधिक समावेशी बनाना संभव हो पाएगा।

हाल ही में शुरू की गई 'डिजिटल इंडिया भाषिणी' परियोजना क्षेत्रीय भाषाओं में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने का प्रयास करती है। इस परियोजना में आवाज-आधारित पहुंच की सुविधा भी शामिल है। यह परियोजना भाषाओं की विविधता का ध्यान रखती है और इसका उद्देश्य उस भाषा में समाधान प्रदान करना है जिसमें लोग सहजता से जुड़ सकें।

**औपचारिकीकरण को प्रेरित करने वाला डिजिटल समावेशन :** डिजिटलीकरण अपेक्षाकृत अधिक वित्तीय समावेशन, व्यापक औपचारिकीकरण, उन्नत दक्षता और बेहतर अवसरों के जरिए आर्थिक विकास को गति प्रदान करता है। इस प्रयास में सहायक भूमिका निभाने वाले कुछ सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में आधार, यूपीआई, को-विन, डिजिलॉकर, दीक्षा आदि शामिल हैं। पैमाने के संदर्भ में अगर बात करें तो, देश की 94.5 प्रतिशत से अधिक आबादी के पास अब आधार उपलब्ध है और हर महीने 2.2 बिलियन से अधिक आधार संबंधित प्रमाणीकरण हो रहे हैं। इसी प्रकार, पिछले पांच वर्षों की अवधि में 75 गुना वृद्धि के साथ 5.5 बिलियन यूपीआई-आधारित भुगतान संबंधी लेनदेन हर महीने किए जाते हैं। कुल 1.1 अरब कोविन पंजीकरण हुए हैं। कुल 140 मिलियन लोगों ने डिजीलॉकर में अपने अकाउंट बनाए हैं और डिजिलॉकर रिपॉजिटरी में 5.6 बिलियन आधिकारिक डिजिटल दस्तावेज उपलब्ध हैं। ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले 286.5 मिलियन श्रमिकों का पंजीकरण हुआ है। पीएम-स्वनिधि पर 4.4 मिलियन स्ट्रीट वेंडर और उद्यम पोर्टल पर 12.7 मिलियन उद्यमों का पंजीकरण हुआ है। वर्ष 2017 से 2022 के दौरान जीएसटी भुगतान करने वालों की संख्या 7 मिलियन से बढ़कर 14 मिलियन हो गई है। ये सारे तथ्य इस बात के संकेत हैं कि चीजें किस तरह आकार ले रही हैं।

**ओपन सोर्स और भागीदारी वाले डिजिटल नवाचार :** भारत में, सरकार और निजी पक्षों द्वारा नवाचार के अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। यह देश के भीतर डिजिटल क्षेत्र में नए- नए नवाचारों को प्रेरित कर रहा है। एआई/एमएल जैसे नए युग की प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, भारत ओपन-सोर्स वाली एआई परियोजनाओं के मामले में योगदान करने वाला एक अग्रणी देश है। जहां तक सरकार का प्रश्न है, वह भी अपने खुद के कैप्टिव सैंडबॉक्स और टेस्ट-बेड की एक श्रृंखला के जरिए नए अनुप्रयोगों/उपयोग आधारित मामलों का डिजाइन तैयार करने और उनका परीक्षण करने हेतु उद्योग जगत के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है। इंडियास्टैक ओपन पब्लिक प्लेटफॉर्म के लिए आईस्पिरिट की भूमिका, तेज डिजिटल भुगतान के लिए एनपीसीआई, ओपन डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी, यूआईडीएआई इकोसिस्टम में मौजूद विभिन्न उपयोगकर्ता प्रतिष्ठान पीपीपी मॉडल के कुछ ऐसे उदाहरण हैं जो डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को गति दे रहे हैं।

**(लेखक : यूआईडीएआई के सीईओ हैं।)**

## जमशेदपुर/ओड़िशा और देश-विदेश की खबरें

# आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष ने सरकार और टाटा ग्रुप को दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह ने कोल्हान में आज के दिन को उद्योगों के लिए स्वर्णिम दिन बताया। श्री सिंह ने कहा एक तरफ टाटा स्टील लॉंग प्रोडक्ट में 971.34 करोड़ की लागत से 1.2 एमटीपीए इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के आधुनिकीकरण और विस्तार को लेकर जन सुनवाई की गई। वहीं दूसरी ओर टिनप्लेट कंपनी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, परिवहन मंत्री चंपई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, टाटा स्टील के एमडी टी वी नरेंद्रन सहित सभी विधायकों व गणमान्य लोगों की मौजूदगी में 2245 करोड़ के निवेश वाले प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई। जिसमें 5 हजार से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने झारखंड सरकार एवं टाटा स्टील प्रबंधन को बधाई दी।श्री सिंह ने मुख्यमंत्री से बंद पड़ी टायो व केबुल कंपनी को फिर से खोलने में पहल करने की घोषणा का स्वागत किया।

# आठ साल की बेटी ने पिता को सुसाइड करने से रोका तो उसी का मर्डर कर डाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नौ साल की बेटी की गला घोंटकर हत्या करने और उसका गला काटने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, मोहम्मद इकबाल खटाना को पिछले हफ्ते 29 मार्च को अपनी नाबालिग बेटी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि खटाना के अपनी पत्नी नगीना बेगम के साथ पिछले एक साल से संबंध तनावपूर्ण थे और वे अक्सर झगड़ते थे। अधिकारी ने कहा कि अपराध वाले दिन पेशे से टैक्सी चालक खटाना की अपनी पत्नी से सुबह तीखी नोकझोंक हुई थी। शाम को काम से लौटने के बाद उसने आत्महत्या करने की नीयत से चाकू उठा लिया। उन्होंने कहा कि जब आरोपी पंक्चर टायर ठीक कराने के बहाने घर से निकल रहा था तो उसकी बेटी उजमा ने उससे पांच रुपये मांगे। अधिकारी ने कहा, खटाना ने उसे 10 रुपये का नोट दिया। उसकी पत्नी उसके पीछे-पीछे आंगन तक गई। हालांकि, उजमा अपने पिता के पीछे-पीछे मुख्य सड़क तक गई।ह्व उन्होंने कहा कि लड़की की मां सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने समझा कि उजमा अपने पिता के साथ गई है। अधिकारी ने कहा, खटाना ने उजमा को अपने वाहन में बिठा लिया और एक घंटे से अधिक समय तक गाड़ी चलाता रहा तथा उसने सड़क के सुनसान होने का इंतजार किया ताकि वह खुद को मार सके। उन्होंने कहा, जैसे ही लोग तरावीह (रमजान में पढ़ी जाने वाली नमाज) के लिए निकले वैसे ही उसने एक जगह अपना वाहन रोका। वहां, उसने लगभग दो से तीन मिनट तक उजमा का गला घोटा, जिससे लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद आरोपी अपने घर चला गया और अपनी बेटी के शव को बगल में लकड़ी के बने, अपने चाचा के घर में ले गया। उन्होंने कहा, फिर उसने चाकू से उसका गला काट दिया, ताकि दोष बगल के घरों में रहने वालों पर पड़े।

# सुवर्णरेखा परियोजना की गालूडीह बॉबी मुख्य नहर का मामला सांसद से उठाया

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लोकसभा में नियम 377 के अधीन सूचना देते हुए सांसद बिद्युत बरण महतो ने सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराया। श्री महतो ने कहा पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत सुवर्णरेखा परियोजना के गालूडीह बॉबी मुख्य नहर के 7.03 किमी से 10.23 किमी के बीच विगत 9 वर्षों से निर्माण कार्य अधूरा है। लगभग 65 किमी लम्बे नहर से किसानों को उपलब्ध सिंचाई की सुविधा नहीं हो पा रही है। नहर के एक भाग का निर्माण कार्य वर्ष 2013-14 में 85.00 करोड़ में आवंटित किया गया था। जिसे दो वर्ष में पूरा करना था। लेकिन 9 वर्ष बीत जाने के बाद अब तक मात्र 50 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ। संबंधित के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में चांडिल काम्पलेक्स के मुख्य अभियंता के द्वारा मार्च 2022 में की गई अनुशंसा के आलोक में कार्य के संवेदक को जल संसाधन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा पत्रांक 269, दिनांक 23.06.2022 में, एजेंसी को दिनांक 31.03.2023 तक समय की स्वीकृति प्रदान की गई है। जबकि इकरारनामा के प्रावधानों के अनुसार इस कार्य को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करने की कार्रवाई होनी चाहिए थी। जल संसाधन विभाग झारखण्ड द्वारा समय वृद्धि की स्वीकृति के उपरांत संवेदक को बड़ी राशि का भुगतान कर कथित रूप से सरकारी राजस्व की क्षति पहुंचाई गई है। समय की वृद्धि होने के बाद भी उक्त संवेदक द्वारा कार्य को पूरा नहीं किया गया है। सांसद ने जल शक्ति मंत्रालय को किसानों की कठिनाईयों को देखते हुए उक्त कार्य को अविलंब पूरा करने की अपील की गई।

# पहले हुआ प्यार, फिर परिजनों के सामने मंदिर में रचायी शादी



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला के पटमदा कटीन बाजार स्थित लालडुंगरी शिव मंदिर में प्रेमी युगल ने परिजनों व समाजसेवियो की उपस्थिति में शादी के बंधन से जुड़ गया। सोमवार को कश्मार पंचायत के बलियागोड़ा मुदीडीह निवासी शशाधार मुदी के लड़की राखी मुदी और कुमारदा निवासी गुरुपद कर्मकार के पुत्र कृष्णा कर्मकार के परिजनों के समक्ष शिव भगवान को साक्षी मानकर स्वेच्छा से माला बदल कर पुजारी मंटू महापात्रों की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण के साथ शादी संपन्न करवाया गया। परिजनों ने थाना में केश के डर से अपने परिजन व रिश्तेदारों के साथ एक दूसरे के साथ रहने की कसम खाई। युवक और युवती ने पहले प्यार फिर मंदिर में रचाई शादी। विवाह समारोह में कश्मार पंचायत की मुखिया लक्ष्मी रानी सिंह,मनवेश बनर्जी, गोपालपुर ग्राम प्रधान संदीप मिश्रा,किसान महतो, दिव्येंदु मिश्रा, ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो सहित दोनो पक्षों के दर्जनों लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जेबीवीएनल के नये टैरिफ का प्रस्ताव 3 अप्रैल से

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जेबीवीएनल के नए टैरिफ के प्रस्ताव पर तीन अप्रैल से जनसुनवाई शुरू हो रही है। सोमवार को आदित्यपुर डिवीजन के विद्युत कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया जेबीवीएनल के द्वारा दिये गए प्रस्ताव के अनुसार 25 से 75 पैसे प्रति यूनिट दर में वृद्धि हो सकती है। सोमवार से राज्य भर में जनसुनवाई शुरू हो रही है। उन्होंने बताया यह प्रस्ताव 2020 का ही है। कोरोना की वजह से जनसुनवाई नहीं हो पा रही थी। राज्य विद्युत नियामक आयोग झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के टैरिफ पीटिशन पर सभी प्रमंडलों में एक-एक जनसुनवाई करेगा।टैरिफ पीटिशनवित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए फाइल की गई थी। जिसके आधार पर बिजली दर का निर्धारण होगा। जिसपर जनसुनवाई तीन अप्रैल से 13 अप्रैल तक होगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने सभी प्रमंडलों के लिए जनसुनवाई की तिथि जारी कर दी है।

# भारतीय रेल का वित्तीय वर्ष 2022-23 में माल ढुलाई में अभी तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ओड़िशा।** भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2022-23 में फ्रेट बिजनेस यानी माल ढुलाई से हासिल राजस्व में इतिहास रचते हुए अभी तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय रेल ने इस साल कुल 1512 एमटी की फ्रेट लोडिंग हासिल की, जो वित्त वर्ष 2021-22 के 1418 एमटी से 94 एमटी यानी लगभग 7 प्रतिशत ज्यादा है। इससे पहले वित्त वर्ष 2021-22 ही फ्रेट लोडिंग में सबसे अच्छा साल रहा था। निम्नलिखित ग्राफ से पिछले 5 साल के दौरान माल ढुलाई में बढ़ोतरी का पता चलता है। भारतीय रेल की माल ढुलाई यूनिट यानी एनटीकेएम (कुल टन किलोमीटर) ने भी वित्त वर्ष 2022-23 में 10 प्रतिशत की प्रभावशाली बढ़ोतरी के साथ 903 अरब एनटीकेएम का आंकड़ा दर्ज किया, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 820 अरब एनटीकेएम रहा था। इस तरह भारतीय रेल ने पहली बार 900 अरब का आंकड़ा पार किया है। भारतीय रेल ने कंटेनरों में 74.6 एमटी कोयले की ढुलाई की। इसके बाद बाद 8.7 एमटी अन्य सामान, 5.6 एमटी सीमेंट और चिंकर, 7.1 एमटी उर्वरकों की ढुलाई की। इसके साथ ही पीओएल में 4 एमटी की ढुलाई की गई। वित्त वर्ष 2022-23 में बिजली और कोयला मंत्रालय के साथ नजदीकी समन्वय के साथ बिजली घरों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे के निरंतर प्रयास उसके माल ढुलाई से जुड़े प्रदर्शन की प्रमुख विशेषताओं में से एक रहे हैं।

## पिछले साल यह आंकड़ा 485 एमटी रहा था

**वित्त वर्ष 2022-23 में बिजली घरों को कोयले (घरेलू और आयातित दोनों) की लोडिंग 84 एमटी या 17.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 569 एमटी के स्तर पर पहुंच गई, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 485 एमटी रहा था। बिजली घरों को कोयले के परिवहन में शानदार प्रदर्शन के साथ, ऑटोमोबाइल की लोडिंग रेलवे के लिए वित्त वर्ष 2022-23 की प्रमुख खासियतों में से एक रही। वित्त वर्ष 2022-23 में ऑटोमोबाइल की कुल 5527 रैक लोड की गईं, जबकि बीते साल यानी 2021-22 में 3344 रैक लोड की गई थीं। इस प्रकार, इस साल 65 प्रतिशत ज्यादा रैक लोड की गईं। इसके साथ ही, भारतीय रेलवे ने लगातार 31 महीने तक सबसे अच्छी मासिक ढुलाई की है, जिसकी शुरूआत सितंबर 2020 से हुइ थी। इस वर्ष यात्रियों के मोर्चे पर भारतीय रेल का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा और साथ ही पिछले वर्ष के 344 करोड़ की तुलना में भारतीय रेल के यात्रियों की संख्या 80 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के साथ 623 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई। 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ भारतीय रेलवे का सकल माल राजस्व 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है और साथ ही, इसके पिछले वर्ष की तुलना में 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ यात्री राजस्व 60,000 करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। माल ढुलाई व्यवसाय में वृद्धि के साथ यात्री व्यवसाय में बढ़ोतरी के चलते पहली बार भारतीय रेल का कुल माल और यात्री राजस्व 2 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया है। इस प्रकार, संयुक्त राजस्व 2.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है।**

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 04 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
07

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रघुवर दास ने बंशीधर मंदिर में की पूजा अर्चना



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व सीएम सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने सोमवार को यहां श्री बंशीधर मंदिर में दर्शन पूजन कर बंशीधर जी से राज्य में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर के आचार्य सत्यनारायण मिश्र के वैदिक मंत्रोचार के बीच उन्होंने बंशीधर जी की आरती उतारी तथा विधिवत पूजा-अर्चना की। दर्शन पूजन के दौरान श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से पूर्व सीएम को चुनरी ओढ़ाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया गया। दर्शन पूजन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बंशीधर मंदिर मां राधा एवं भगवान कृष्ण की बहुत ही प्राचीन मंदिर है। मैं जब भी गढ़वा आता हूं तो भगवान बंशीधर जी का दर्शन करने जरूर आता हूं। इसके पूर्व पूर्व सीएम श्री दास के बंशीधर मंदिर पहुंचने पर भाजपा महिला मोर्चा की नेताओं ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया एवं उन पर पुष्प वर्षा की। उन्होंने बंशीधर मंदिर के बगल में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर एवं संत रविदास की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर विधायक भानू प्रताप शाही, पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, पुलिस इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, पुअनि राहुल कुमार, भाजपा नेता जवाहर पासवान, भगत दयानंद यादव, लक्ष्मण राम, संतोष दूबे, अरविंद कुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, रमना की प्रमुख करूणा सोनी, विकास स्वदेशी, आनंद कमलापुरी, लवली आनंद, संजय कांस्यकार, अशोक सेठ समेत बड़ी संख्या में भाजपा के लोग मौजूद थे।

### व्यवसायी संघ ने रघुवर दास का किया स्वागत



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** जनता की चौपाल कार्यक्रम के तहत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास सोमवार को भवनाथपुर पहुंचे। सदाबहार होटल के समीप व्यवसायी संघ के अध्यक्ष नीतिश गुप्ता एवं सचिव नवल किशोर सहित अन्य व्यवसाइयों द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। व्यवसायी संघ के द्वारा उन्हें अंग वस्त्र तथा स्थानीय विधायक एवं पूर्व सीएम को वृहत माला पहनाकर जबकि प्रखंड के भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा म तलवार भेंट कर स्वागत किया गया। तदोपरांत व्यवसायिक संघ ने भवनाथपुर में बस स्टैंड एवं बाजार समिति की जमीन पर दुकान के लिए भवन निर्माण करने सहित सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव ने की। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, बबलू पटवा, अनिल चौबे, जिला महामंत्री मनोज सिंह, मनोज पहाड़िया, धनंजय साह, रवि पाल, राकेश रवि, मनु उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने की भवनाथपुर प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने सोमवार को भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखंड कर्मियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने विभागवार उपस्थित कर्मियों से मनरेगा, 15वें वित्त, पीएम आवास योजना, प्रज्ञा केन्द्र सहित प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी कर्मियों को टीम भावना से काम करते हुए मुख्य रूप से प्रखंड में अधूरे योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। हमसभी को सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचाने का कर्तव्य है। उपायुक्त ने कहा कि आवास के पहले किस्त लेकर घर नही बनाने वाले लाभुकों पर सख्त कानूनी कारवाई करते हुए नीलामी पत्र दायर कर 12 प्रतिशत ब्याज सहित पैसे की वसूली किया जाएगा। बैठक के बाद पंचायत समिति सदस्य चंदन ठाकुर ने आवेदन देकर पीडब्लूडी के खाली जमीन में बस स्टैंड बनाने, ग्रीन राशन कार्ड धरियों को राशन उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री आवास से बंचित लोगो की नाम जोड़ने सहित पांच सूत्री मांग पत्र दिया। आदिम जनजाति लहरहा निवासी रामप्रीत कोरवा ने उपायुक्त को आवेदन देकर आदिम जनजाति टोला लहरहा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराने, टाउनशिप से लेकर आदिम जनजाती टोला झुरही से लहरहा तक पीसीसी पथ निर्माण, वन में रह रहे आदिम जनजाति परिवार को वन पट्टा दिलाने की मांग किया। बैठक में एसडीओ आलोक कुमार, बीडीओ जयपाल महतो, प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद रंजनी शर्मा, उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, मुखिया बेबी देवी, सरिता देवी, शुकनी देवी, इसरत जहां, बेबी देवी, नंदलाल पाठक, बीपीओ दयानन्द प्रजापती, जेई श्याम कुमार चौधरी, प्रेमचंद गुप्ता, नागेंद्र शर्मा, सीआई इंतिखाब आलम उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** पूर्व मुख्यमंत्री ने नगर उंटारी में जन पंचायत कार्यक्रम को किया संबोधित

# झारखंड में परिवारवाद की सरकार है : रघुवर दास

**11 अप्रैल को पूरे झारखंड की जनता से राज्य सरकार के खिलाफ रांची में जुट कर अपनी आवाज को बुलंद करते हुए हल्ला बोलने का किया आह्वान**

प्रशांत सहाय

**बंशीधर नगर।** गांवों में लोकतंत्र की आत्मा बसती है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जनता की बात सुननी होगी। मैं मुख्यमंत्री था तो जनता के बीच में जाकर उनकी समस्याओं को सुनता था उसका निवारण करता था, परंतु आज राज्य में परिवारवाद का शासन है। उक्त बातें भाजपा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने नगर उंटारी के बिलासपुर ग्राम में आयोजित जन पंचायत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार विकास विरोधी, गरीब विरोधी, जन विरोधी, किसान विरोधी एवं युवा विरोधी है। उन्होंने कहा कि अबुआ सरकार की नारा देने वाली यह सरकार बबुआ की सरकार है। उन्होंने कहा कि राज्य में व्यापक अराजकता है। जिस राज्य में अराजकता रहेगी वहां अवैध वसूली एवं भ्रष्टाचार कायम रहेगा। गढ़वा से हजारों ट्रक बालू उत्तर प्रदेश में प्रतिदिन जाया करता है और गढ़वा में गरीबों को आवास बनाने के लिए मोटी रकम चुका कर बालू लेना पड़ रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस कभी झारखंड का विकास नहीं चाहती है। झारखंड अलग राज्य बनने में कांग्रेस हमेशा बाधा डालती रही है। उन्होंने कहा कि 32 का खतियान का राग अलापने एवं भाषा का विवाद को बढ़ाने वाले मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड को पीछे धकेलने का काम किया है। रघुवर दास ने कहा कि आगामी 11 अप्रैल को पूरे झारखंड की जनता को मिलकर राज्य सरकार के खिलाफ रांची में जुट कर अपनी आवाज को बुलंद करते हुए हल्ला बोलना होगा।



### भ्रष्टाचार में डूबी है हेमंत सरकार : भानु प्रताप शाही

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। जन पंचायत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि झारखंड की सरकार गरीब विरोधी और भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शासनकाल में पूरे राज्य में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। गरीब अपनी जमीन का ऑनलाइन कराने के लिए जब सीओ कार्यालय जाते हैं वहां पर गरीबों को फटकार मिलती है जो पैसा देता है उसका काम होता है। पूरे राज्य की जनता इसे भली-भांति देख रही है समय आने पर हेमंत सरकार को जवाब झारखंड की जनता अवश्य देगी।

उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी एवं वे मुख्यमंत्री थे तो सोन ओर कनहर का पानी से पूरे गढ़वा को सिंचित करने हेतु पाइप लाइन बिछाने की योजना को पास किया था, जिसका कार्य क्षेत्र में किया भी जा रहा है। परंतु इस सरकार में उसकी गति बहुत धीमी है। यह सरकार सभी क्षेत्रों में विफल है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि सरकार के खिलाफ मुखर हो अपनी आवाज को बुलंद करें। भारतीय जनता पार्टी उनकी आवाज को बुलंदी के साथ उठाएगी और उनका एक-एक कार्यकर्ता आम आवाम के हितों के लिए सरकार से लड़ने के लिए तैयार हैं। रघुवर दास ने कहा कि हेमंत सरकार एक वर्ग विशेष को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। मौके पर भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही, रामचंद्र केशरी, शारदा महेश प्रताप देव, शिवधारी राम, अलख पांडेय, ब्रजमोहन राम, मुकेश चौबे, विकाश पांडेय, सोनू सिंह, लवली आनंद, अशोक सेठ सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसके पूर्व भानु प्रताप शाही ने तलवार एवं शॉल ओढ़ाकर रघुवर दास को सम्मानित किया।

## पूर्व विधायक पर नहीं हुई कार्रवाई तो होगा आंदोलन : अनुसूचित जाति महासभा

**रामनवमी के दिन रंका में भाजपा एवं झामुमो में हुई झड़प का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढवा।** रंका विधानसभा क्षेत्र में एससी एसटी एक्ट के तहत पूर्व विधायक के ऊपर एफआईआर दर्ज कराने एवं अपहरण मामले में किसी भी तरह की जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई नहीं करने के बाद अनुसूचित जाति महासभा के द्वारा सोमवार को चिनिया रोड स्थित पद्मावती होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में बोलते हुए महासभा के उपाध्यक्ष धर्मराज पासवान ने कहा कि 30 मार्च को रामनवमी के दिन पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के द्वारा हमारे अनुसूचित जाति महासभा के सदस्य एवं कंचनपुर के बीडीसी शिव शंकर राम के साथ जाति सूचक शब्द का प्रयोग एवं अभद्रता का प्रयोग किया गया। जो बहुत ही निर्दनीय है। जिसके बाद शिव शंकर राम के द्वारा रंका थाने में पूर्व विधायक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया। जिसके बाद 1 अप्रैल को शिव शंकर राम के पुत्र नंदू राम के द्वारा पुनः रंका थाने में उनका अपहरण का मामला दर्ज कराया गया। किंतु अब तक जिला प्रशासन इस मामले में किसी भी तरह की कार्य नहीं की है और शिव शंकर राम का कहीं भी पता नहीं चल रहा है। लोग उनके अपहरण से चिंतित हो गये हैं। कल अनुसूचित जाति महासभा के सभी सदस्य जब शिव शंकर राम के घर पहुंचे तो उनका अपहरण का मामला प्रकाश में आया। जिसे लेकर हम सभी यह गढ़वा जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि पूर्व विधायक पर कार्रवाई करे एवं इसकी सत्यता की जांच कर उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाये। मौके पर महासभा के रामचंद्र पासवान, कार्यकारी सदस्य लल्लू राम, चंदन पासवान, विजय राम, जितेंद्र कुमार मौजूद थे



### रिश्तेदार के घर थे नहीं हुआ है मेरा अपहरण, झामुमो के लोगों ने बरगलाकर करायी प्राथमिकी : शंकर राम

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों चल रहे एक हाई प्रोफाईल मामले ने उस समय करवट ले ली जब पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के विरुद्ध रंका थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाने वाला व्यक्ति मीडिया के सामने आकर अपना बयान जारी किया। रंका प्रखंड के मानपुर पंचायत के पंसस भुक्तभोगी शंकर राम ने खुद मीडिया के समक्ष यह स्वीकार किया कि पूर्व विधायक से उसका करीब 12 वर्ष पुराना संबंध है। झामुमो के लोगों ने बरगलाकर मुझ से पूर्व विधायक एवं उनके कुछ समर्थकों पर प्राथमिकी दर्ज करायी। इस बात का उन्होंने न्यायालय में भी शपथ पत्र दिया है। उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा कि गलती हुई है। यह बात मैं कहीं भी कहूंगा। रामनवमी के दिन रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा के बुलावे पर उनके घर गया था। इसके बाद मैं अपने रिश्तेदार के यहां छत्तीसगढ़ के महावीरगंज चला गया था। इसी दौरान मुझे जानकारी मिली कि मेरा अपहरण का मामला भी रंका थाने में दर्ज करा दिया गया। इसके बाद मैं वहां से वापस आ गया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक से मेरा किसी प्रकार का कोई विवाद ही नहीं हुआ है। हालांकि उन्होंने कहा कि मैं वर्तमान में झामुमो में एक कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा हूं। इससे पहले मैं भाजपा में था।

### रघुवर दास ने भागोडीह में बने बिजली सब स्टेशन का किया निरीक्षण

**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत भागोडीह में बने बिजली सब स्टेशन का निरीक्षण राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के उपाध्यक्ष रघुवर दास ने किया। उन्होंने कहा कि जिले में बिजली की समस्या को देखते हुए 29 अगस्त 2017 को शिलान्यास किया था। आज बिजली सब स्टेशन भागोडीह 220/135 से लोगों को 21 से 22 घंटा निर्बाध बिजली मिला पा रही है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि बिजली सब स्टेशन बनवा कर लोगों की बिजली की समस्या को भाजपा ने दूर करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जनता जानती है कि सब ग्रीड किसने बनवाया है। विधायक भानु प्रताप शाही सहित सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वागत किया। वहीं भगत सिंह चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक, हरि गणेश, चौक सर्वेश्वरी,पर श्री दास का स्वागत किया। मौके पर विधायक भानू प्रताप शाही पूर्व मंत्री रामचंद्र भाजपा नेता जवाहर पासवान, भगत दयानंद यादव, लक्ष्मण राम, पुष्प रंजन मेहता, संतोष दूबे, अरविंद कुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, शैलेंद्र सिंह, राजेश कुमार सिंह, अजय सिंह, सुमन गुप्ता, मंतोष पासवान, संजय ठाकुर, प्रमोद यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा के लोग मौजूद थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गढ़वा में की गयी नये सत्र की शुरुआत



**बच्चों को तिलक लगाकर फूलों से विद्यालय में किया गया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गढ़वा में नये सत्र की शुरुआत की गई। बच्चों को तिलक लगाकर फूलों से विद्यालय में स्वागत किया गया। विद्यालय के निदेशक अनूप सोनी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और संकल्प दिलाया कि अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने का पूरा प्रयास करना चाहिए। जिससे आपके माता-पिता को आप पर गर्व हो। अगर विद्यालय में पढ़ाई के दौरान किसी तरह की असुविधा हो तो आप अपने संबंधित शिक्षक से पूछें जिससे आपका संदेश दूर हो सके और आप अपने वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक से पास हो सके और पीछे सत्र की तरह वार्षिक उत्सव के मंच पर आपको भी सम्मानित किया जा सके और अंत में सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित विद्यालय के सेक्रेटरी आलोक सोनी, इंजीनियर धीरज, आकाश कुमार, सोनू कुमार, मीडिया प्रभारी नूर आलम तथा सभी शिक्षक सुमित सोनी, सूरज कुमार, सत्य प्रकाश वर्णवाल, आलोक कुमार, नेहा प्रीति लकड़ा, ममता टोपनो, नम्रता तिर्की, रश्मि सिन्हा, कविता चौधरी, प्रियंका पांडेय, रागिनी कुमारी, सोनी कुमारी, सुतापा सेन,अमित सोनी,आलका मैम आदि उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

शुद्धि पत्र

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **हजारीबाग** के ई–निविदा आमंत्रण संख्या– **300/2022-23/RWD/HAZARIBAGH,** दिनांक– **23.03.2023**, PR No.- **293501** द्वारा प्रकाशित निविदा में क्र0सं0– 01, 02 और 03 में कार्य समाप्ति की अवधि **18 माह** के स्थान पर **15 माह** पढ़ा जाए।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294454 (Rural Work Department) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

शुद्धि पत्र

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला के ई–निविदा आमंत्रण संख्या– **347/2022-23/RWD/CHAKRADHARPUR,** दिनांक– 31.03.2023, PR No.- **294161,** द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण में– **347/2022-23/RWD/CHAKRADHARPUR** के स्थान पर **347/2022-23/ RWD/GUMLA** पढ़ा जाए।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.294394 Rural Work Department(23-24):D

कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा

आम सूचना

जिला परिषद, सिमडेगा अंतर्गत वर्त्तमान में निबंधित इच्छुक संवेदकों को सूचित किया जाता है कि अपना निबंधन श्रेणी उन्नयन हेतु दिनांक –05. 04.2023 से 06.04.2023 तक कार्यालय अवधि में अपना आवेदन समर्पित कर सकते हैं। नियम एवं शर्त्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद सिमडेगा।

PR 294335 District(22-23)D

**कार्यक्रम :** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा का पद प्रतिष्ठापन समारोह का आयोजन

## पदस्थापना पदाधिकारी ने नये सत्र के पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

**नये अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता ने मानवता की सेवा में और अच्छा कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा का पद प्रतिष्ठापन समारोह स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में दिनांक 2 अप्रैल 2023 को संपन्न हुआ। पदस्थापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेन्ट्रल कमेटी सदस्य सर्वश्री अजय कांत पाठक, फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडे, स्पेशल कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एमपी केसरी नगर परिषद के उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा पांडे, यूनिट 2 के डायरेक्टर मनोज केसरी रूप गंजी, फेडरेशन पदाधिकारी श्रीमती सीमा केशरी एवं डॉ अशोक सोनी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर पदस्थापना पदाधिकारी यूनिट 2 के डायरेक्टर मनोज केसरी ने नये सत्र के निर्वाचित जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष आंतरिक राकेश बाबू सर्राफ, उपाध्यक्ष बाह्य अशोक गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक कुमार चंद्र भूषण सिन्हा, वित्त निदेशक अशोक केसरी, और निदेशक मंडल के मुजिबुद्दीन खान,डॉ वीरेंद्र कुमार, सुनील अग्रवाल, अशोक विश्वकर्मा, रविंद्र केशरी, मनदीप प्रसाद, अवधेश कुशवाहा एवम संतोष मेहता को शपथ दिलायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़वा ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केसरी एवं संचालन फेडरेशन 8 के निवर्तमान सचिव नंद कुमार गुप्ता ने किया शपथ ग्रहण के पश्चात नये अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में नये कार्यकाल में मानवता की सेवा में और अच्छा सेवा कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। पद स्थापना समारोह में जायन्ट्स के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये एवं अपना आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व यूनिट डायरेक्टर दीपक तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, लायंस सिटी के राजमणि प्रसाद, रामनारायण प्रसाद, दया शंकर गुप्ता, उमेश कश्यप, दौलत सोनी, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी, विनोद गुप्ता, सुरेश गुप्ता, मनोज केशरी सन रेडियो, चंदन कुमार, अरुण सोनी, उदय गुप्ता, लखन बाबू सर्राफ, शौकत खान, राजेश बाबू सर्राफ, संजय ठाकुर, विजय केशरी, विजय जेनरल, रवि केशरी राजघराना, रितेश केशरी, मोनू सहित अन्य सदस्य एवं शहर के अनेको गण्यमान्य नागरिक उपस्थित थे।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



अज्ञात मृतक पुरूष का शव,

उपरोक्त अज्ञात मृतक पुरूष का शव बुण्डु थाना जिला राँची के अन्तर्गत ग्राम गोवाईडीह, एन0एच–33 में दुर्गा होटल के सामने से बरामद किया गया है। जिसके संबंध बुण्डु थाना काण्ड सं0–17/2023, दिनांक–25.01. 2023 धारा–279/304(ए) भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। अगर अज्ञात मृतक पुरूष का शव के बारें में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे अंकित मोबाईल नं0 पर सूचना उपलब्ध कारा सकते है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय राँची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, बुण्डु, राँची। –9431706144
थाना प्रभारी बुण्डु,राँची। –9431706191

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR.NO.294366 Police(23-24):D

## झारखंड आंदोलनकारी ने एसपी को दिया आवेदन



**लोहरदगा।** महिला झारखंड आंदोलनकारी सीता उरांव ने सोमवार को धमकी देने एवं जान-माल की रक्षा करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा को आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि मैं सीता उरांव, पति रामदयाल उरांव, ग्राम जीतिया टोली, थाना सेन्हा जिला लोहरदगा की स्थाई निवासी हूं। मैं झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग ले चुकी हूं। विगत दिनों निम्नलिखित कथित झारखंड आंदोलनकारी (1) रामनंदन साहु, ग्राम जोगना, थाना-सेन्हा, जिला लोहरदगा, (2) अमानत अंसारी, ग्राम कल्हेपाट, थाना सेन्हा और जिला लोहरदगा, (3) पुष्कर महतो, पिता-स्व. धीराज महतो, मुहल्ला ढुमसा टोली, थाना चुटिया, जिला रांची आदि के द्वारा झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिह्नितीकरण कराने हेतु पैसे की मांग करने के संबंध में मीडिया के समक्ष अपना बयान दी थी। उस बयान को लेकर उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा तब से लेकर अब तक बार-बार मेरे निवास स्थान में आकर धमकियां दी जा रही है। मुझे आशंका है कि उक्त लोगों के द्वारा मेरी जान-माल को नुकाशान पहुंचा जा सकता है। उन्होंने अनुरोध किया है कि उक्त लोगों के विरुद्ध कानूनी कारवाई करते हुए मेरी जान-माल की रक्षा करने की की जाये।

## सेन्हा में कुएं में डूबने से युवक की मौत



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव ईंट भट्ठा के समीप कुएं पर नहाने के दौरान युवक का पैर फिसल गया जिससे वह कुएं में गिर गया। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से अचेत अवस्था में युवक को निकल कर सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित किया। मृत युवक की पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र अंतर्गत जुरिया सोवरन टोली निवासी स्व. पांडुवी उरांव के 40 वर्षीय पुत्र बसंत उरांव के रूप में किया गया। वो राजमिस्त्री का काम करता था। जो एक अप्रैल को अपने ससुराल भड़गांव आकर अपने ससुर का नवनिर्मित पीएम आवास में दरवाजा खिड़की लगाने का काम कर रहा था। इसी बीच अपने ससुर बासुदेव उरांव को बोल कर निकला कि दीवार को काट कर रखिए नहा कर आते हैं। तो दरवाजा लगाएंगे। लेकिन काफी समय होने पर ससुर अपने कुएं पर जा कर देखा तो नही पाया। उसी समय संदेह उतपन हुई तो कुएं में झांक कर देखा तो रस्सी एवं चप्पल कुएं में तैरता दिखा तो ग्रामीणों के मदद से खोज करते हुए कुएं से अचेत अवस्था में निकाल अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उसकी मौत डूबने से हो चुका था। चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषितकर दिया। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस पदाधिकारी सआनि जमशेद खान शस्त्र बल के सहयोग से शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई है।

## ब्राह्मणडीहा गांव में सरहुल का जुलूस निकाला



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा के ब्राह्मणडीहा गांव में 3 अप्रैल को प्रकृति पर्व सरहुल का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से हर्षोउल्लास के साथ निकाला गया। लोगों ने पारंपरिक भेष भूसा और मांदर के थाप के साथ भव्य शोभायात्रा भी निकाली। इसमें समीपवर्ती गांव के महिला पुरुष भी पारंपरिक गाजे बाजे के साथ शामिल हुए और ढोल नगाड़ों के बीच सरहुल गीतों पर नृत्य किया। गांव के आखाडा में सरना पूजा पाठ के बाद जुलूस निकाला गया। गांव भ्रमण के बाद चट्टी होते हुए जुलूस गांव वापस लौटा। इससे पूर्व स्थानीय पहान, पुजार ने सुख समृद्धि की कामना की। शांति व्यवस्था के लिये पुलिस भी मौजूद थी। इस दौरान विजय उरांव, बंधनु उरांव, मांगे उरांव, जयराम, दुर्गा, एतवा उरांव, रन्थु उरांव, टूनु पहान, हिरु उरांव, प्रवीण, बिरसा, गरभू उरांव, अजय, एतवरिया उरांव, गुड़िया उरांव आदि उपस्थित थे।

## विधिवत पूजन हवन के साथ नये सत्र की शुरुआत



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में सोमवार को विधिवत पूजन हवन के साथ नवीन सत्र की हुई शुरूवात। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में नवीन सत्र प्रारम्भ से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से मानस पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ के साथ सत्र प्रारम्भ किया गया। पूरे वर्ष भर योजनानुसार शैक्षिक गतिविधि लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण हो ऐसे कामना ईश्वर से किया गया। पूजन हवन कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहन व अचार्य आचार्या तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के पदादिकारी उपस्थित थे। वही विद्यालय के प्रधनाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से पठन पाठन करवाया जाना उचित है। इस उद्देश्य से लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया गया। मौके पर विद्यालय के अचार्य आचार्या के अलावे सभी छात्र छात्राएं परिथत थे।

## पीएलवी की हुई मासिक बैठक, शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने जिले में प्रतिनियुक्त सभी पीएलवी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मार्च माह में किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। साथ ही आगामी माह में झालसा द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सुचारू रूप से करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में डालसा सचिव ने कहा कि निर्धारित सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना है जिसके लिए अब आप लोगों के सहयोग के लिए एलएडीसी पैनल के अधिवक्ता भी सहयोग करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि माह के फर्स्ट वीक में डोर टू डोर कंपेन और सभी पीएलवी को दो लीगल लिटरेसी क्लब करना है। साथ ही 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस और 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता लाना है। इसके अलावा इस माह क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन विभिन्न विद्यालयों में किया जायेगा। डालसा सचिव ने यह भी कहा कि समय-समय पर माननीय उच्च न्यायालय से स्कूल ड्राप आउट बच्चों को लेकर दिशा निर्देश आते रहते हैं जिसका अक्षरशः अनुपालन हम सब को करना है। मौके पर रोहित तमेडा, नेमहंती मिंज, मंजू खाखा, सुनेश्वर उरांव, पुन्नु देवी, दुखिंता मिंज, छाया देवी, दिलीप साहू, आशीष वर्मा, सीमा कुमारी, रवि लोहरा, प्रियांशु यादव, जितेंद्र राम, दीपक साहू, अजहर अहमद आदि उपस्थित थे।

## बालू खनन के विरुद्ध अभियान, पांच वाहन जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के बालू घाटों सोमवार को पहले सुबह सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान खनन विभाग ने नदी से तीन अवैध बालू खनन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त किया। खनन विभाग और पुलिस के संयुक्त छापामारी के दौरान अवैध बालू उठाव कर रहे लोग ट्रैक्टर को छोड़कर भाग निकले। जांच के दौरान स्टोन लदा दो हाईवा को भी खनन विभाग ने जब्त किया है। एक हाईवा समेत तीन अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया। लोहरदगा डीएमओ राजा राम प्रसाद के नेतृत्व में यह अभियान अवैध खनन को रोकने के लिए चलाया गया। अभियान से बालू माफियाओं में हलचल मची हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी, मेढ़ो और जोगना नदी से बड़े पैमाने पर अवैध बालू का उठाव किया जाता है जिसके रोकथाम के लिए अब खनन विभाग ने कमर कस ली है। शहरी क्षेत्र में करवाई करते हुए पांच गाड़ियों को जप्त किया। लोहरदगा डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया नदी घाटों से अवैध बालू की रोकथाम के लिए सुबह से ही अभियान चलाया जा रहा है। अवैध बालू लदा गाड़ियों में माइनिंग एक्ट के तहत करवाई की जायेगी। जल्द पूरे जिले में यह अभियान तेज की जायेगी। जिससे अवैध बालू खनन में रोक लग सकेगा।

## ओलंपियाड 2022 में फरहाना ने लोहरदगा का नाम किया रौशन

हुसैन अंसारी



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया के चरहु की एक होनहार बिटिया ने झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग विभाग झारखंड ओलंपियाड 2022 में परचम लहराते हुए तीसरा स्थान लाकर किस्को प्रखंड और पूरे लोहरदगा जिला का नाम बुलंद कर दिखाई है। बताते चलें कि उर्स लाइन बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा वर्ग 8 की छात्रा फरहाना खातून ने प्रथम झारखंड स्कूल ओलंपियाड 2022 में सामान्य ज्ञान विषय में तीसरा स्थान प्राप्त कर लोहरदगा जिले का नाम रोशन किया है। इधर उर्सलाइन बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा फरहाना खातून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शिक्षा सचिव के द्वारा झारखंड प्रोजेक्ट भवन में लैपटॉप और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही फरहाना के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भावी जीवन में शुभकामनाएं के साथ प्रमाण पत्र दिया गया। उल्लेखनीय है कि छात्रा फरहाना खातुन लोहरदगा जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र के ग्राम चरहु निवासी तैयब हुसैन एवं रेहाना परवीन की पुत्री है। यहां पर छात्रा की सफलता ने पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर देखी जा रही है। मालूम हो कि फरहाना की कामयाबी पर बधाई देने वालों का होड़ मचा हुआ है। लोग होनहार बिटिया फरहान खातुन से प्रेरणा लेने और जिले का नाम रोशन कर दिखाने के लिए उनके पैतृक निवास चरहु में फरहाना को मिली कामयाबी के बारे में विस्तार रूप से जानकारी प्राप्त करने को लेकर आए दिन इकट्ठा हो रहे हैं। इस बीच छात्रा की इस उपलब्धि पर बीडीओ सह सीओ बुड़ायं सारू किस्को प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत, बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, उप प्रमुख गीता देवी, 20 सूत्री सदस्य गुलाम जिलानी, अरेया पंचायत समिति सदस्य शाहनाज खातुन, मुखिया यशोदा उरांव, उधवा उरांव, इमरान खान, शेख सादिक, मोहम्मद आजम, वसीम अकरम सहित कई अन्य लोगों ने बधाई एंव शुभकामनाएं दी है।

## सड़क के निर्माण में किया जा रहा है मानकों से खिलवाड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** सड़कों के निर्माण में ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से हर सड़क के निर्माण में तकनीक से खिलवाड़ हो रहे हैं। यही कारण है की बरवाडीह प्रखंड में ज्यादातर सड़क निर्माण के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है। यह किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि सभी विभागों में एक जैसी ही कहानी है। घटिया सामग्री के इस्तेमाल से सड़कें भी उखड़ रही हैं। सड़क बनाने में सबसे महत्वपूर्ण पहलू डामर (तारकोल) की खपत भी नहीं के बराबर हो रही है। इससे चंद दिनों में सड़क टूट रही है। बरवाडीह प्रखंड की ज्यादातर सड़कों की हालत इन दिनों खस्ताहाल हो चुकी है। इन सड़कों का निर्माण तो किया जा रहा है, मगर मानकों की अनदेखी के चलते इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारों की मानें तो सड़क की कुल मोटाई का करीब चार फीसदी हिस्सा ऊपरी परत का होता है, यानि वो परत जिस पर बिटुमिन (डामर) का प्रयोग किया जाता है। यदि इस परत की मोटाई, डामर की मात्रा और ढलान तय मानकों अनुरूप हो तो ऐसी स्थिति निर्मित न हो। आलम ये है कि प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं के तहत पथ निर्माण विभाग और अन्य विभागों द्वारा बनायी गयी नयी सड़कों की ऊपरी सतह गिट्टियां उखड़कर सड़क पर बिखरी पड़ी हैं।

### ये हैं फायदे का गणित



**अनुमान के मुताबिक एक किमी लंबी और लगभग 4 मी चौड़ी सड़क के निर्माण में सबसे ऊपरी परत में 31 हजार 920 किलो डामर लगता है। डामर का वर्तमान दाम 48 रुपये प्रति किलो है। इस हिसाब से सड़क की ऊपरी परत में ही 1 लाख 27 हजार 680 रुपये का डामर खप जाता है, जबकि सडक की कुल लागत करीब डेढ़ करोड़ रुपये आती है। इस तरह सबसे ज्यादा 23 फीसदी खर्च डामर पर होता है। इसलिए ठेकेदार डामर की मात्रा या परत की मोटाई कम कर ज्यादा मुनाफा अर्जित करना चाहता है। सड़कों की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जायेगा। बनने वाली सभी सड़क की गुणवत्ता दूसरी से खिलवाड़ करने व इसमें लापरवाही पर कार्रवाई होगी।**

## पीएम आवास अपूर्ण लाभुकों का पैनल तैयार, शीघ्र होगी प्राथमिकी : बीडीओ

**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र में पीएम आवास निर्माण कार्य के अपूर्ण लाभुकों का सूचि तैयार कर लिया गया है, अब शीघ्र होगी प्राथमिकी। उक्त बातें प्रेस को बताते हुए कैरो बीडीओ ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र मे पीएम आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिये प्रखंड कार्यालय के तरफ से अनेको कार्यक्रम किये गये, जैसे पगड़ी बंधाई, अपूर्ण आवास के लाभुक के आवास मे प्रखंड कार्यालय अधिकारियो के द्वारा दीवार जोड़ाई,जैसे कई अनेको कार्यक्रम निर्माण कार्य को पुर्ण करने के उद्देश्य से प्रखंड कार्यालय के द्वारा कार्यक्रम चलाये गये जिसमे कार्यक्रम से बहुत कुछ सफलता भी प्राप्त हुई, और कार्यक्रम से प्रभावित होकर अधिकतर लाभुको ने कार्य को पुर्ण भी किया। कारवाई हेतु सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गयी है, इन सभी लोगों पर शीघ्र होगी प्राथमिकी।

## आठ सूत्री मांग को लेकर उपायुक्त से मिला जिला मुखिया संघ

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा/लोहरदगा।** जिला मुखिया संघ ने सोमवार को जिला अंतर्गत सभी पंचायतों में बालू उठाव, ग्रेड 1 ग्रेड 2 बालू घाटों का पूर्णतः अथवा अंशतः यथा शीघ्र पंचायत को देने देने सहित अपनी आठ (8) सुत्री मांग को लेकर उपायुक्त से मुलाकात किए। मुखिया के अधिकार क्षेत्र संबंधी कई मुद्दों पर चर्चा किये। जिला अंतर्गत सभी पंचायतों के विकास कार्य योजनाओं एवं संबंधित कठिनाईयों और समस्याओं से अवगत कराया। इसके पश्चात मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में जिला लोहरदगा अन्तर्गत पंचायतों में कार्यरत कर्मी यथा, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनसेवक, राजस्व कर्मचारी, कनीय अभियंता, मनरेगा एवं 15वें वित्त स्वास्थ्य केंद्र एएनएम, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के कार्य दिवसों में मनमानी के परिपेक्ष्य में पंचायत के मुखिया द्वारा कार्य प्रतिवेदन के सत्यापन के उपरान्त ही मानदेय/वेतन निकासी की प्रक्रिया विभाग द्वारा की जाय। मापी पुस्त (एमबी) निर्गत करने का पूर्ण अधिकार मुखिया और पंचायत सचिव की होनी चाहिए। सभी पंचायतों में बालू उठाव, ग्रेड 1 ग्रेड 2 बालू घाटों का पूर्णतः अथवा अंशतः यथा शीघ्र पंचायत को देने की अपील की। मुखिया की अनुशंसा से प्रधानमंत्री आवास/अंबेडकर आवास शीघ्र उपलब्ध कराया जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला मुखिया संघ अध्यक्ष बासुदेव उरांव, भागवत खेरवार सहित अन्य पंचायत के मुखिया शामिल थे।

## पत्रकार की माता का आकस्मिक निधन

**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड क्षेत्र के पत्रकार समीद अंसारी दैनिक भास्कर पत्रकार एवं सकील अंसारी राष्ट्रीय नविन मेल पत्रकार की माता 65 वर्षिय खैरुन बीबी का मृत्यु सोमवार दोपहर में हो गया। खैरुन बीबी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। सोमवार को अचानक चक्कर आने से गिर गये वही आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉ ने ब्रेन हेमरेज होने की बात कहते हुए मृत घोषित कर दिया। वही कैरो कब्रिस्तान में जनाजे को मगरिब के बाद शुपुर्द ए खाक किया गया। वही जानकारी प्राप्त होते ही लोहरदगा के पूर्व विधायक सुखदेव भगत, नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, ने शोकाकुल परिवार को घर आकर सांत्वना दिये। एवं शोकाकुल परिवार को दुःख की घड़ी में ईश्वर से अपार शक्ति प्रदान कर पुण्य आत्मा की शांति की कामना की गयी।

### रोजगार : मुखिया संघ ने डीसी से भेंट कर सौंपा मांग पत्र

## प्रखंड स्तरीय सरकारी बाबुओं पर नियंत्रण जरूरी: वासुदेव

आजाद सिपाही संवाददाता





**लोहरदगा।** प्रखंड और पंचायत स्तरीय सरकारी सरकारी बाबूओं के मनमर्जी में नियंत्रण लगाने एवं विभिन्न विकास योजनाओं में पंचायत के निर्वाचित मुखिया की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को जिला मुखिया संघ द्वारा उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा गया। इस संदर्भ में जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष वासुदेव उराव, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप उराव, सचिव परमेश्वर महली ने कहा कि वर्तमान में पंचायत स्तर पर कार्यरत पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनसेवक, सेविका सहायिका, कनीय अभियंता, स्वास्थ्य कर्मी अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह और संवेदनशील नहीं है। इस पर नियंत्रण के लिए पंचायत स्तरीय कर्मियों के वेतन और मानदेय की निकासी प्रक्रिया में मुखिया का प्रतिवेदन लेना अनिवार्य करने की मांग जिला प्रशासन से किया गया। कहा कि, प्रखंडों में संचालित विकास योजना का माफी पुस्त वीडियो द्वारा निर्गत किया जाना नियम के प्रतिकूल है। माफी पुस्त निर्गत करने का अधिकार संबंधित पंचायत के मुखिया को होनी चाहिए। जिले के सभी पंचायतों में स्थित बालू घाटों में बालू का उठाव का अधिकार शीघ्र मुखिया को देने की मांग की गई। पंचायत में संचालित विकास योजना के संचालन में अधिकार और सहमति मुखिया को होनी चाहिए। गांव के गरीब जरूरतमंद व्यक्ति को मुखिया के अनुशंसा के बाद आवास योजना का लाभ होनी चाहिए। पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित होने वाले विकास योजना को शुरू करने के पूर्व पंचायत सचिवालय को जानकारी देने की मांग किया गया। 14वें वित्त आयोग की राशि खर्च करने की समय अवधि बढ़ाने से पंचायतों को इसका लाभ होगा। उपरोक्त के अतिरिक्त पंचायतों के विकास के लिए अन्य मांग किया गया। इस मौके पर जिले के विभिन्न पंचायतों के निर्वाचित मुखिया मौजूद थे।

## उत्तीर्ण बच्चों का विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया

**लातेहार।** स्थानीय जलता स्थित भेला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार में आज नये शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नामांकित नये बच्चों एवं साथ ही साथ नई कक्षाओं में उतीर्ण हुए बच्चों का विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आर्य संस्कृति परंपरा के अनुसार विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने वैदिक हवन यज्ञ मंत्रोच्चार के साथ पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया। संगीत शिक्षक सूरज मिश्रा के नेतृत्व व निर्देशन में बच्चों के लिए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जो वैदिक हवन यज्ञ और गायत्री मंत्र सहित कई वेद मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हुआ। वैदिक हवन यज्ञ में कक्षा एल के जी से आठवीं तक के सभी विद्यार्थी एवं विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने बच्चों के समुचित तथा सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों को प्रयासरत रहने की अपील की। उन्होंने बच्चों से परिश्रम के फल और अनुशासन विषय पर भी चर्चा किये। उन्होंने शिक्षा में बदलाव और बच्चों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति को परखने के लिए सभी कक्षाओं में सीसीए, ड्राइंग, भाषण, क्विज, पेंटिंग, संगीत जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए विद्यालय में प्रवेश परीक्षा प्रारंभ दिया गया है। विद्यालय कार्यालय से नामांकन फॉर्म प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर विद्यालय के राकेश रंजन तिवारी, अरुण कुमार पांडेय, सुशील कुमार दुबे, रवि प्रकाश तिवारी, विश्वनाथ साहा,शकुंतला पाल, अजीत कुमार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत





**लातेहार।** धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले टोरी बालूमाथ शिवपुर रेलवे लाइन में बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम अंतर्गत महुआटांड़ के पास रेल पटरी पार करने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। मृतका की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम अंतर्गत महुआटांड़ टोला निवासी सुनील गंझु की पत्नी गुड़िया देवी 30 वर्ष के रूप में हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गुड़िया देवी महुआ चुनने के लिए रेल पटरी पार कर रही थी कि इसी दौरान वह गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गई। इस दुर्घटना में उसका दोनों पैर और एक हाथ कट गया। उसे गंभीर अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने उसकी स्थिति को गंभीर और चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। घायल महिला ने रांची रिम्स में पहुंचने के साथ ही दम तोड़ दिया। मृतक महिला के 4 छोटे-छोटे बच्चे हैं। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र की एक युवती को चाकू का भय दिखाकर दुष्कर्म के आरोपी आशीष कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवती ने थाने में आवेदन देकर उक्त युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। युवती का आरोप था कि पिछले साल मैट्रिक की परीक्षा दे रही थी। उस वक्त भी उसने मेरा एडमिट कार्ड ले लिया और उसे फाड़ दिया। जिससे वह परीक्षा नहीं दे पायी और रात में कॉलोनी में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि आशीष शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। इसके बावजूद वह शादी का दबाव बना रहा था। जबकि युवती उससे शादी नहीं करना चाहती थी। एसआई प्रदीप कुमार राय ने बताया कि आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मौके पर कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## पीडीजे से मिले नवनियुक्त एलएडीसी अधिवक्ता



**लोहरदगा।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के द्वारा दिनांक 25.03.2023 को अधिवक्ताओं का साक्षात्कार किया गया था जिसका परिणाम दिनांक 01.04.2023 को झालसा रांची के निर्देश पर जारी कर दिया गया। जिसमें कुल 5 अधिवक्ताओं का चयन किया गया है। उप प्रमुख कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली (एलएडीसी) के रूप में नारायण साहू एवं उमेश कुमार का चयन किया गया, जबकि सहायक (एलएडीसी) के रूप में इंद्रानी कुजुर, भूपेंद्र कुमार एवं सुदामा साहू का चयन हुआ है। सभी नवनियुक्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों ने डालसा सचिव राजेश कुमार के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पाल ने (एलएडीसी) के अधिवक्ताओं से कहा कि पुराने वादों में सही ढंग से साक्षी का प्रतिपरीक्षण करें साथ ही जेल में बंद कैदियों को भी समुचित विधिक सहायता प्रदान करें साथ ही लोहरदगा के विभिन्न विद्यालयों में भी समय-समय पर विधिक जागरूकता फैलाएं। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बारे में जानकारी देते हुए, डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य के सभी जिलों में एलएडीसी कार्य कर रही है। जबकि लोहरदगा में इसकी शुरूआत अप्रैल माह से हो रही है। एलएडीसी के सभी पांच अधिवक्ता डालसा के लिए ही कार्य करेंगे जिनके लिए उन्हें मासिक मानदेय दी जायेगी। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सभी अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निदेशों के तहत कार्य करेंगे। दिनांक 6 अप्रैल 2023 से (एलएडीसीएस) पूरी तरह कार्य करना प्रारंभ कर देगी।

## बड़ा तालाब में मछलियों का मरने का सिलसिला जारी, मछली के दुर्गंध से लोग हलकान

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र स्थित बड़ा तालाब में लगातार मछलियों के मरने का शिलशिला जारी है। मछली क्यों मर रही है अभी तक कोई ठोस कारण का पता नहीं लगा है। मामले पर नगर परिषद प्रशासन द्वारा तालाब का पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा गया है। बड़ा तालाब में संरक्षित मछलियों का बड़ी संख्या में मारे जाना स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय है मरी मछलियां तालाब के चारों ओर फैल कर वातावरण सड़ांध फैला रही है। तालाब पर स्वामित्व और नियंत्रण रखने वाले एजेंसी और नगर परिषद प्रशासन इस मामले पर फिलहाल कथित लोगों द्वारा साजिश किया जाना मान रहा है परिषद प्रशासन अंतरंग टीम द्वारा जांच पड़ताल भी शुरू कर दिया गया है। लोहरदगा शहर की हृदय स्थल कहे जाने वाले बड़ा तालाब में कई प्रजातियों की मछली डाली गयी हैं। जिनमे सिल्वर कॉर्प मछलियां ज्यादा मर रही है। वर्तमान में तालाब का नियमित सफाई नहीं होने के कारण बड़ी मछलियां के दुर्गंध से आस पास के लोगो का परेशानी बढ़ गयी है। राहगीरों को भी दुर्गंध से परेशानी होनी शुरू हो गयी है। लोगो ने नगर परिषद से बड़ा तालाब की सफाई कराने और रोज मरी हुई मछलियों को साफ करने का मांग किया है। बड़ा तालाब में फैले गंदगी और पानी दूषित होना मछलियों के मरने का कारण माना जा रहा है। बताया गया कि नगर परिषद द्वारा बड़ा तालाब में ऑक्सीजन की मात्रा पानी में बढ़ाने के लिए चुना पाउडर और पोटास डाला गया है।

## एसपी ने गुमला, बसिया एवं चैनपुर एसडीपीओ को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के दिये निर्देश



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक, गुमला की अध्यक्षता में अपहरण, बलात्कार, पोक्सो, मानव तस्करी एवं आईटी एक्ट से संबंधित सभी लंबित कांडों की समीक्षा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला, बसिया एवं चैनपुर की उपस्थिति में कार्यालय कक्ष में की गयी। जिला में वर्ष 2018, 2019 एवं 2020 के लंबित सभी कांडों का निष्पादन त्वरित गति से करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी कांडों का अनुसंधानकर्ता के समक्ष समीक्षा कर समीक्षा प्रतिवेदन दो दिनों के अंदर समर्पित करने, राज्य से बाहर भेजे जाने हेतु लंबित कांडों में राज्य से बाहर जाने का आदेश संबंधी प्रतिवेदन समर्पित कराने, अपहृत को बरामद करने तथा फरार अभियुक्तों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाते हुए गिरफ्तार करने तथा फरार रहने पर कुर्की जब्ती का कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कांडों के अनुसंधान में लापरवाही बरतने वाले अनुसंधानकर्ता के विरुद्ध प्रतिकूल प्रतिवेदन भी समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

## नल जल योजनाओं में भ्रष्टाचार पर रोक लगे, नहीं तो होगा आंदोलन : झानद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह भाकपा (माले) रेड स्टार, गुमला के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव ने पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को एक मांग-पत्र प्रेषित कर गर्मी से पूर्व प्राक्कलन को ताक पर रखकर नल जल योजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर योजनाओं को दुरुस्त करने की मांग की है। विदित हो कि अरबों रुपये की लागत से घाघरा, जारी, सिसई, भरनो, गुमला, बसिया सहित जिले भर में नल जल योजना के तहत पानी टंकी व लोगों को कनेक्शन दिया जा रहा है। लेकिन संवेदक द्वारा जैसे तैसे पाइप लाइन व कनेक्शन बिछाने की वजह से कहीं पाइप लीकेज तो कहीं भारी अनियमितता के कारण लोगों को पेयजल से वंचित रहना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पार्टी नेता प्रकाश उरांव ने कार्यपालक अभियंता को चेतावनी भरा ज्ञापन सौंपकर 15 दिनों के अंदर गड़बड़ी को सुधारते हुए पूरे मामले की जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। श्री उरांव ने मांग-पत्र में यह भी कहा है कि 2017 से अब तक एसटीएससी सोलर जलापूर्ति योजना के तहत जिले भर में निर्मित सोलर पेयजल टंकी का भी भौतिक निरीक्षण करते हुए आने वाले गर्मी से पूर्व जलापूर्ति चालू कराने की मांग की है। श्री उरांव ने घाघरा प्रखंड में तीन वर्ष पूर्व बाजार के पास बने करोड़ों की लागत से बनी पानी टंकी को चालू कराने तथा घाघरा मिडिल स्कूल परिसर के पास नयी पानी टंकी जो संवेदक द्वारा प्राक्कलन को ताक पर रखकर बनायी जा रही है, जिसकी जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में 15 दिनों के बाद पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की बात भी कही है।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में नये सत्र की हुई शुरुआत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में 2023 24 का सत्र , आज दिनांक 03/04/23 को प्रातः विद्यालय के सभागार में मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख हवन कुंड में वेद मंत्र उच्चारण के साथ आहुति अर्पण करते हुए आरंभ हूआ। विद्यालय के संस्कृत आचार्य अयोध्या चौबे तथा देवेंद्र नाथ तिवारी के द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण किया गया। इस अवसर पर सामूहिक रामचरितमानस पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने उपस्थित भैया बहनों एवं आचायों को नए सत्र के प्रथम दिन विद्यालय परिसर में अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य ने भैया बहनों को विद्यालय की नई रीति और नीति से भी अवगत कराया । उन्होंने हर प्रकार से विद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी। विद्या भारती झारखंड के द्वारा निर्धारित नए सत्र की दिशाओं को सभी के सामने रखा और सत्र 2023- 24 की चुनौतियों का सामना उत्साह के साथ करने की प्रेरणा दी। भैया बहनों के बीच अपनी नई कक्षा को लेकर काफी उत्साह देखा गया।मां सरस्वती की आरती वंदना एवं प्रसाद वितरण के उपरांत शांति मंत्र के साथ सत्र आरंभ का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्यों की उपस्थित रही।

**विवाद :** महावीर मंदिर परिसर की दुकानों को लेकर स्थानीय लोग और प्रशासन के अधिकारी हुए आमने-सामने

# दुकानों को सील करने आये अधिकारी बैरंग लौटे

- विवाद के बाद नगर परिषद में प्रभारी इओ ने लोगों के साथ की बैठक
- महावीर मंदिर के कागजात को 15 दिन के अंदर नगर परिषद को जमा करेंगे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के हृदय स्थली पटेल चौक एवं पुराने नगरपालिका के समीप स्थित महावीर मंदिर परिसर में बनीं दुकानों को लेकर स्थानीय लोग और प्रशासन के अधिकारी आज आमने सामने हो गये। प्रशासन चाहता था कि मंदिर परिसर में बनी दुकानों को सील करे। स्थानीय लोग दुकान सील करने का विरोध कर रहे थे। दुकान सील करने पहुंचे नगर परिषद के पदाधिकारियों व पुलिस को लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा था। लोगों के विरोध प्रदर्शन के कारण दुकानों को बिना सील किये अधिकारी व पुलिस को वापस लौटना पड़ा। पूरे पटेल चौक पर काफी गहमागहमी का माहौल दिखाई दे रहा था। अंत में देर शाम को नगर परिषद कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें निष्कर्ष निकला कि महावीर मंदिर के कागजात को 15 दिन के अंदर नगर परिषद में जमा किया जायेगा। इससे स्पष्ट होगा कि मंदिर परिसर में बनीं दुकानें मंदिर की हैं या फिर सरकारी जमीन पर दुकान बना दी गई हैं। प्रशासन का मानना है कि सरकारी जमीन पर दुकान बना दी गई है और गलत तरीके से उसका किराया कुछ लोग उठा रहे हैं। जबकि स्थनीय लोगों का कहना है कि दुकान मंदिर परिसर की जमीन पर बनायी गयी है। इसमें किसी प्रकार का अवैध कब्जा जमीन पर नहीं किया गया है।

बैठक में अमित पोद्दार, शशिप्रिया बंटी, अनिकेत कुमार, दामोदर कसेरा, सत्यनारायण साहू, सोनल केसरी, सत्ता पटेल, बबलू वर्मा, शैल मिश्रा, अरूण केसरी, समेत अन्य मौजूद थे।



### मंदिर समिति को कागजात दिखाने के लिए 15 दिनों का समय

सोमवार की पूरी घटना कुछ यूं है कि प्रशिक्षु आइएएस सह नगर परिषद के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी आशीष गंगवार सोमवार की दोपहर में महावीर मंदिर परिसर में बनी दुकानों को सील करने पहुंचे। उनके साथ थानेदार विनोद कुमार व पुलिस बल के कुछ जवान भी थे। जैसे ही यह खबर मंदिर से जुड़े स्थानीय लोगों को मिली सैकड़ों की संख्या में लोग जुटने लगे। स्थानीय महिलाएं मंदिर परिसर पहुंच कर भजन कीर्तन करने लगीं। प्रभारी ईओ ने पूरी कोशिश की कि वे दुकान को सील करें। लेकिन उनका भारी विरोध जनता द्वारा किया जाने लगा। जिसके बाद प्रभारी इओ को वहां से बिना दुकानों को सील किये लौटना पड़ा। मजबूरन प्रभारी ईओ ने शाम चार बजे मंदिर के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जहां मंदिर में बने दुकान और मंदिर से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने के लिए 15 दिनों की मोहलत दी गई। वहीं कागजात प्रस्तुत करने के उपरांत मंदिर के कागजात का सत्यापन करने और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात प्रशासन द्वारा कही गई।

## बैंक प्राथमिकता के आधार पर किसानों को ऋण उपलब्ध करायेः उपायुक्त

- उपायुक्त ने बैंकर्स के साथ की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आज उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में केसीसी, एसएचजी, पीएमईजीपी, पीएम एफएमई से संबंधित सभी बैंकर्स के साथ समीक्षा बैठक की गयी। पीएमईजीपी के तहत जिले में कुल 354 आवेदनों में से सभी बैंक के द्वारा 93 आवेदकों के बीच कुल 210.36 लाख की राशि का लोन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।जिसमें सबसे अधिक बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा 160 लाभुको के लोन को स्वीकृति दी गई। उपायुक्त ने सभी निजी बैंकों को अधिक से अधिक उक्त योजना के तहत लाभुकों एवं किसानों को ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि के विकास से ही जिले का विकास विद्यमान है, इसपर बैंकों द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूर्व वर्ष के मुकाबले पीएमईजीपी में बैंकों द्वारा अच्छा कार्य किया गया है। उन्होंने उन सभी बैंक मैनेजर को पुरस्कृत करने का निर्देश दिया।

वहीं केसीसी के तहत प्राप्त 18000 आवेदनों में से लगभग 9000 आवेदनों को केसीसी हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। उपायुक्त ने अप्रैल माह के अंत तक कमसे कम 22000 केसीसी को स्वीकृति प्रदान करने का लक्ष्य दिया गया।

खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा आत्मनिर्भर भारत योजना पीएमएफएमई योजना के तहत सभी बैंकों द्वारा प्राप्त 38 आवेदनों में से 8 आवेदनों में स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें भी बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सबसे बेहतर कर किया गया है।

एसएचजी के वित्तीय वर्ष 2022 23 के तहत कुल प्राप्त 2041 आवेदनों में से 1929 आवेदनों को स्वीकृति दी गई जिसमें लगभग 3621.77 लाख की राशि का एसएचजी समूहों के बीच ऋण का वितरण किया गया है। उक्त सभी योजनाओं में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बेहतरीन कार्य किया गया जिसपर उपायुक्त ने उन सभी बैंकों के बैंक मैनेजर पुरस्कृत करने की बात कही जिनके द्वारा बेहतर कार्य किया गया। वहीं बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अधिक से अधिक कृषकों में विभिन्न योजना अंतर्गत ऋण प्रदान किया गया है। जिसपर उपायुक्त ने हर्ष प्रकट किया साथ ही और भी किसानों को इन सभी योजनाओं के तहत जागरूक करते हुए उन्हें भी सहायता प्रदान करने की बात कही। उन्होंने सभी प्राइवेट बैंक को भी सरकारी योजनाओं के प्रति जनता को जागरूक करने का निर्देश दिया साथ ही किसानों के बीच ज्यादा से ज्यादा ऋण उपलब्ध कराने एवं बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से एलडीएम गुमला, संभी संबंधित बैंकों के बैंक मैनेजर एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सफाई की अहमियत सभी दुकानदार समझें : सैयदा खातुन

- मिशन बदलाव ने की कूड़े कचरे को डस्टबिन में फेंकने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन एवं नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा के नेतृत्व में गुमला शहर के मधुबाला गली, थाना रोड का दौरा कर दुकानदार एवं मुहल्ले वालों से मुलाकात की। दुकानदारों ने बताया कि मधुबाला एवं अन्य मुहल्लों में हमेशा रोड में गंदगी का अंबार लगा रहता है। इन सभी समस्याओं को लेकर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से लेकर कर्मचारियों को अवगत कराया गया लेकिन उनके द्वारा कोई भी बातों को गंभीरता से नहीं लिया गया। गन्दगी की वजह से मच्छर का प्रकोप बना रहता था और हमेशा मच्छरों के डर से डेंगू एवं मलेरिया से भी आशंका बनी रहती है। मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने आमजनों को आश्वस्त किया कि उपायुक्त से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया जायेगा और आग्रह करेंगे कि समस्याओं के समाधान पर प्राथमिकता दें। मिशन बदलाव के द्वारा हस्ताक्षरयुक्त पत्र नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया था। मिशन बदलाव ने आम नागरिकों के साथ सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया। जिसमें सैयदा खातून, जास्मीम, कमाल अंसारी, इरफान साजिद, मुन्ना मल्लिक, समसाद अंसारी के हस्ताक्षर थे। सभी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा गया और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी वार्ड 15 के साफ-सफाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में मिशन बदलाव नगर सचिव बिनय गोप, महिला नगर सचिव ज्योति गलोरिया कुजूर, प्रीति कुमारी, रोशनी कुमारी बेगम खातुन, हरेन्दर कुमार, माजदा खातून, प्रीती कुमारी, विमला लकड़ा, बेरोनिका बड़ा एवं आम जन शामिल थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बस डिपो दुंदुरिया की जमीन पर जल्द ही बनेंगे मैरिज हॉल, खेल मैदान और ओपन जिम



**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को दुंदुरिया स्थित बस डिपो का निरीक्षण किया. बतातें चले कि बस डिपो लगभग चार एकड़ जमीन पर फैली हुई है, जहां काफी संख्या में पुराने बसों को जब्त कर रखा गया है। उपायुक्त के निर्देशानुसार पूर्व में ही बस डीपो का चहारदीवारी खड़ी कर घेराबंदी किया गया था ।उक्त स्थान के सदुपयोग करवाने की दिशा में उपायुक्त ने बस डीपू का बारीकी से जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि बस डीपो की जमीन पर आमजनों के उपयोग के लिए मैरिज हॉल, खेल मैदान एवं ओपेन जिम बनाने की दिशा में चर्चा की गई ताकि स्थानीय लोग इससे लाभान्वित हो सकें। उपायुक्त ने नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को उक्त स्थान के बेहतर उपयोग में लाने हेतु प्रस्ताव एक सप्ताह के अंदर तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने बस डीपो में रखे बसों को एक सप्ताह के अंदर नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। कहा कि नीलामी के बाद जमीन पूरी तरह से खाली हो जायेगी। जिसके बाद जमीन पर निर्माण कार्य किया जा सकेगा। निरीक्षण में नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, प्रशिक्षु आईएएस सह प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गुमला आशीष गंगवार, एडीपीआरओ एलीना दास, नगर परिषद के सिटी मैनेजर हिमांशु मिश्रा समेत अन्य शामिल थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में सोमवार को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिला से आये हुए आर्थो विशेषज्ञ डॉक्टर प्रेमचंद भगत, आउडियोलॉजिस्ट श्रीकांत महतो, फिसिसियन अनुपंप किशोर, ईएनटी स्पेशलिस्ट स्वेता कुमारी, क्लर्क विनिता, टेक्नीशियन कमलकांत महतो, रिसोर्स शिक्षक विरेंद्र कुमार सभी के सहयोग से जांच की गयी जिसमें ऑर्थो के 51 दिव्यांगों को चिन्हित किया गया और स्पीच एंड लैंग्वेज मूक बधिर 14 दिव्यांगों को चिन्हित किया गया। कुल 65 दिव्यांगों की जांच की गयी। इन सभी दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र देकर सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा और स्वालंबन बनाने का अग्रसर प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक ललन रजक राम, सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा, स्टेनो ललिता मैडम, कंप्यूटर प्रखंड ऑपरेटर अरुण बारला, सुपरवाइजर उषा देवी, कृष्णा महतो, उर्मिला जायसवाल सभी का सराहनीय योगदान रहा।

## हापामुनी मंडा मेला में तीसरे दिन भक्ति नृत्य और भव्य झांकी का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** हापामुनी मंडा मेला में तीसरे दिन रविवार की देर रात 12:00 बजे भक्ति नृत्य व भव्य झांकी का आयोजन हापामुनी गांव में कलाकारों द्वारा आयोजित किया गया। इस क्रम में कलाकार राजू हलचल कि टीम द्वारा मां दुर्गा कृष्ण राधा भगवान भोलेनाथ कि कई झलकियां प्रस्तुत की गयीं। मौके पर उपस्थित मंडा मेला समिति के अध्यक्ष सह संरक्षक अवध मणि पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि मंडा मेला का हर वर्ष आयोजन किया जाता है, जिसमें भोक्ता भगवान शिव की आराधना में लीन रहते हैं। फुलकुन्दी और भोक्ता झूलन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति होती है। वही श्री पाठक ने कहा कि इस क्षेत्र के अधिक से अधिक युवा नशापान से दूर होकर नौकरी की ओर अग्रसर हो मेरे द्वारा कई लोगों को ट्रेनिंग के माध्यम से सरकारी प्राइवेट सेक्टर में जॉब के लिए निशुल्क तैयारी कराई जाती है। आप उसका लाभ उठाएं क्योंकि मैं आर्मी में जॉब करने के बाद जब मेरा रिटायरमेंट हो गया मेरा एक सपना था कि अधिक से अधिक युवा युवतियों को पुलिस आर्मी की वर्दी पहनवाये जो देश सेवा के लिए काम करें। वही पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने संबोधित करते हुए कहा कि मंडा मेला मैं आपसी सौहार्द आपसी भाईचारा बढ़ता है लोग एक दूसरे से मिलकर खुशियां बांटते हैं। मेला का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बनाए रखना है। मौके पर प्रोफेसर अवध मनी पाठक, गौरव पाठक राजेश मनी पाठक, प्रधान उरांव, निलेश पाठक, मिथिलेश पाठक, मुकेश पाठक, दीपक कुमार, शिव नारायण साहू, मनीष सिंह, विनय महली, अशोक उरांव, तीर्थराम साहू, सुरेंद्र साहू, रविंद्र महली, बिक्की साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आपसी विवाद में पति-पत्नी ने की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के दुदूंरिया स्थित वार्ड पार्षद कृष्ण कुमार मिश्रा के घर में दो माह से किरायेदार सतखरी पालकोट निवासी 35 वर्षीय आशीष उरांव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी अनीता उरांव ने बताया कि वह बराबर शराब का सेवन करता था। उसे मना करती थी,मै गत रविवार को अपनी बहन के साथ घाघरा गयी थी। वहां से फिर लोहरदगा गयी। जहां से मैने फोन किया था, तो बात हुई थी। उस समय भी बात करने पर मैने पूछा शराब पिए हो तो वह बोला कि नहीं पिया हूं कहां हो पूछने पर कुछ नहीं बताया। शाम में बात किया था तो बोला कि मै मरने जा रहा हूं, तो मैने कह दिया कि मर जाओ। जिसके बाद उसने किराये के मकान में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिर मैंने अपने पति के मोबाइल पर कई बार फोन किया लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया तब इसकी जानकारी मैंने अपनी बहन को दी जो गुमला में रहती है। जिसके बाद जानकारी प्राप्त हुई कि दरवाजा अंदर से बंद है फिर घटना की जानकारी गुमला पुलिस को दी गई गुमला पुलिस ने सोमवार के शाम 4:00 बजे मकान पहुंचकर दरवाजा को तोड़ा। अंदर जाकर देखने पर मेरे पति का शव दुपट्टा से झूलता हुआ पाया गया। जिसके बाद शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला लाया गया।

**कार्यक्रम :** रायडीह प्रखंड कांग्रेस ने किया जय भारत सत्याग्रह नुक्कड़ सभा का आयोजन

# राहुल गांधी पर गलत तरीके से की गयी कार्रवाई निंदनीय : चैतु उरांव

- विरोध में कांग्रेस पार्टी के संकल्प को व्यक्त करते हुए देश के धन की लूट के खिलाफ आवाज बुलंद करने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता




**रायडीह।** प्रखंड में जय भारत सत्याग्रह नुक्कड़ सभा प्रखंड अध्यक्ष इस्माईल कुजूर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चैतु उरांव ने सभा में कहा कि राहुल गांधी को गलत तरीके से भारतीय जनता पार्टी सजा दिलाने एवं संसद सदस्यता रद्द किया गया जो निंदनीय है। विरोध में कांग्रेस पार्टी के संकल्प को व्यक्त करते हुए मोदी, अडानी द्वारा जनता का धन और देश के धन की लूट के खिलाफ लोगों की आवाज बनाना है। राहुल गांधी को सिर्फ टारगेट किया जा रहा है असली मकसद अडानी को बचाना है। अडानी या जेपीसी की मांग पर आगे की चर्चा से बचने के लिए भाजपा ने जानबूझकर संसद बाधित करना शुरू किया। भाजपा के मंत्रियों ने मनगढ़ंत आरोप लगाकर संसद में राहुल गांधी के खिलाफ हमला बोलना शुरू किया। राहुल गांधी ने लिखित और मौखिक रूप से तीन बार लोकसभा के अध्यक्ष से उन मंत्रियों के आरोपों पर बोलने देने के लिए अनुरोध किया लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया। इससे साफ होता है कि मोदी नहीं चाहते कि अडानी के साथ उनका जो रिश्ता है वह उजागर हो।

रायडीह प्रखंड प्रभारी आशिक अंसारी ने कहा कि बीजेपी का संदेश साफ है अगर आप हमारे गलत कामों पर सवाल उठाएंगे तो हम आपको टारगेट करेंगे।

कार्यक्रम में घाघरा प्रखंड कार्यक्रम प्रभारी राजू रंजन महतो रायडीह प्रखंड कार्यक्रम प्रभारी अल्बर्ट तिग्गा, प्रखंड अध्यक्ष इस्माईल कुजूर ने भी संबोधित किया। जय भारत सत्याग्रह नुक्कड़ सभा में धन्यवाद ज्ञापन भउला उरांव ने किया।

नुक्कड़ सभा में वारिस खान और पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार साहू, जस्टिन तिर्की, संजू लोहरा, वीरेंद्र तिर्की, बिरसाय तिर्की, मोहम्मद करीम, सेलमेंट तिर्की, ननमैत उरांव, खुशमारेन एक्का, चारलेप तिर्की, महेंद्र सिंह मोहम्मद कुर्बान, मोहम्मद कासिम खान, सहबुल मंसूरी, प्रबल कुजूर, राजू मुंडा, प्रदीप जी, नोरवट कुजूर, संदीप मिंज, मुक्तेश्वर सिंह, जेम्स बड़ा, कोमल कुल्लू, अनूप फ्रांसिस कुजूर, समीर लकड़ा, चिरयन मिंज, विक्टर टोप्पो, बसन्त टोप्पो, विक्रम साहू, मोहम्मद कादिर अली, बुधना उरॉव, अब्राहम खलखो, बहुरने उरांव, किरण मुंडा, संजू मुंडा, भउला उरांव, सुरेश उरांव, ग्रेस मिंज एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरहुल मिलन समारोह का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शिवराजपुर के टोटाम्बी में सोमवार को डोडो टंगरा में सरना प्रार्थना सभा द्वारा सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरना स्थल में सरना झण्डा का स्थापना किया गया एवं धर्मगुरु चिंतामणि उरांव तेज नारायण उरांव ने धर्म के बारे में बतलाया। कार्यक्रम में 20 खोड़हा दलों द्वारा पारंपरिक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया गया। सभी खोड़हा दल को एक-एक डेग देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। मौके पर मुखिया विनोद उरांव, मुखिया अंगनी उरांव, मुखिया रानी उरांव, समाजसेवी सनिया उरांव, सुकरा उरांव, रामेश्वर उरांव, डाक्टर उरांव, अमित सिंह सहित कई ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## जनहित में सामाजिक संगठनों से महापौर ने की अपील, ज्यादा से ज्यादा खोलें प्याऊ केंद्र

# बोरिंग कराना होगा नि:शुल्क : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



पानी की समस्याओं का निरीक्षण करतीं महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह व अन्य।

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर के साथ सोमवार को निगम कार्यालय में जाकर बोरिंग करने वाली संस्थान के सदस्यों ने मुलाकात की। महापौर से अनुरोध किया कि शहर का अधिकांश भाग ड्राइ जोन (सूखा क्षेत्र) है, जहां कई बोरिंग फेल हो जाते है। जिससे हम लोगों का आधा रुपया डूब जाता है। यही नहीं बोरिंग कराने वालों को भी आर्थिक नुकसान होता है। इसलिए बोरिंग करने वालों से रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 10 हजार रुपया ही लिया जाए। साथ ही बोरिंग कराने वालों का शुल्क माफ कि जाए। उनकी बातें और समस्याओं को सुनने के बाद महापौर एवं उप महापौर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्यालय को जरूरी निर्देश दिया। कहा कि जितना रजिस्ट्रेशन शुल्क संस्था चाहती है बोर्ड के प्रत्याशा में की जाए। साथ ही बोरिंग कराने वालों से कोई राशि ना लिया जाए। महापौर ने बताया कि पूरे झारखंड में बोरिंग करने और कराने वालों से राशि ली जाती है, लेकिन हमारा निगम क्षेत्र ड्राई जॉन होने के चलते हमने निर्णय लिया है कि कोई राशि नहीं ली जाएगी।

### पानी टैंकर को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह के अलावा पार्षद और नगर आयुक्त रवि आनंद ने संयुक्त रूप से सोमवार से वार्डों में निगम की ओर से संचालित पानी टैंकर को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मुझे मालूम है हमारा शहर लगभग ड्राई जोन है। सभी वार्डों में पानी की आवश्यकता है। इस बार ज्यादा गर्मी पड़ने की भी संभावना है। इसलिए निगम ज्यादा से ज्यादा हर वार्ड में टैंकर से पानी आपूर्ति की जाएगी। महापौर ने कहा कि जिस वार्ड में कल से पानी नहीं मिलेगा वहां के लोग मुझे सूचित करें। वहां पानी उपलब्ध कराया जाएगा। महापौर ने निगम के सभी लोगों से आग्रह किया है कि कहीं भी टैंकर का पानी, नल का पानी बर्बाद होते देखें तो निगम को या मुझे सूचना दें, क्योंकि आप सभी के सहयोग से बचाया गया पानी किसी की प्यास बुझा सकता है। महापौर ने रोटरी क्लब, लायंस क्लब, जायंट्स क्लब, चेंबर, व्यवसायिक संगठन, मारवाड़ी समाज, जैन समाज, वैश्य समाज, बंगाली समाज, ब्राह्मण समाज, क्षत्रिय समाज के अलावा अन्य सामाजिक संगठनों से अनुरोध किया कि इस वर्ष ज्यादा गर्मी पड़ने की आशंका है। इस लिए ज्यादा से ज्यादा प्याऊ खोल पुण्य के भागी बने। अगर पानी की आवश्यकता होगी तो निगम का टैंकर पानी उपलब्ध कराएगा। इसके बाद महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह तथा नगर आयुक्त के साथ सिंचाई कॉलोनी पानी टंकी का निरीक्षण करते हुए निगम कर्मी छोटेलाल को निर्देशित किया कि जहां-जहां पाइपलाइन से पानी रोका जा रहा है तुरंत खोलें और जो लोग व्यवधान करेंगे इसकी जानकारी दें। उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने कहा कि लोक कल्याण पानी के साथ राजनीति ना करें उस पर सबों का हक है।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुसैनाबाद इकाई के सदस्यों की बैठक, विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुसैनाबाद इकाई के सदस्यों की सोमवार को स्थानीय कार्यालय परिसर में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह और संचालन संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने किया। बैठक में पूर्व सैनिकों की ज्वलंत समस्याओं व समाधान पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही ओआरपी विसंगतियों में सुधार को लेकर चर्चा की गई। लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि जनवरी में ओआरओपी पार्ट टू लागू की गयी है। इसमें जवानों व वीर नारियों को अनदेखी की गयी है। कोई बढ़ोतरी नहीं दी गयी है। इस पर देश के पूर्व सैनिक एवं वीरनारी आहत-आक्रोशित है। बैठक में पूर्व सैनिकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। आदेश के बाद भी मेदिनीनगर में सैनिक कल्याण केंद्र नहीं खुलना दुर्भाग्यपूर्ण है। कैंटिन भी बंद कर दिया गया है। जबकि पूर्व सैनिक देश सेवा से सेवानिवृत्त के बाद भी अपने क्षेत्र में युवाओं में देश प्रेम की भावना के लिये प्रेरित करते रहे हैं। बैठक में म्हवलदार सुधीर सिंह, महाराज सिंह, रामटहल मेहता, दिलीप मेहता, सूबेदार सत्येंद्र ठाकुर, सूबेदार अशरफी पाल, हवलदार प्रसाद सिंह, हवलदार लालू पासवान, सूबेदार रामटहल मेहता, सूबेदार दिलीप मेहता, सूबेदार विजय सिंह, सूबेदार कृष्णा सिंह, सूबेदार उदित सिंह, हवलदार अर्जुन सिंह, हवलदार सुधीर सिंह यदुनंदन ठाकुर और गीता देवी आदि मौजूद थे।

# शिक्षा की ज्योत जलाना सबसे बड़ी समाज सेवा: डॉ एसबीपी मेहता

**कमला एजुकेशन ऑफ रामकृष्ण मिशन स्कूल का 13वीं वार्षिकउत्सव संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के जरही चौक के समीप संचालित कमला एजुकेशन ऑफ रामकृष्ण मिशन स्कूल का 13वां वार्षिक उत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विधायक को कमला एजुकेशन ऑफ रामकृष्ण मिशन के निर्देशक प्रमोद कुमार गुप्ता ने अंग वस्त्र एवं रामायण की पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस दौरान कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। साथ ही समाज में फैली गलत धारणाओं को खत्म करने को लेकर नुक्कड़ नाटक और नृत्य पेश कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इसके पूर्व स्कूली छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पांकी प्रखंड क्षेत्र में यह स्कूल अपने आप में एक आदर्श स्कूल के रूप में आगे बढ़ रहा है। यह शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी समाज सेवा है। डॉ मेहता ने कहा कि कमला एजुकेशन ऑफ रामकृष्ण मिशन स्कूल लगभग 12 वर्षों से प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रही है। उन्होंने ने कहा कि यह स्कूल प्रत्येक वर्ष अपनी एक अलग आयाम लिखने का काम कर रही है। यह प्रखंड के लिए गौरव की बात है। विधायक, समेत अन्य अतिथियों के द्वारा वार्षिक उत्सव पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिता एवं परीक्षा में टॉपर हुए छात्र- छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। मौके पर कमला एजुकेशन ऑफ रामकृष्ण मिशन स्कूल का प्रधानाचार्य राजन कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, रंजय ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक बिंदेश्वरी सिंह, शिक्षक दीपक कुमार, सोनू सिंह, यशवंत कुमार, नीरज कुमार, प्रभु राम, विद्या शर्मा, रूपा गुप्ता,काजल देवी समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# सरकार घाटों की बंदोबस्ती करे या आम लोगों के लिए बालू मुफ्त करे: बिनु सिंह

**बालू की किल्लत व समस्याओं को लेकर सरकार की उदासीन रवैया के खिलाफ इंटक का जनाक्रोश रैली छह अप्रैल को**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** इंटक के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू ने कहा कि बालू को लेकर दो वर्षो से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में भवन निर्माण व विकास कार्य प्रभावित है। लगातार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद सरकार मूक दर्शक बनी है। अब जनता, मजदूर, गाड़ी मालिक, दुकानदार सभी के सब्र का बांध टूट चुका है। झारखंड के सत्ता में बैठे कद्दावर लोग बालू का अवैध कारोबार अपने अधिकारियों के माध्यम से कराकर सरकारी खजाने में सेंध लगा रहे हैं। यह जनता के साथ बड़ा धोखा है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे बड़ा खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि याचना नहीं अब रन होगा, संघर्ष बड़ा भीषण होगा। पुलिस की मिली भगत से बालू का अवैध कारोबार हुसैनाबाद समेत पूरे राज्य में फल फूल रहा है। संवेदकों ने बताया कि उन्हें आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र भवन, सड़क निर्माण करना है। बालू के अभाव में सभी कार्य ठप हैं। सीमेंट, ईंट, छड़ का व्यवसाय करने वाले लोगों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। इंटक के बैनर तले वह बालू की समस्या को लेकर छह अप्रैल को अनुमंडल मैदान से विशाल ट्रैक्टर रैली निकाल कर सभा बड़ेपुरे मैदान में सभा होगी, जहां आगे की रणनीति बनेगी।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराये स्कूल: अरविंद

**मसिहानी में किया गया गुरुकुल रसिडेंसियल स्कूल का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता





**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर के शिक्षा जगत में एक और स्कूल की सोमवार को नींव रखी गई। यह शुरूआत मसिहानी में कई गयी है जिसके निदेशक प्रदीप कुमार हैं। गुरुकुल पद्धति के आधार पर गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने की उनकी एक सकारात्मक कोशिश है। मसिहानी में विद्यालय का उद्घाटन युवा समाजसेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, राजद के जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, राजद के वरिष्ठ नेता विजय राम, राम प्रताप सिंह, डॉ शिव प्रसाद शर्मा, पूर्व मुखिया कुलदेव यादव, लवलेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के संचालक प्रदीप कुमार और संचालन श्याम सांवरिया ने किया। अरविंद गुप्ता ने कहा कि छतरपुर बदल रहा है। शिक्षा के प्रकाश से छतरपुर धीरे धीरे जगमगाने लगा है। इस विद्यालय की स्थापना से उम्मीद है छात्र जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर करेंगे और स्कूल भी उनके विश्वास पर खरा उतरेगा। दूसरी ओर, अरुण आवासीय विद्यालय ने कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों के वार्षिकोत्सव परीक्षाफल का परिणाम जारी किया। यहां भी अरविंद गुप्ता चुनमुन, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा बुल बाबा, डॉ संतोष, पंचम कुमार उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप सरस्वती माता की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

## हवन पूजन के साथ हुआ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नवीन सत्र का शुभारंभ

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सतगांवा टंडवा रोड में सोमवार को नवीन सत्र 2023-24 का शुभारंभ हवन पूजन यज्ञ के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद व उनकी पत्नी निलिमा मेहता ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने बताया कि शिशु भारती विद्या भारती की ओर से संचालित सभी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नवीन सत्र का शुभारंभ हवन पूजन के साथ करने की परंपरा है। इस दौरान मां सरस्वती वंदना सामूहिक रूप से की गई। इस अवसर पर बीते पूरे वर्ष में हुए कार्यक्रम खेल, वसावेश, भाषण, विज्ञान प्रदर्शनी आदि प्रतियोगिता में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षक संजय सिंह, हंसराज गुप्ता आदि थे।

## जीवनदायिनी पौधा, धरती और कलश से होती है ब्रह्मांड की सुरक्षा: कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के केतार प्रखंड के विख्यात मां चतुभुर्जी शक्ति पीठ मंदिर में कलश स्थापन के विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ नेपाल के रुद्राक्ष, कर्नाटक के चंदन, हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्मगुरु ने पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। मंदिर परिसर में चैत माह में सदियों से एक माह का मेले लगते आ रहा है। उन्होंने कहा कि कलश और पौधा दोनों एक दूसरे का पूरक है इसलिए कलश यात्रा में या स्थापना में पौधों की स्थापना अत्यंत जरूरी होता है। क्योंकि कलश के जल से धरती पर के जीवन और पौधा से ब्रह्मांड के तमाम जीवन की सुरक्षा होती है। छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि इसके पहले भी उनके पूजनीय पिता द्वारा गढ़वा के ब्रह्म स्थान मंदिर प्रांगण, केतार लोहिया समता उच्च विद्यालय, चतुभुर्जी मां के मंदिर प्रांगण और पांचाडुमर थाना परिसर में लगाए गए पौधे आज फल फूल दे रहे हैं। वहीं, छतरपुर के पंचायत डाली बाजार के मुखिया सह विपिएसए संस्था के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने कहा कि बचपन से ही इस मंदिर में पूजा अर्चना करते आ रही हूं। देवी की बहुत बड़ी महिमा है। मंदिर के पुजारी और मेला कमेटी के लोगों में बालमुकुंद पाठक, हेमंत पाठक, कामेश्वर वैद्य, रमेश दुबेदी आदि ने कहा कि पर्यावरणविद द्वारा इसके पहले लगाए गए पौधे फल फूल दे रहे हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**

**शुद्धि -पत्र**

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अल्पकालिन ई–निविदा सूचना सं0–RWD/SD/LATEHAR/10/2022-23 जिसका P.R. NO–293913 है, में कॉलम संख्या–5 का (II) में जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा किया जायेगा।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार

PR294353 (Rural Development)22-23*D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त डेलीमार्केट थाना काण्ड सं0–16/17, दिनांक–01.06.2017, धारा–406/420/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी 1. आकाश सिंह उर्फ धर्मेन्द्र कुमार सिंह, पे0–स्व0 सच्चिदानन्द, सा0–लोहिया नगर, थाना–सहायक थाना लोहिया नगर, जिला–बेगुसराय(बिहार) 2. जान्हवी सिंह, पति–आकाश सिंह उर्फ धर्मेन्द्र कुमार सिंह सा0–लोहिया नगर, थाना–सहायक थाना लोहिया नगर, जिला–बेगुसराय(बिहार) 3. भोला यादव उर्फ हिरालाल यादव, पे0–केदार राय, सा0–मिरजापुर, थाना–आहियापुर, जिला–मुजफ्फरपुर (बिहार) के विरूद्व माननीय न्यायालय के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त 1. आकाश सिंह उर्फ धर्मेन्द्र कुमार सिंह 2. जान्हवी सिंह, पति–आकाश सिंह उर्फ धर्मेन्द्र कुमार सिंह 3. भोला यादव उर्फ हिरालाल यादव के बारे कोई जानकारी प्राप्त होने पर या पता चलने पर इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, राँची। – 9431770077
थाना प्रभारी, डेलीमार्केट, राँची। – 9431706163

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 294423 Police(23-24)D

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

ज्ञापांक .................. दिनांक ........................

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 08/2022–23 (2nd Call)

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डो में कुल 1374 चापाकल अधिष्ठापित है। चापाकल पर मे0 न0 नि0/वार्ड सं0 एवं चापाकल नम्बर निला रंग से एशियन पेन्ट किया जाना है। इच्छुक पेन्टर दिनांक 13.04.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में प्रति चापाकल का दर/कोटेशरन जमा कर सकते है। कोटेशन के साथ निविदा शूल्क मो0 1,000/- रू0 (जो वापस नहीं किया जाएगा) एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 5,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। कोटेशन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, GST की प्रति साथ संलग्न करना होगा। कोटेशन दिनांक 13.04.2023 को 2.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशनदाता/प्राधिकृत व्यक्ति कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है।

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 294497 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 03/वर्ष 2022–23**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 12.04.2023 को 11.00 बजे पूवाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 13.04.2023 को 12.00 बजे अपराह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 13.04.2023 को 02:00 बजे अपराह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. **कार्य का नाम**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 10 अदद चापाकल अधिष्ठापन | 8,29,626/- | 16,600/- | 5,000/- | एक माह |
| 2 | 10 अदद चापाकल अधिष्ठापन | 8,29,626/- | 16,600/- | 5,000/- | एक माह |
| 3 | वार्ड नं0 09 से 12 तक 12 अदद चापाकल अधिष्ठापन | 9,95,551/- | 19,950/- | 5,000/- | एक माह |

नोट :– निविदा संबंधी शर्त के लिए नगर निगम सूचना पट पर अवलोकन किया जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम

PR 294477 Urban Development and Housing(22-23)#D

## स्पोर्ट्स



भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु मैड्रिड स्पेन मास्टर्स ,सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से सीधे गेम में 8-21,8-21 से हार गईं हैं।

## इंडोनेशिया की तुनजुंग ने 29 मिनट में 21-8, 21-8 से हराया, पहली बार जीता वर्ल्ड टूर खिताब

# स्पेन मास्टर्स के फाइनल में पीवी सिंधु की हार



एजेंसी

**स्पेन।** डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हार गई हैं। उन्हें इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग ने 21-8, 21-8 से सीधे गेम में हराया। 29 मिनट चले इस मुकाबले में वर्ल्ड नंबर-12 तुनजुंग ने भारतीय स्टार को वापसी का मौका नहीं दिया। यह तुनजुंग की सिंधु के खिलाफ यह पहली जीत है। उन्होंने पहली बार वर्ल्ड टूर का टाइटल भी जीता है।

### तुनजुंग को सात बार हरा चुकी हैं पीवी सिंधु

इस मैच से पहले इंडोनेशियाई खिलाड़ी को पीवी सिंधु ने 7 बार हराया था। यहां से तुनजुंग के खिलाफ विजयी रिकॉर्ड तोड़ा है। बतातें चलें कि 12वें नंबर की तुनजुंग ने सेमीफाइनल में टॉप सीड और रियो ओलिंपिक चैंपियन कैरोलिना मारिन को हराया था, जबकि सिंधु ने सेमीफाइनल में सिंगापुर की येओ जिया मिन को 24-22, 22-20 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। इस मैच से पहले सिंधु का पलड़ा भारी माना जा रहा था। इस मुकाबले से पहले सिंधु और येओ जिया मिन 3 बार एक-दूसरे का सामना किया था, जिसमें सिंधु ने तीनों बार बाजी मारी थी। दोनों खिलाड़ियों की आखिरी मुलाकात बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में हुई थी, जिसमें सिंधु ने 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की थी। अब दोनों खिलाड़ियों का रिकॉर्ड 4-0 का हो गया है।

### इस साल पहली बार फाइनल में पहुंचीं सिंधु

सिंधु के लिए इस साल किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने का यह पहला मौका है। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधु लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी करते हुए लय हासिल करने के लिए जूझ रही थीं और इस साल के पिछले कुछ टूर्नामेंटों में दूसरे राउंड की बाधा को भी पार नहीं कर पा रही थीं। इससे पहले सिंधु इस साल लगातार तीसरे टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर हुई थीं। वह इस साल जनवरी में खेले गए इंग्लैंड ओपन, मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के पहले दौर से बाहर हो गई थीं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बलियापुर में भाजपाइयों ने कोयला लदे वाहन को पकड़ कर पुलिस को सौंपा



बलियापुर (आजाद सिपाही)। बलियापुर क्षेत्र में बेतहाशा हो रहे अवैध कोयला कारोबार को लेकर अब भाजपाईयों ने भी मोर्चा खोल दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार की देर रात बलियापुर चौक से एक अवैध कोयला लदा 407 वाहन पकड़ और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि चालक व खलासी मौका देख फरार होने में कामयाब रहे। दूसरी ओर बलियापुर थाना प्रभारी पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि उक्त वाहन को पुलिस ने पकड़ा है। वाहन मालिक, चालक व अवैध कार्य में संलिप्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जबकि भाजपाइयों के अनुसार अब बलियापुर में कोयले का अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा। इस गतिविधि के खिलाफ अगर प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगा तो वे लोग ग्रामीणों के सहयोग से अवैध कोयले के वाहनों को पकड़ कर पुलिस को सौंप देंगें। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष मुखर्जी, मंटू रवानी, मिंटू साव, मुखिया उत्तम चौबे, कन्हाई बनर्जी, विद्युत चक्रवर्ती, दीपक गोप, खगेन पांडे, बिरंचि सिंह, विश्वजीत मुखर्जी, गौरांग मंडल, बापी पांडेय, राजेश मुखर्जी, अजय रवानी, कृष्णा रवानी और कालाचंद रवानी आदि मौजूद थे।

### झामुमो ने निरसा के शिवलीबाड़ी में चलाया सदस्यता अभियान, 200 नये सदस्य बने



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत शिबलीबाड़ी उत्तर पंचायत के अली मोहल्ला में सोमवार को झामुमो की ओर से सदस्यता अभियान चलाया गया। जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन के नेतृत्व में लगभग 200 लोगों को सदस्य बनाया गया। सभी ने कहा कि उनकी हर मुसीबत में झामुमो के नेता और कार्यकर्ता पास खड़े रहते है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में ही क्षेत्र का सतत विकास होगा। अबकी बार 2024 के विधानसभा चुनाव में निरसा से झामुमो का ही विधायक बनेगा। कार्यक्रम में जिप सदस्य मो गुलाम कुरैशी, मो समसुद्दीन, मो मनव्वर, अनवर अंसारी, मो इस्तेखार, मो शाहरुख, सद्दाम अंसारी, मो कलाम, बरकत अली, मो चुन्नू, मो रणवीर आदि मौजूद थे।

### कब्जे की सूचना पर बीसीसीएल प्रबंधन ने ध्वस्त कराया बंगला, मलवे को बटोरने में जुटे लोग



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। कनकनी कोलियरी के सेंद्रा में मुख्य सड़क पर सोमवार को बीसीसीएल अधिकारियों ने एक बंगला को ध्वस्त करा दिया। बीसीसीएल प्रबंधन की माने तो इस बंगले पर किसी गैर कर्मचारियों का कब्जा करने की मंशा थी। राम बहादुर दोर्जी के छोड़ने के बाद यह बंगला खाली पड़ा था। दूसरी ओर, मुख्य सड़क के किनारे होने की वजह से कई कर्मी भी इस बंगले में रहना चाहते थे। सभी इस बंगले में रहने के लिए जोर आजमा रहे थे। बात मंत्रालय तक पहुंच गई। आखिरकार इस बंगले को ध्वस्त करने का निर्णय लेना पड़ा। दूसरी ओर, बंगला ध्वस्त के बाद यहां आसपास रहने वाले गरीब परिवार टूटे बंगला के सामानों से अपना आशियाना बनाने की जुगाड़ करने लगे। ध्वस्त ढेर में लोग अपनी जरूरत की चीजें ढूंढने लगे। गौतम नामक व्यक्ति ने कहा कि हमारी छत से पानी टपकता है। करकट की छावनी काफी जर्जर है। बारिश के दिनों में परिवार सो नहीं पाता हैं। इसलिए ये एस्बेस्टस हमारी मुसीबतों को कुछ आसान कर देगा। आसपास के कुछ लोगों ने कहा कि किसी गरीब के पास रहने को छत नहीं है और बीसीसीएल बने बनाये घर को ध्वस्त कर रहा है।

### उड़िया समाज ने धूमधाम से मनाया उत्कल दिवस



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। उड़िया समाज ने सोमवार को कालीपहाड़ी चौक स्थित डीवीसी श्रम कल्याण केंद्र में धूमधाम से दो दिवसीय उत्कल दिवस मनाया। जिसमें उप मुख्य अभियंता संचार दिलीप कुमार देवरी के अलावा उप मुख्य अभियंता कंस्ट्रक्शन पीसी बारीक भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने किया। वक्ताओं ने कहा कि एक अप्रैल 1936 को उड़ीसा-बिहार से अलग राज्य बना था। इसी दिन को उत्कल दिवस या ओडिशा दिवस के नाम से जाना जाता है। डीवीसी के मैथन एवं पंचेत परियोजना में कुल 20 उत्कल परिवार कार्यरत है जो प्रति वर्ष मैथन श्रम कल्याण केंद्र में कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से उत्कल दिवस मनाते हैं। प्रथम दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत उत्कल बंदना गीत की प्रस्तुति, ओड़िया भजन, जगन्नाथ भजन से किया गया। जबकि दूसरे दिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता,चित्रांकन प्रतियोगिता एवं म्यूजिकल चेयर महिलाओं के लिए आयोजित किया गया। दूसरे दिन सामूहिक भोजन का आयोजन रखा गया सामूहिक भोजन के बाद पुरस्कार वितरण एवं ओड़िया बंधु मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ । कार्यक्रम को सफल बनाने में उप मुख्य अभियंता पीसी बारिक, उप मुख्य अभियंता डीके देवरी, जन्मेजय पंडा, एसआर जेना, समर प्रधान, विश्वरंजन स्वाइन आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### रामकनाली में श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ का आयोजन, निकली भव्य कलश यात्रा



तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)। चार दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ को लेकर सोमवार को रामकनाली से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो पूरे शहर का परिभ्रमण करते हुए कतरास सूर्य मंदिर नदी किनारे पहुंची। जहां 500 कुमारी कन्या व महिलाएं जल भरकर पुन: करेश्वर महादेव मंदिर रामकनाली पहुचीं। पूजा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि सोमवार से छह अप्रैल तक चलने वाले चार दिवसीय रूद्र महायज्ञ में पहले दिन जल यात्रा मंडपप्रवेश होगा। चार अप्रैल को विद्वान पंडितों द्वारा बेदी पूजन के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा और छह अप्रैल को पूणार्हुति के साथ महाभण्डारा का आयोजन किया गया है। मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष अमरेश कुमार, सचिव प्रगति कुमार, कोषाध्यक्ष अर्जुन प्रजापति, संतोष स्वर्णकार, अर्जुन चौधरी आदि थे।

## क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना हुआ है चोरों का गैंग, घर के सामने लगे बल्ब तक कर ले रहे चोरी

# चोरी की बाइक समेत दो गिरफ्तार, एक फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गए चोरों को थाने ले जाती पुलिस।

**फुसरो/बेरमो।** चंद्रपुरा थाना अंतर्गत मकोली राधा कृष्ण मंदिर के पास से स्थानीय लोगों ने चोरी की बाइक से साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान अवधेश चौहान और शाहिल के रूप में हुई है। अवधैश मकोली नीचे धौड़ा का रहने वाला है। जबकि इसी घटना में संलिप्त मकोली नीचे धौड़ा निवासी गुड्डू ठाकुर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। जानकारी के मुताबिक चोरी की बाइक को एक बड़े वाहन में लाद कर उसे बेचने जा रहा था। तभी स्थानीय लोगों ने बाइक को पहचान लिया और उसे वहीं रोक लिया। लोगों ने चोर और टाटा मैजिक के चालक फुसरो के राजाबेड़ा निवासी शाहिल को कब्जे में ले लेने के बाद इसकी सूचना चंद्रपुरा पुलिस को सूचना दी। बाइक मकोली ऊपर धौड़ा निवासी दामोदर सिंह की बताई जा रही है, जो अस्वस्थ होने के कारण विगत 2 महीने से अपने गांव औरंगाबाद में रह रहे हैं। चोरों ने उनके घर के लोहे का गेट भी कबाड़ लिया है। इसकी सूचना पाकर चंद्रपुरा थाना के एएसआई विक्रम आदित्य कुमार मुर्मू पहुंचे और आरोपित को चंद्रपुरा थाना ले गए। साथ में चोरी में उपयोग किए टाटा मैजिक गाड़ी को भी थाने ले गए। वहीं, सूरज सिंह ने बताया कि उनके घर के बगल में रहने वाले दामोदर सिंह के घर का गेट पहले ही उखाड़ ले गए थे। इसके बाद घर में रखी बाइक भी ले भागे। ये लोग विगत तीन-चार महीने से यह काम कर रहे हैं। घटना को अंजाम लेने वाले चोरों में संभवतः 10 लोक शामिल हैं। इसके लिए थाना में कई बार आवेदन भी दिया गया है। सीसीएल के स्टोर, स्कूल आदि स्थानों से पुराने लोहे को ये लोग चोरी कर ले जा चुके है। वहीं, उमेश यादव नामक व्यक्ति ने बताया कि चोर हमेशा घरों के बाहर लगे बल्ब खोल लेते हैं। इनके डर से अब घर के बाहर कोई बल्ब नहीं लगाता है। आज ये लोग रंगे हाथ पकड़े गए हैं।

## भारतीय सिनेमा में भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आधार बनाने की जरूरत है : नंद कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** धनबाद के यूनियन क्लब सभागार में सोमवार को झारखण्ड चित्रपट की ओर से 23 से 25 जून को रांची में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश रमण ने किया। इस अवसर पर आयोजित संवाददाताओं को संबोधित करते हुए चित्रपट झारखण्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय सिनेमा में आज अपने समृद्ध भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आधार बनाने की नितांत आवश्यकता है। जिन सांस्कृतिक मूल्यों के विषय को लेकर भारतीय सिनेमा की शुरूआत हुई थी, आज उसमें काफी बिखराव दिखने लगा है। इसीलिए चित्रपट झारखण्ड का गठन किया गया है। यह संगठन राज्य में लगातार कार्यशालाओं का आयोजन करके एक तरफ श्रेष्ठ फिल्म निमार्ताओं की टीम खड़ी कर रहा है। वहीं युवाओं के रोजगार के अवसर भी सृजित कर रहा है। चलचित्र महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए चित्रपट झारखंड के अधिकारी राकेश रमण ने बताया कि झारखंड राज्य की भाषा संस्कृति और जनजातीय जीवन को केंद्र में रखकर यह महोत्सव किया जा रहा है। जिसमें राज्य के फिल्मकार मात्र 250 और 100 रुपये का शुल्क भरकर प्रतिभागी बन सकते हैं। साथ ही पोस्टर पर दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके भी जानकारी ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि महोत्सव में झारखण्ड के फिल्मकारों के लिए कुल मिलाकर दो लाख रुपये के पुरस्कार भी रखे गये हैं। इस मौके पर योगेंद्र कुमार तुल्स्यान, शैलेंद्र भट्ट, सुरोजित घोषाल और बबलू कुमार चित्रपट आदि उपस्थित थे।

## वीर शहीद रघुनाथ महतो के नाम पर भूखंड आवंटित रखी जायेगी पार्क की आधारशिलाः राजेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** चुआड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो की 245 वीं शहादत दिवस पांच अप्रैल को तेलमोचो पुल के निकट लोहपट्टी गांव में मनाई जाएगी। इस अवसर पर शहीद रघुनाथ महतो वाटिका का शिलान्यास भी किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए धनबाद व बोकारो से हजारों लोग शामिल होंगे। इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की धरती से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंकने आले चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो को लेकर लोगों में काफी सम्मान व गौरव की भावना है। उक्त बातें जिप सदस्य राजेश महतो ने कही। वे सोमवार को कुरा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए तेलमोचो पुल में शहीद स्मारक के रूप में रघुनाथ महतो पार्क की आधारशिला रखे जाने की जानकारी दी। वहीं, अध्यक्ष नरेश महतो एवं सचिव सुबोध महतो ने संयुक्त रुप से कहा कि पांच अप्रैल 1778 को अंग्रेजी शासन के खिलाफ देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी, चुहाड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो ने शहादत दी थी। हजारों कुड़मि समूदाय के लोग भारत की स्वतंत्रता के प्राणों की आहूति दे दी। शहीदों के सम्मान में अगर कहीं कोई स्मृति के रूप में पार्क बन रहा है तो उसका धर्म के नाम पर कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर विरोध किया जा रहा है। वीर शहीद रघुनाथ महतो के नाम पर भूखंड आवंटित है। एनएचएआई ने जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दे दिया है। 10 साल से वह भूखंड खाली पड़ा था। उस पर किसी का ध्यान नहीं गया।

## भुरुंगिया में लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन, सेवाग्राम टीम बनी विजेता

## भगवान श्रीराम की आदर्श जीवनी को आत्मसात करने की जरूरतः धनेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** भुरुंगिया सोलह आना समिती की ओर से रामनवमी पूजा के उपलक्ष्य में भुरुंगिया स्थित काली मंदिर प्रांगण में विराट लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 6 टीमों ने भाग लिया। इसमें बजरंग अखाड़ा दल सेवाग्राम, पारजोरिया, कांड्रा, रामपुर टुंडी, कुंभरी, भुरुंगिया सहित अन्य क्षेत्र से टीम शामिल हुई। इस दौरान पारजोरिया के बालिकाओं ने लाठी का उम्दा प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, धनबाद भजपा जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, के अलावा जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष रवानी, अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा के प्रखंड अध्यक्ष विनोद रवानी, मुखिया पिंकी देवी, पंसस समिती रूपदेव रवानी, समीम शेख, पूर्व मुखिया परमेश्वर रवानी, मुखिया प्रतिनिधि कैलाश रवानी, वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, अतिथियों ने खेल का शुभारंभ हनुमान जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित और दिप प्रज्वलित कर किया। इस बीच समिति के सदस्यों ने अतिथियों को भगवा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, अतिथियों ने कहा कि वर्तमान समय में हमसभी को भगवान श्रीराम के जीवनी को आत्मसात करने की जरूरत है। इस तरह के खेल एवं प्रदर्शन के आयोजन से युवाओं में प्रतिभा का निखार होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोलह आना समिति के अध्यक्ष पूरन रवानी ने किया। इस लाठी प्रतियोगिता के मुकाबले में महुदा सेवाग्राम की टीम विजयी हुई। वहीं पारजोरिया उप-विजेता बने। खेल के बाद अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सचिव राजन रवानी, कोषाध्यक्ष शिवकुमार रवानी, उपाध्यक्ष श्रीनाथ गोप बिरजू रवानी, जीतन रवानी, बड़ा बिरजू रवानी, किशोर रवानी, नाथू रवानी, प्रेम रवानी, चक्रधर रवानी संतोष रवानी, सुभाष रवानी, जगदीप रवानी, अरविंद गोप आदेश रवानी, बाबूलाल गोप, रंजीत रवानी का योगदान अहम रहा।


**Office of Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**
**Very Short Tender e- Procurement Notice**
**(1st Call)**

Tender reference:- HZB/UNTIED/DT/24/2022-23 (1st Call) — Date :- 31.03.2023

| Sl. No | Particulars | Details | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Construction of Drilled Tube Wells of 125 mm x 115 mm dia. x 60.00 Mtr. avg. depth with installation of India Mark -II ( I.S. 15500 Part -2/2004) Hand Pump in differet places of District Hazaribagh under D. W. & S. Division Hazaribagh for the year 2022-23 on "TURN KEY BASIS". [Head-Untied Fund] | | | | | |
| | | Group No. | No. of D/T | Estimated Cost (in Rs.) | E. M. Required (in Rs.) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
| | | HZB/UNTIED/DT-01 | 23 Nos. | 19,12,967/- | 40,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 05.04.2023 up to 02:00 PM | | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 12.04.2023 upto 05.00 PM | | | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 13.04.2023 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag | | | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 15.04.2023 at 03.30 AM | | | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | | | |

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR 294447 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

कार्यालय
झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़, रामगढ़ कैंट
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक ............/ दिनांक ......................./

**Corrigendum**

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना रामगढ़ का कार्यालय पत्रांक–1216, दिनांक–21.03.2023 के द्वारा रामगढ़ जिले में संचालित सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में आवश्यक सामग्री क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई है जिसका PR No.-293270, दिनांक–21.03.2023 है। उक्त अल्पकालीन निविदा में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है–

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की संशोधित तिथि–10.04.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र समर्पित करने की संशोधित तिथि–13.04.2023 को अपराह्न 12:30 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि–13.04.2023 को अपराह्न 01:30 बजे।
4. पैकेजवार समर्पित की जाने वाली अग्रधन की राशि निम्नवत है–

| पैकेज संख्या | मद | अग्रधन की राशि प्रति विद्यालय |
|---|---|---|
| 1 | खाद्य पदार्थ | 50000/– |
| 2 | हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर, इत्यादि | 25000/– |
| 3 | पोशाक एवं अन्य वस्त्र | 25000/– |
| 4 | स्टेशनरी इत्यादि | 25000/– |

5. वित्तीय वर्ष 2021–22 का Turn Over की स्वच्छ स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति CA द्वारा निर्गत।

| पैकेज सं० | मद | टर्न ओवर की राशि |
|---|---|---|
| 1 | खाद्य पदार्थ | 25 लाख |
| 2 | हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध एवं पनीर इत्यादि | 03 लाख |
| 3 | पोशाक एवं अन्य वस्त्र | 15 लाख |
| 4 | स्टेशनरी इत्यादि | 10 लाख |

6. पूर्ण एवं आवश्यक निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए (प्रत्येक पैकेज के लिए) Sarva Shiksha Abhiyan, Ramgarh के नाम से अप्रतिदेय (Non Refundable) 1000/- रूपये (एक हजार रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट में देना अनिवार्य है।
शेष शर्तें पूर्ववत रहेगा तथा निविदा में किसी भी प्रकार की संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार जिला स्तरीय क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़।

PR 294496 (District) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार जिला खनन कार्यालय, लातेहार।
(खनन शाखा)
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

–:: आम सूचना ::–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदेशानुसार, लातेहार जिला के बरवाडीह/चन्दवा/लातेहार/महुआडांड़ थानान्तर्गत क्षेत्र में निम्नांकित मात्रा में जप्त भण्डारित लघु खनिज यथा पत्थर (पत्थर चिप्स) एवं बालू खनिज का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017, 2019 के नियम–54A के तहत् निम्नांकित थानान्तर्गत स्थल पर भण्डारित पत्थर एवं बालू खनिज का आम नीलामी अपर समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में दिनांक–08.04.2023 को समय 4:00 बजे अपराह्न में जिला समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत् निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा।

भण्डारण स्थल का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | थाना का नाम | जप्त भण्डारित खनिज के भण्डारण स्थल की विवरणी | खनिज का नाम | खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बरवाडीह काण्ड संख्या–69/22 दिनांक –04.07.2022 | मौजा–पोखरीकला, थाना–बरवाडीह स्थित तौकिर मियाँ के घर के समीप | बालू | लगभग =10,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 10,000 × 7.50 = 75000.00 रूपया (पचहत्तर हजार रूपया मात्र) | 7500.00 |
| | | बरवाडीह थानान्तर्गत बरवाडीह मेन रोड, षांती निकेतन विद्यालय के पास | पपत्थर | लगभग =10,350 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.73 की दर से = 10250 × 12.73 = 131755.50 रूपया (एक लाख एकतीस हजार सात सौ पच्चपन रूपया) | 13176.00 |
| 2. | चन्दवा काण्ड संख्या–123/22, दिनांक–27.10.22 | चन्दवा थानान्तर्गत मौजा माल्हन में रेलवे लाईन निर्माण स्थल के पास | बबालू | लगभग 15000 CFT + 5000 CFT कुल लगभग – 20,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 20,000 × 7.50 = 1,50,000.00 रूपया (एक लाख पच्चास हजार रूपया मात्र) | 15000.00 |
| 3. | चन्दवा, काण्ड सं0–129/22 ,दिनांक–9.11.2022 | मौजा–चिरो, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार | बबालू | लगभग –1,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 1,000×7.50 = 7500.00 रूपया (सात हजार पाँच सौ रूपया मात्र) | 750.00 |
| 4. | चन्दवा | मौजा–मालहन (बैरियाटांड़ टोला), थाना–चन्दवा स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के विद्यालय परिसर में भण्डारित | बबालू | लगभग –1,700 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 1,700 × 7.50 = 12750.00 रूपया (बारह हजार सात सौ पच्चास रूपया मात्र) | 1275.00 |
| 5. | लातेहार काण्ड सं0–283/22, दिनांक–20.11.2022 | मौजा–बारियातु खालसा /चटनाही थाना–लातेहार | बबालू | लगभग (1300 + 3500) CFT = 4800 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 4,800 × 7.50 = 36000.00 रूपया (छतीस हजार रूपया मात्र) | 3600.00 |
| 6. | लातेहार काण्ड संख्या –151/22, दिनांक–04.06.2022 | मौजा–बेंदी, लातेहार थाना (थाना परिसर) | बबालू | लगभग –300 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 300 × 7.50 = 2250.00 रूपया (दो हजार दौ सौ पच्चास रूपया मात्र) | 225.00 |
| 7. | महुआडांड़ काण्ड संख्या–63/2021 | महुआडांड़ थाना परिसर | बबालू | लगभग –300 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 300 × 7.50 = 2250.00 रूपया (दो हजार दौ सौ पच्चास रूपया मात्र) | 225.00 |

उपरोक्त स्थल पर भण्डारित लघु खनिज पत्थर एवं बालू के लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्तों आदि के जानकारी के लिए दिनांक–31.03.2023 से दिनांक–08.04.2023 तक लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,लातेहार।

PR 294389 Mines and Geology(23-24)D

## कोविड-19: फिर दुनिया के टॉप-5 संक्रमित देशों की सूची में पहुंचा भारत

# 24 घंटे में रिकॉर्ड केस मिले, 11 मौतें

**कोरोना से जुड़ी बुरी खबर है। भारत एक बार फिर से दुनिया उन पांच देशों में शामिल हो गया है, जहां इन दिनों सबसे ज्यादा संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, रविवार को संक्रमण की चपेट में आने से 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें चार केरल, तीन महाराष्ट्र और दिल्ली, कर्नाटक और राजस्थान से एक-एक मौतें शामिल हैं। इसी के साथ कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर पांच लाख 30 हजार 892 हो गई है। कोरोना से जुड़ी बुरी खबर है। भारत एक बार फिर से दुनिया उन पांच देशों में शामिल हो गया है, जहां इन दिनों सबसे ज्यादा संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले 24 घंटे के अंदर देश में कोरोना के रिकॉर्ड केस बढ़े हैं। इस बीच, 3,641 लोग पॉजिटिव पाये गये।



इसी के साथ सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 20 हजार 219 हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, रविवार को संक्रमण की चपेट में आने से 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें चार केरल, तीन महाराष्ट्र और दिल्ली, कर्नाटक और राजस्थान से एक-एक मौतें शामिल हैं। इसी के साथ कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर पांच लाख 30 हजार 892 हो गई है।

### दुनिया के पांच सबसे संक्रमित देशों में फिर भारत शामिल

वर्ल्ड मीटर्स के आंकड़ों के अनुसार, भारत एक बार फिर से उन पांच देशों की सूची में शामिल हो गया है, जहां सबसे ज्यादा संक्रमित मिल रहे हैं। रविवार को दक्षिण कोरिया में सबसे ज्यादा 9724 लोग संक्रमित पाये गये। दूसरे नंबर पर रूस में 9,591, जापान में 6290, फ्रांस में 6027 लोग संक्रमित मिले। इसके बाद भारत में 3,641 लोग संक्रमित पाये गये।

# मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर ने टिटिलागढ़-थेरूबाली खंड का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विनीत सिंह ने दिनांक शनिवार को संबलपुर मंडल के टिटिलागढ़-थेरूबाली खंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों पर उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं और उस खंड में चल रही विकास गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने मुनिगुडा, बिसमकटक और थेरूबाली स्टेशनों और खंड में विभिन्न प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया। कर्मचारियों के साथ बातचीत की और सभी मामलों में संरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने बलांगीर-संबलपुर खंड के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया।

### एनसीइआरटी ने सिलेबस से मुगल साम्राज्य का चैप्टर हटाया

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग ने 12वीं कक्षा के लिए इतिहास, नागरिक शास्त्र और हिन्दी के सिलेबस में कुछ बदलाव किये हैं। इतिहास की किताब से मुगल साम्राज्य से जुड़ा चैप्टर हटाया गया है। इसके अलावा हिंदी की बुक से कुछ कविताएं और पैराग्राफ हटाने का निर्णय लिया गया है। अपडेटेड सिलेबस के मुताबिक थीम्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री-पार्ट 2 से मुगल दरबार (16वीं और 17वीं शताब्दी) और शासकों एवं उनके इतिहास से संबंधित अध्यायों को हटाया गया है। नागरिक शास्त्र की किताब से 'यूएस हिजेमनी इन वर्ल्ड पॉलिटिक्स' और 'द कोल्ड वॉर एरा' जैसे चैप्टर हटाये गये हैं। इसके अलावा, स्वतंत्र भारत में राजनीति की किताब से 'जन आंदोलन का उदय' और ह्यएक दल के प्रभुत्व का दौर हटा दिया गया है। इनमें कांग्रेस के प्रभुत्व की प्रकृति, सोशलिस्ट, कम्युनिस्ट पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, भारतीय जनसंघ आदि को पढ़ाया जाता है। 11वीं की बुक थीम्स इन वर्ल्ड हिस्ट्री से 'सेंट्रल इस्लामिक लैंड्स, संस्कृतियों का टकराव और 'द इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन' जैसे चैप्टर हटा दिए गये हैं।

## रामनवमी हिंसा पर कलकत्ता हाइकोर्ट का कड़ा रुख

# पुलिस को लगायी फटकार, ममता सरकार से तलब की दो दिन में रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रामनवमी पर हुइ हिंसा को लेकर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सोमवार को कलकत्ता हाइकोर्ट में सुनवाई हुइ। हाइकोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए 5 अप्रैल तक ममता बनर्जी सरकार से रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, रामनवमी के दिन 30 मार्च को बंगाल के हावड़ा, हुगली, डालखोला में शोभायात्रा के दौरान हिंसा हुई थी। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने हिंसा मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) से जांच कराये जाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि हिंसा के दौरान बम फेंके गये। उन्होंने हिंसा प्रभावित इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की है।



### सीसीटीवी और वीडियो फुटेज मांगे

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि हावड़ा के आसपास प्रभावित क्षेत्रों में शांति कायम करने के लिए उठाये गये कदमों की जानकारी मांगी है। जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य ने बंगाल सरकार को निर्देश दिया है कि हिंसा की घटनाओं से जुड़े सीसीटीवी और वीडियो फुटेज जमा किये जायें। अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया है कि आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त बलों की तैनाती की जाए। अब इस मामले की सुनवाई 6 अप्रैल को होगी।

### सरकार के वकील ने दी दलील

राज्य की ओर से महाधिवक्ता एसएन मुखर्जी ने दलील दी कि शिबपुर में स्थिति नियंत्रण में है। 30 मार्च को और उसके अगले दिन शिबपुर में दो समूहों से जुड़ी हिंसा के सिलसिले में 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# एसबीआइ का सर्वर डाउन होने से ऑनलाइन और यूपीआइ सेवाएं प्रभावित, ग्राहक परेशान

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) के कई ग्राहकों को नेट बैंकिंग और यूपीआइ सेवा के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई एसबीआई उपयोगकर्ताओं ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर बैंक सर्वर धीमी होने के कारण हो रही परेशानी के बारे में बताया है। इन ट्वीट्स में लोगों ने सर्वर डाउन और नॉन-रिस्पॉन्सिव होने की बात कही है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कई ग्राहकों को नेट बैंकिंग और यूपीआइ सेवा के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कइ एसबीआइ उपयोगकर्ताओं ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर बैंक सर्वर धीमी होने के कारण हो रही परेशानी के बारे में बताया है। इन ट्वीट्स में लोगों ने सर्वर डाउन और नॉन-रिस्पांसिव होने की बात कही है। एसबीआइ की जो सेवाएं प्रभावित हैं उनमें नेट बैंकिंग, यूपीआइ भुगतान और आधिकारिक एसबीआई ऐप (योनो) शामिल हैं। इससे पहले एक अप्रैल को भी एसबीआई की ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित रही थी। इससे पहले 1 अप्रैल, 2023 को एसबीआइ ने सर्वर रखरखाव की सूचना दी थी। वार्षिक समापन गतिविधियों के कारण बजे तक आइएनबी/ ओएनओ/यूपीआइ की सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। दोपहर एक बजकर 30 मिनट से चार बजकर 43 मिनट तक इंटरनेट बैंकिंग, योनो और यूपीआइ सेवाओं को बाधित रहने की बात कही गई थी।

अंग्रेजी बोलना सिखें
SPOKEN ENGLISH
AVI ARYAN CLASSES
सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान — आपकी सफलता... हमारा उद्देश्य
ENGLISH FOR ALL
The Institute that gives you fluency, proficiency and confidence
UNDER THE GUIADANCE OF EXPERTS COACH
Courses
- Spoken English
- Group Discussion
- Interview Training
- Personality Development
- Public Speaking
- Body Language
- Grammar A to Z
- Pronunciation Training
आज ही Join करें और पहले ही दिन से अंग्रेजी बोलना सारवें
Free Demo classes
Special Features
Digital Classes Online & Offline
Daily Theory & Practical Classes
15* Years Experienced Trainers
Purely Spoken English Classes
Special GD & Interview Lab
Classes for All Age Groups
Complete English Atmosphere
Psychological and Scientific Methods of Teaching
Extra Care Classes for Poor & Weak Students
Weekly Personality Development And Motivational Seminar
Janki Niwas [BJP Office], Beside Maheswari Sweets, Laxmi Tower, H.B. Road, Kokar, Ranchi-01
Mob.: 7858947328, 8789387791, 9386960072

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now! +91-7903149721
www.universityfly.com

Ranjeet Singh Kundan Singh Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-99341 89684 76673 84788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob: 9939563560, 7004525571, Email id: shivacement1212@gmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for: Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Verma's Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Hologram, Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Phone: (0651) 2217945, 2217497, 9431102920, 9431174445
Visit us at www.vermapress.com, e-mail: vermapress@gmail.com

क्या आप परेशान हैं... विश्व प्रसिद्ध ज्योतिष
गुरु दयाशंकर शास्त्री
काली माता के परम भक्त
16th Times Gold Medalist Astrologer
09878184477
दिव्य चमत्कारी शक्तियों के मालिक
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें। लव मैरीज, मैरीज, वशीकरण, मनचाहा प्यार, जादू टोना, गृह क्लेश, गढाधन विदेश जाने में रूकावट, शादी में अड़चन, किया-कराया, कारोबार में बाधा रूठों को मनाना, पति-पत्नि में अनबन, सौतन व दुश्मन से छुटकारा आदि। यदि आपका पति, प्रेमी, बेटा, या बेटी किसी के वश में हो तो हमसे संपर्क करें।
शक्ति चमत्कार देखे 24 घंटों में घर बैठे फोन पर समाधान

FREE FRANCHISE Just call us: 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
E-mail: alphaeducational.center@gmail.com, Web site: www.alphaec08.com

Helpline No.: 7061812125
www.janyafertilityclinic.com
Janya Hospital
जान्या हॉस्पिटल
नि:संतान दंपतियों, स्त्रियों एवं गर्भवती महिलाओं और बच्चों के इलाज हेतु संपर्क करें!
सुविधाएँ
(1) कृत्रिम गर्भाधान (IUI)
(2) आई.वी.एफ. (IVF)
(3) इक्सी (ICSI, IMSI)
(4) ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर
(5) विशिष्ट सूई द्वारा शुक्राणुओं को निकालना (TESE/MESA/PESA)
(6) एग एवं शुक्राणु डोनेशन प्रक्रिया (Egg & Sperm Donation)
(7) भ्रूण डोनेशन प्रक्रिया (Donor Embryo)
(8) वीर्य एवं भ्रूण का संग्रहण
(9) दूरबीन पद्धति द्वारा जाँच व ईलाज (Lapro Hysteroscopy)
DOCTORS
डा॰ मणि मुक्ता
आई.वी.एफ एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
निः संतानता ईलाज(IVF) पर भारी छूट
ऐश्वर्या रेसिडेंसी, ए-1, अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड, नियर रिलायंस फ्रेस, दीपाटोली, पुन्दाग, राँची, झारखण्ड-834004

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES: SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए: 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

S M TOY & School Furniture
Old Bank Colony, RMCH Road Sadhu Maidan
Shop Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z
For School, Playground, Playschool Park, Playazone, Mails, Backyard, Recreation Zone Society & Anganwadis
PROP. SANTOSH KUMAR 7503729696, 9205624569

रत्न विक्रेता — जय माता दी — रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**